वर्ष- 13 अंक - 273
लखनऊ, शुक्रवार 5 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





गाय को राष्ट्र माता करें घोषित : शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद 10

जनगणना व शिक्षा व्यवस्था में संतुलन बनाकर तय की गई स्थानांतरण नीति : संदीप 03


# पर्यटन को सांस्कृतिक पुनर्जागरण और रोजगार से जोड़ें : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान-विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है। इसलिए पर्यटन विकास को केवल आधारभूत ढांचे तक सीमित न रखकर उसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़कर आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

गुरुवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान और सेवा क्षेत्र को व्यापक अवसर मिलेंगे। बैठक में भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण से जुड़े 'ज्ञान भारतम् मिशन' की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियां भारत की सभ्यता, दर्शन और वैज्ञानिक परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण और



▶ **पर्यटन प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने का महत्वपूर्ण माध्यम**

डिजिटलीकरण से नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 13.70 लाख से अधिक पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, डिजिटलीकरण और संरक्षण किया जा चुका है। पर्यटन नीति-2022 में प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने निवेश और अनुभव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में नीम करोली बाबा सर्किट और बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट विकसित करने के साथ-साथ 'परंपरा' विरासत अनुभव केंद्र, कृषि पर्यटन और वाइनयार्ड पर्यटन जैसी नई अवधारणाओं को प्रोत्साहित करने पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में नव-लोकार्पित नौसेना शौर्य वाटिका और निर्माणाधीन आईएनएस गोमती शौर्य संग्रहालय की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजनाएं युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सैन्य गौरव की भावना को मजबूत करेंगी। वहीं आगरा में निर्माणाधीन छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय में उनके जीवन, स्वराज्य स्थापना, आगरा प्रवास और सुशासन की अवधारणा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। नैमिषारण्य के विकास की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इसे वैदिक ज्ञान, योग, आयुर्वेद और वेलनेस का वैश्विक केंद्र बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यहां धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। मास्टर प्लान के तहत वेद विज्ञान केंद्र, वैदिक थीम पार्क, रिवरफ्रंट, तीर्थयात्री आवास और इंटरप्रिटेशन सेंटर विकसित किए जाएंगे। मिर्जापुर-विंध्याचल क्षेत्र के लिए तैयार हो रहे मास्टर प्लान की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने त्रिकोण परिक्रमा क्षेत्र के समग्र विकास पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि शक्तिपीठों के निकट माता सती की पौराणिक कथा का आकर्षक और प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया जाए।

बैठक में चित्रकूट स्थित प्राचीन सोमनाथ मंदिर के संरक्षण कार्यों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में उनके मूल स्वरूप और ऐतिहासिक प्रामाणिकता को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने दिए सभी होटलों व भवनों की फायर सेफ्टी आडिट के निर्देश
## गड़बड़ी मिलने पर नपेंगे अधिकारी और गरजेगा बुलडोजर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अग्निशमन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी बहुमंजिला भवनों, सरकारी व निजी दफ्तरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी व गैर सरकारी अस्पताल और होटलों की व्यापक स्तर पर सघन जांच करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली में आग लगने की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी ने संबंधित विभागों को जांच कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि संबंधित भवनों में आग से बचाव के सभी उपाय हैं या नहीं। अन्यथा घटना होने की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। माना जा रहा है कि अब नियमों के खिलाफ होटलों—दुकानों और शोरूम व अन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ बुलडोजर जैसी कार्रवाई हो सकती है। दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने की दुखद घटना में 21 लोगों की मौत व कई अन्य घायल हुए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने इस घटना के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में भवनों में आग से बचाव के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी प्रकार के हादसे में जान की रक्षा की जा सके; मुख्यमंत्री योगी ने जीवन को अमूल्य बताते हुए भवनों में अग्नि व अन्य कारणों से होने वाली घटनाओं से व्यक्ति को बचाया जा सके; इसके लिए लोक निर्माण विभाग,विद्युत सुरक्षा निदेशालय, स्थानीय व नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग और संबंधित संस्थाओं के अधिकारी अपने—अपने क्षेत्र में स्थिति भवनों की गहन जांच करें और देखें सुरक्षा के मानकों का पालन हो रहा है या नहीं। अग्निशमन के सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्धता की क्या स्थिति है। अगर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा है तो जरूरी कार्रवाई करते हुए मानकों का पालन कराकर हादसों की रोकथाम को सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अपने आदेश में आगे कहा कि सभी परिसरों में आग बुझाने वाले उपकरणों, आपातकालीन निकास और पानी की उपलब्धता की बारीकी से जांच कर लें। चेकिंग के दौरान जिन भी इमारतों या होटलों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी पाई जाएगी, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर जल्द से जल्द सेफ्टी ऑडिट पूरा करें और कमियों को दूर कराएं। जनता की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अस्पताल में लगी आग, आईसीयू में धुआं भरने से पांच मरीजों की मौत

**मुजफ्फरपुर, समृद्धि न्यूज।**

बहार के मुजफ्फरपुर शहर के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र स्थित प्रसाद अस्पताल में लगी भीषण आग की घटना में अब तक 05 लोगों की मौत हो चुकी है। नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

आग तड़के करीब 3 बजे अस्पताल के आईसीयू वार्ड में लगी थी। इसके बाद देखते ही देखते पूरे अस्पताल में धुआं फैल गया। इससे अस्पताल परिसर के अंदर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि घटना में अब तक 05 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अभी तक की जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगना सामने आया है। इससे आईसीयू वार्ड में लगे एसी में ब्लास्ट हुआ और आग तेजी से फैल गई।

उन्होंने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। घटना के बाद करीब 12 बड़ी-छोटी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। अस्पताल को



खाली कराया गया है। अस्पताल के मरीजों को दूसरे अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। फॉरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है। मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर के औराई निवासी शशांक कुमार, मोतीपुर निवासी गीता देवी, शिवहर जिले के तरियानी निवासी उदय कुमार, कृष्ण नंदन और चंचला कुमारी के रूप में हुई है। वहीं घटना में झुलसे कई लोगों का अभी भी अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनके बारे में ज्यादा जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को अविलंब 4-4 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

# योग को वैश्विक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मिलेगी नई पहचान : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पीएम नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ करते हुए कहा कि योग मानवता के लिए भारत का शाश्वत उपहार है, जो मन, शरीर और आत्मा को एकाकार कर अधिक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण विश्व की प्रेरणा देता है।

प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि अहमदाबाद की धरती से विश्व खेल जगत के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने चैंपियनशिप में भाग लेने आए विभिन्न देशों के खिलाड़ियों का भारत में स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद एक यूनेस्को विश्व धरोहर शहर है और इस ऐतिहासिक नगर में इस वैश्विक प्रतियोगिता का आयोजन पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। मोदी ने कहा कि कुछ दिनों बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा, जिसका मुख्य आयोजन इस वर्ष कोलकाता में होगा। पीएम ने याद दिलाया कि लगभग एक दशक पहले भारत ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे 190 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ। भारत का उद्देश्य अपनी प्राचीन परंपरा को मानवता के स्वास्थ्य और सामूहिक कल्याण से जोड़ना था। मोदी ने कहा कि विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप के माध्यम से योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में नई पहचान मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में योगासन अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भी अपना स्थान



बनाएगा। उन्होंने कहा कि हर बड़े खेल के साथ एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित होता है, जिससे रोजगार और करियर के नए अवसर पैदा होते हैं। योगासन खेल के विस्तार से खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रशिक्षकों, खेल वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और इवेंट प्रबंधन से जुड़े पेशेवरों के लिए भी नए अवसर उपलब्ध होंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग है। आज लोग ऐसे उपायों की तलाश में हैं जो उन्हें लंबे समय तक स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखें तथा योग इसके लिए एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों से हर रोज योग, भगाएगा सारे रोग का संदेश अपनाने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए आयुष मंत्रालय ने 'योग 365' अभियान शुरू किया है। उन्होंने चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने देशों में लौटकर योग के संदेश के दूत बनें और दुनिया भर में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रतियोगिता में चाहे कोई भी विजेता बने, लेकिन इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनकर सभी प्रतिभागी पहले ही चैंपियन बन चुके हैं। उन्होंने प्रथम विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप 2026 के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की।

## केरल में मानसून के दस्तक देने से बदलने लगा उत्तर प्रदेश का मौसम
## कई जिलों में तेज हवा व ओलावृष्टि का अलर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में अगले कुछ घंटों में तेज हवा चलने और ओलावृष्टि की संभावना है। गोरखपुर और बाराबंकी समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश भी हुई है। मौसम विभाग ने कई जिलों को लेकर जारी अलर्ट में कहा है कि अगले तीन–चार घंटों में लखनऊ और आसपास के जिलों में आंधी–तूफान आने और बौछारें पड़ने की संभावना है। इस बीच केरल में मानसून ने दस्तक दे दी है। आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में मानसून दस्तक देने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार मॉनसून भारत में प्रवेश कर चुका है। केरल में मानसून के आगमन की आधिकारिक घोषणा करते हुए मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि अगले तीन से चार दिनों में मानसून कर्नाटक तट से होते हुए गोवा की तरफ आगे बढ़ेगा। रिस्थितियां अनुकूल हैं। 10 जून के बाद मानसून धीमा पड़ सकता है। ऐसा होने से 24 घंटे के अंदर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर तेज बारिश की संभावना बन रही है। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी और गोरखपुर समेत कई जिलों में बौछारें पड़ी हैं। मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में करीब 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती हैं। राजधानी लखनऊ, उन्नाव, फतेहपुर, बांदा, प्रयागराज, कौशांबी, मिर्जापुर, जौनपुर, आजमगढ़, वाराणसी, गाजीपुर और कानपुर , चित्रकूट और सोनभद्र समेत कई जिलों में आंधी–पानी की संभावना है। इससे इन जिलों के तापमान में गिरावट आएगी और जबकि कुछ क्षेत्रों में धूलभरी आंधी और ओलावृष्टि भी हो सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है । किसानों को भी फसल और पशुओं की सुरक्षा के लिए सतर्क रहने को कहा गया है।







# हुजूरपुर सीएचसी में 'प्रोजेक्ट मातृ छाया' के तहत अत्याधुनिक प्रसव केंद्र शुरू

- अब गांव में मिलेंगी निजी अस्पतालों जैसी सुविधाएं
- विधायक सुभाष त्रिपाठी व ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया लोकार्पण
- प्रदेश की पहली ऐसी सीएचसी, जहां उपलब्ध कराई गई अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। 'प्रोजेक्ट मातृ छाया' के अंतर्गत सीएचसी व आकांक्षी ब्लॉक हुजूरपुर में निर्मित अत्याधुनिक प्रसव एवं मातृ-शिशु देखभाल केंद्र का उद्घाटन किया गया। क्षेत्रीय विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि निशांक त्रिपाठी व ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस विश्वस्तरीय सुविधा का लोकार्पण किया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना 'पीएसआई इंडिया' और 'एसबीआई फाउंडेशन' के वित्तीय सहयोग से धरातल पर उतारी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सरकार का संकल्प है। हुजूरपुर सीएचसी में अब गरीब महिलाओं को भी कॉरपोरेट अस्पतालों जैसी सुरक्षित प्रसव सुविधाएं निशुल्क मिलेंगी। वहीं हुजूरपुर, ब्लॉक प्रमुख, अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि इस अत्याधुनिक केंद्र और नवजात शिशु देखभाल इकाई की शुरुआत से क्षेत्र में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। यह ब्लॉक अब स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में जिले के लिए रोल मॉडल साबित होगा। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन, आयुष्मान गोल्डन कार्ड और टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण भी किया गया। विधायक पयागपुर द्वारा उपस्थित जनमानस को बताया गया कि निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए केंद्र पर 35 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है। पूरे परिसर (एएनसी व पीएनसी वार्ड, वेटिंग एरिया, नर्सिंग स्टेशन और स्टाफ रूम) को पूर्ण रूप से वातानुकूलित (एसी) बनाया गया है। इस परियोजना के तहत हुजूरपुर प्रदेश की पहली ऐसी सीएचसी बन गई है, जिसे अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन मिली है। उद्घाटन के बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कविता चौधरी ने दो गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड कर सेवा का शुभारंभ किया। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के तीन जनपदों–बहराइच, हरदोई और बलरामपुर में एक-एक सीएचसी का चयन कर उनका कायाकल्प किया जा रहा है।

## दुबई में युवक की संदिग्ध मौत 19 दिन बाद पैतृक गांव पहुंचा शव

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र कैसरगंज के ग्राम पंचायत कुड़ेनी निवासी एक युवक की दुबई में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद 19 दिन पश्चात उसका शव पैतृक गांव पहुंचा, जहां परिजनों और ग्रामीणों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुड़ेनी निवासी चौधरी पुत्र वारिस अली (लगभग 42 वर्ष) पिछले ढाई वर्षों से दुबई में रहकर ड्राइवर की नौकरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। बताया जाता है कि उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिसकी सूचना वहां रह रहे परिचितों द्वारा परिजनों को दी गई थी। मृतक अपने पीछे तीन नाबालिग बच्चों सहित पूरे परिवार को छोड़ गए हैं।



घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया था करीब 19 दिनों बाद की औपचारिक प्रक्रिया होने के बाद शव को दुबई से भारत लाया गया। शव के गांव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों और शुभचिंतकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद पैतृक गांव कुड़ेनी के कब्रिस्तान में नम आंखों के साथ दफन कर दिया गया उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर मरहूम के लिए दुआएं मांगी।

# परीक्षा केन्द्र राजकीय पॉलीटेक्निक का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

## जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी भर्ती परीक्षा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु 08 से 10 जून 2026 तक दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा-2025 हेतु जनपद में 11 शिक्षण संस्थाओं को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। भर्ती परीक्षा को शासन की मंशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह के साथ परीक्षा केन्द्र राजकीय पॉलिटेक्निक आसाम चौराहा भिनगा रोड का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद प्रधानाचार्य अरूण कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



## उतरौला इकाई में 15वां मंदिर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**समृद्धि न्यूज़, तुलसीपुर, बलरामपुर।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड की उतरौला इकाई में 15वां मंदिर स्थापना दिवस बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शुगर और पावर के समस्त विभागाध्यक्ष समेत सहायक श्रमायुक्त बलरामपुर श्री दिनेश विश्वकर्मा जी और अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ इकाई प्रमुख श्री श्याम सिंह तथा पावर इकाई प्रमुख श्री समीर कुमार सावत द्वारा सपत्नीक विधि-विधानपूर्वक दीप प्रज्वलन एवं पूजन मंदिर के पुजारी मयंकेश त्रिपाठि ने कराया, तत्पश्चात कारखाना परिसर में मातृशक्तियों एवं समस्त अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक कलश यात्रा में सहभागिता की। इसके उपरांत हवन एवं आरती का आयोजन किया गया।

# गोकशी पर भारी बवाल, नहर किनारे मिले अवशेष

- एक्शन में पुलिस, 5 हिरासत में

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले से एक संवेदनशील खबर सामने आ रही है। मटेरा थाना क्षेत्र के मोहरबा गाँव निवासी किसान कैलास की गाय चोरी होने के बाद नहर के पास उसी गोवंश के अवशेष मिलने से पूरे इलाके में भयंकर आक्रोश और तनाव फैल गया है। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। मटेरा थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ पहुँचकर तुरंत स्थिति को नियंत्रित करने और आरोपियों को पकड़ने के लिए गाँव में ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस ने पांच लोगों की गिरफ्तारी भी की है और संदिग्धों से लगातार पूछताछ कर रही है। वही हिंदू संगठन के लोगों ने इस पूरी घटना पर गोकसी करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की माँग की है। बीजेपी के जिला महामंत्री रणविजय सिंह ने मौके का मुआयना कर लोगों को भरोसा दिलाया है। कि जल्द ही इस कृत्य को करने वाले लोगों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी और ऐसे लोगो को किसी भी हालात में बक्शा नही जाएगा।



# खबरें एक नजर में

## प्रधान सहित 14 लोगों पर मारपीट का मुकदमा पुलिस ने दोनों तरफ से की कार्रवाई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में प्रधान सहित 14 लोगों पर बल्बा करने मार पीट करने प्राण घातक हमला करने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों तरफ की तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के इमलिया मिश्र गांव के निवासी पंकज कुमार तिवारी ने कोतवाली देहात में तहरीर दिया है कि उस के भाई ने मुकेश कुमार तिवारी ने गांव के प्रधान राजेंद्र प्रसाद के खिलाफ में घोटाले की शिकायत जिलाधिकारी मुख्य मंत्री से किया था।जिस की जांच चल रही है। भाई मुकेश कुमार अपने चाचा राम दत्त तिवारी के साथ दर्शन करने के लिए बीते 30 अप्रैल को विंध्याचल गया था।तभी से गांव के प्रधान राजेंद्र प्रसाद उस के मोबाइल पर कई बार फोन कर के जांच उठाने के लिए कह रहे थे। बीते दो जून को मुकेश कुमार जब घर पर आया तो अपने ऊपर हमले की आशंका को लेकर खोरहंसा चौकी पर तहरीर लेकर गया।चौकी के सिपाही ने तहरीर लेकर उस को कूड़े दान पर फेक दिया। जब मुकेश कुमार खेत में कुछ काम कर रहा था। तभी प्रधान के समर्थक हमला कर दिया। बचाने के दौरान उस के चाचा राम दत्त तिवारी राम विश्वास को भी लाठी डंडा से मारा पीटा गया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। तहरीर पर प्रधान राजेंद्र प्रसाद जगदीश भगवान दिन महेश मिश्रा रामायण मोहित पवन कुमार अंगद मिश्रा कुछ अज्ञात के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रधान राजेंद्र प्रसाद की तरफ से रामायण मिश्रा ने तहरीर दिया कि वह अपने घर पर बैठा था। पुरानी रंजिश को लेकर पंकज तिवारी अपने भाई मुकेश तिवारी साथी हनुमत लाल के साथ मिलकर हमला कर दिया और मार पीट किया। तहरीर पर पंकज तिवारी मुकेश तिवारी हनुमत लाल राम विश्वास के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों तरफ से मार पीट करने बलवा करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मुझे करनैलगंज से टिकट दिया तो मेरा चुनाव लड़ना तय है : राहुल सिंह चौहान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** एक अनौपचारिक वार्ता के दौरान पत्रकारों से राहुल सिंह चौहान ने बताया कि मेरा राजनीतिक सफर मात्र 3 वर्षों का है इससे पहले मैं छात्र जीवन में था और मुझे यहां कोई नहीं जानता था आज 3 वर्षों के राजनीति में जो भी मैंने हासिल किया वह आप लोगों के सामने है यदि पार्टी ने मुझे भारतीय जनता पार्टी के बैनर से कर्नलगंज विधानसभा से टिकट दिया तो चुनाव लड़ने की हमारी पूरी तैयारी है मैं क्षेत्र की जनता के लिए 24 घंटे तैयार रहता हूं जो भी मुझसे हो सकता है मैं जनता के लिए करता हूं विपक्षी मेरे बारे में क्या कहते हैं इसका मुझे कोई सरोकार नहीं है मेरे लिए सभी मुझसे बड़े हैं इसलिए मैं उनका दिल से सम्मान करता हूं और आगे भी करता रहूंगा मेरे आदर्श बृजभूषण शरण सिंह जी हैं और मैं उन्हीं के मार्गदर्शन में सभी कार्य करता हूँ।



## जिले के पंचायत सहायकों का प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी

### मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पंचायत सहायकों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा। पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन के बैनर तले बड़ी संख्या में सहायक धरना स्थल पर एकत्रित हुए। उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शन में शामिल जिला अध्यक्ष शिवनाथ ने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में पंचायत सहायकों का वेतन ग्राम पंचायत सचिव के बराबर 30 हजार रुपए करना, अनुबंध प्रणाली को समाप्त कर स्थायी सेवा नियमावली बनाना और उन्हें व उनके परिवार को आयुष्मान भारत योजना के तहत जोड़ना शामिल है। प्रदर्शन के बाद, सभी पंचायत सहायकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित अपना ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा। इस अवसर पर हरिओम शर्मा, अवधेश गुप्ता, मनीष कश्यप, स्नेहिल मिश्र, अब्दुल खालिक सहित बड़ी संख्या में पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

# मोतीपुर में रक्तदान शिविर: 40 लोगों ने किया महादान, वरिष्ठजनों ने किया रक्तदाताओं का सम्मान

- सीओ, बीडीओ व भाजपा नेताओं ने बढ़ाया हौसला, मेडिकल कॉलेज की 7 सदस्यीय टीम ने किया रक्त संग्रह

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** 'रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं' के संदेश के साथ बुधवार को सीमा जागरण मंच के तत्वावधान में मोतीपुर थाना परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकार प्रद्युमन सिंह सहित वरिष्ठ जनों द्वारा भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण उसे पर पर तथा द्वीप प्रयोजन के साथ किया गया। शिविर में 37 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की।



कार्यक्रम के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा प्रद्युम्न सिंह, खंड विकास अधिकारी विनोद यादव, सीमा जागरण मंच के प्रांत महामंत्री अनिल कुशवाहा व भाजपा नेता परशुराम कुशवाहा ने रक्तदाताओं व आमजन को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि एक यूनिट रक्त से चार जिंदगियां बचती हैं। 18 से 65 वर्ष का प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन माह में रक्तदान कर सकता है। रक्तदान के उपरांत युवा समाजसेवी एवं सीमा जागरण मंच के प्रांत सह प्रचार प्रमुख योगेन्द्र मौर्य के नेतृत्व में वरिष्ठजनों द्वारा सभी रक्तदाताओं को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित रक्तदान को जीवनशैली बनाने का आह्वान किया।शिविर में मेडिकल कॉलेज बहराइच ब्लड बैंक यूनिट से मेडिकल अफसर डॉ. अली मेहंदी, परामर्शदाता डॉ. नूर मोहम्मद, लैब टेक्नीशियन ज्ञानेंद्र वर्मा, वैभव मिश्रा, हेमंत निषाद, सुधांशु जी व विकास सिंह सहित 7 सदस्यीय टीम मौजूद रही। टीम ने प्रत्येक रक्तदाता की हीमोग्लोबिन, रक्तचाप व वजन की जांच के बाद ही रक्त लिया। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बहराइच मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना था, ताकि सड़क दुर्घटना, प्रसव व थैलेसीमिया पीड़ित गरीब व निराश्रित मरीजों को समय पर रक्त मिल सके। शिविर में समाजसेवी व्यवसायी अनूप मोदी उर्फ मुन्ना मोदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, समाजसेवी कमलेश मौर्य, सुनील सिंह, रनजीत सिंह शाक्य, कमल मौर्य समेत करीब 40 लोगों ने रक्तदान किया।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे से पहले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

- अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने आईजी अमित पाठक एवं जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के साथ बलरामपुर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। आयुक्त ने कार्यक्रम से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, बैरिकेडिंग, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। इस दौरान उन्होंने देवीपाटन मंदिर पहुंचकर मां पाटेश्वरी के दर्शन कर जनकल्याण की कामना करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# भाजपा कार्यालय के नाम पर फर्जी आईडी बनाई

- मीडिया प्रभारी की शिकायत पर आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज, आईडी बनाने वाले की तलाश जारी




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर भ्रामक तथ्य फैलाने और तस्वीरों के गलत इस्तेमाल का मामला सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बहराइच के जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव को शिकायत पत्र सौंपा था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता शिवांकर शुक्ला के अनुसार, उन्होंने 'रुखसाना बहराइच' नाम की एक सोशल मीडिया प्रोफाइल देखी। इस आईडी पर भाजपा बहराइच जिला कार्यालय का बैनर लगा हुआ है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा की तस्वीरें हैं। बैनर के दोनों ओर भाजपा का चुनाव चिह्न कमल भी अंकित है, और उसके आगे एक कुर्सी पर एक महिला बैठी दिखाई दे रही है। जिला मीडिया प्रभारी ने आरोप लगाया है कि इस फेसबुक आईडी के जरिए पार्टी से संबंधित कई भ्रामक और तथ्यहीन पोस्ट साझा की जा रही हैं। उन्होंने इसे भ्रामक प्रचार के लिए इस्तेमाल किए जाने को एक गंभीर और अनुचित विषय बताया। शिवांकर शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक से 'रुखसाना बहराइच' नाम की फेसबुक आईडी के संचालक का पता लगाकर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब आईडी बनाने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही है।

# 23000 एलआईसी एजेंटों में प्रथम स्थान पर रहे गोंडा के अभिकर्ता पवन जायसवाल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** पूरे देश में एक साथ 1 जून को एलआईसी की ओर से लॉन्च की गई न्यू प्लान न्यू जीवनसाथी पर एक कंपटीशन निकाला गया था, जिसमें एलआईसी के वरिष्ठ अभिकर्ता ने पांच पॉलिसी 1 जून को करके पूरे अयोध्या मंडल में लगभग 23000 अभिकर्ताओं में प्रथम रहे। इकलौता पवन जायसवाल को क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर के हाथों मेमोंटो के साथ सम्मानित किया गया, बाकी अभिकर्ताओं को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अयोध्या, मार्केटिंग मैनेजर अयोध्या मंडल, मैनेजर सेल्स अयोध्या मंडल के अलावा काफी संख्या में शाखा प्रबंधक, विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे। पवन जायसवाल ने बताया कि इस गौरवशालीक्षण का श्रेय हमारे भारतीय जीवन बीमा निगम गोंडा के मुख्य प्रबंधक पी सी पांडे, एबीएम सेल्स अजय कुमार त्रिपाठी व एस पी सिंह, विकास अधिकारी एच एन पांडे जी को जाता है क्योंकि उन्ही की प्रेरणा से मुझे यह कामयाबी मिली है। मेरे जीवन का यह ऐतिहासिक पल रहा है।




# हाईरिस्क इलाकों में विशेष नजर: अब तक 3816 टीबी मरीज खोजे

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** देवीपाटन मंडल से ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) उन्मूलन के लिए ज्यादा से ज्यादा मरीजों के चिंहिकरण का काम तेजी से चल रहा है। विभाग की गतिविधि महज जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि संक्रमण की सबसे अधिक आशंका वाले जोखिम क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां सीधे लक्षित कार्रवाई की जा रही है। विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) से शुरू हुए 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान के तहत अब तक मंडल में 3816 टीबी मरीजों की पहचान की गई है। इन सभी मरीजों का इलाज भी शुरू करा दिया गया है। इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत विभाग की मोबाइल मेडिकल टीमें हैं, जो अत्याधुनिक पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों के साथ सीधे संवेदनशील आबादी के बीच पहुंच रही हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक राहुल पटेल ने बताया कि टीमें न केवल पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से टीबी की स्क्रीनिंग कर रही हैं, बल्कि मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता और सामान्य स्वास्थ्य को भांपने के लिए शुगर, ब्लड प्रेशर (बीपी), हीमोग्लोबिन और बॉडी मास इंडेक्स की भी ऑन-स्पॉट जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि मंडल में तय लक्ष्य 1191 के सापेक्ष अब तक 604 विशेष शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों व नियमित ओपीडी के जरिए बीते दो महीनों में कुल 3816 नए टीबी मरीजों को चिन्हित कर इलाज शुरू करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोर्टेबल डिजिटल एक्स-रे स्क्रीनिंग के मामले में अकेले गोण्डा के संवेदनशील समूहों से आने वाले 9,312 लोगों की जांच की गई, जबकि मण्डल के चारों जिलों में इसकी कुल संख्या 36,056 तक पहुंच गई है।



इस पूरी स्क्रीनिंग के दौरान जिन लोगों की रिपोर्ट में हल्के भी संकेत मिले, उनकी तत्काल सीबी-नाट जांच कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप 194 ऐसे मरीजों में टीबी की पुष्टि हुई जिन्हें खुद भी बीमार होने का कोई अंदाजा नहीं था।

## नाबालिग बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, सादुल्लानगर/बलरामपुर।** थाना सादुल्लानगर क्षेत्र के रानीपुर गांव में एक 12 वर्षीय नाबालिग बालक के साथ कथित अप्राकृतिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना 2 जून की बताई जा रही है, जबकि पीड़ित के परिजनों की तहरीर पर 3 जून को मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोप है कि कुछ युवकों ने बालक को कोल्ड ड्रिंक और पैसे का लालच देकर गांव के बाहर जंगल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में थाना सादुल्लानगर में बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शुक्रवार 5 जून, 2026



विश्व पर्यावरण दिवस : योगी सरकार के हरित उत्तर प्रदेश विजन को मिलेगा नया आयाम

# बायोप्लास्टिक अपनाने की बड़ी पहल का होगा शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पर्यावरण संरक्षण, सर्कुलर इकोनॉमी और हरित औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को लखनऊ छावनी स्थित दिलकुशा लॉन में आयोजित होने वाले बायोयुग ग्रीन कमांड-2026 में पारंपरिक प्लास्टिक के विकल्प के रूप में बायोप्लास्टिक को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने की पहल का शुभारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**▸ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में बीसीएमएल और लखनऊ कैंटोनमेंट बोर्ड लॉन्च करेंगे बायोयुग ग्रीन कमांड-2026**



उत्तर प्रदेश को देश का एथेनॉल हब बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही योगी सरकार अब गन्ना आधारित उद्योगों से निकलने वाले नवाचारों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ रही है। प्रदेश में एथेनॉल उत्पादन, जैव ऊर्जा और हरित उद्योगों को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों के बीच बायोप्लास्टिक का यह अभियान सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। भारत की अग्रणी इंटीग्रेटेड शुगर एवं एथेनॉल कंपनियों में शामिल बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड (बीसीएमएल) और लखनऊ कैंटोनमेंट बोर्ड के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में नीति निर्माताओं, उद्योग जगत, रक्षा क्षेत्र, शोध संस्थानों और पर्यावरण विशेषज्ञों का संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में बायोप्लास्टिक को बड़े पैमाने पर अपनाने की रणनीति, उत्पादन क्षमता, निवेश अवसरों और बाजार विस्तार पर विस्तृत चर्चा होगी।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण दो उच्चस्तरीय पैनल चर्चाएं होंगी। पहली चर्चा मैंडेट टू मार्केट : अनलॉकिंग द बायोप्लास्टिक्स वैल्यू चेन इन उत्तर प्रदेश विषय पर केंद्रित होगी, जिसमें राज्य में बायोप्लास्टिक उद्योग के विकास, निवेश संभावनाओं और सरकारी सहयोग पर विमर्श किया जाएगा। वहीं दूसरी चर्चा फ्रॉम मेस मिशन : बायोप्लास्टिक्स फॉर डिफेंस में रक्षा क्षेत्र में बायोप्लास्टिक के उपयोग, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरणीय लाभों पर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे।

# उत्तर प्रदेश में 206 पुलिस अफसरों का स्थानांतरण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में गुरुवार को बड़े पैमाने में पुलिस विभाग में तबादला हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 206 पीपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। लखनऊ में तैनात तकरीबन 12 डिप्टी एसपी का भी तबादला हुआ है।

तबादले के क्रम में मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र कुमार द्वितीय को शाहजहांपुर भेजा गया है। महाराजगंज में तैनात अनुरूद्ध कुमार को महाराजगंज महोबा, अशोक कुमार मिश्रा द्वितीय को भदोही से सेना नायक 30वीं वाहिनी पीएसी गोण्डा, अभिषेक सिंह को कौशांबी से बलरामपुर, अजय कुमार श्रोतिया को झांसी से अमरोहा, पंकज पंत को शाहजहांपुर से रामपुर, उदय प्रता सिंह द्वितीय के गोरखपुर से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया है। लखनऊ में तैनात सतीश कुमार राय को मेरठ में पीएसी की छठवीं वाहिनी भेजा गया है।




लखनऊ में तैनात सहायक पुलिस आयुक्त अभय कुमार मल्ल को बलरामपुर, महोबा में तैनात गौरव उपाध्याय और अंबेडकरनगर में तैनात शुभम कुमार को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर नियुक्ति हुई है। मुख्यमंत्री सुरक्षा से वाराणसी कमिश्नरेट भेजे गए राजेश कुमार सिंह को अब लखनऊ कमिश्नरेट में तैनाती मिली है। कासगंज में तैनात शाहिदा नसरीन को लखनऊ कमिश्नरेट, तो वहीं लखनऊ में तैनात शिप्रा पांडेय को डीजीपी मुख्यालय में आईजी कानून-व्यवस्था के कार्यालय में तैनात किया गया है।

अनुष्का को लखनऊ से प्रयागराज स्थित पीएसी की चतुर्थ वाहिनी, सुरेंद्र शर्मा को लखनऊ से बरेली में पीएसी की 8वीं वाहिनी, वीरेंद्र विक्रम को लखनऊ से कानपुर कमिश्नरेट भेजा गया और अतुल कुमार पांडेय को रामपुर से लखनऊ कमिश्नरेट में नवीन तैनाती दी है। इसी तरह अन्य पुलिस अफसरों का स्थानांतरण हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### एक दिन में पांच करोड़ पौधे लगाएगा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसकी शुरुआत करेंगे। उनके नेतृत्व में पूरे राज्य में एक दिन में पांच करोड़ पौधे लगाये जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों एवं मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। एक बयान के मुताबिक पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की तरफसे मुख्य आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुकरैल वन क्षेत्र में वृहद पौधरोपण होगा। सबसे पहले यहां मुख्यमंत्री पौधरोपण करेंगे। यहां 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके पश्चात राज्य के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों एवं सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा। वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि की भी सहभागिता होगी।

### सुपरवाइजर ने रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के विकासनगर इलाके में एक प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी के सुपरवाइजर ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद की कनपटी में गोली मारकर जान दे दी। घटना के समय वह शराब के नशे में थे। कनपटी में सटाकर परिजन उन्हें गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना विकासनगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-सी सबोली की है। मृतक संदीप सिंह (52) पुत्र जीत बहादुर सिंह थे। वह श्रीराम सिक्योरिटी एजेंसी में सुपरवाइजर थे। परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। मृतक के भाई प्रदीप सिंह के मुताबिक, बुधवार रात करीब 10 बजे संदीप सिंह ने घर के कमरे में अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल ट्रॉमा सेंटर ले गए, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। घटना की सूचना रात 12.22 बजे डायल-112 के माध्यम से पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को कमरे में लाइसेंसी रिवॉल्वर और खून के निशान मिले। साक्ष्य जुटाने के लिए फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल का वैज्ञानिक परीक्षण कराया जा रहा है। शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस अन्य पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है।

### विवाहिता ने लगाई फांसी, पंखे से लटका मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के चिनहट के कंचनपुर मटियारी में 23 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय उसका पति काम पर गया हुआ था। रात करीब एक बजे घर लौटने पर उसने पत्नी को दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका देखा। महिला को 8 महीने पहले ही बेटी पैदा हुई थी। पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान मोनिका मिश्रा (23) के रूप में हुई है। उसके पति आशुतोष तिवारी (24) जोमैटो में डिलीवरी बॉय हैं। आशुतोष ने पुलिस को बताया कि बुधवार देर रात करीब एक बजे वह घर पहुंचे तो पत्नी कमरे में फंदे से लटकी मिली। उन्होंने तुरंत उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मोनिका की शादी करीब पांच साल पहले हुई थी। दंपती की आठ माह की एक बेटी है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाए। मायके पक्ष को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लोहिया अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### कांग्रेस ने भाजपा पर बोला जोरदार हमला, केंद्र की उपलब्धियों और नीतियों पर उठाए सवाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पांच से 21 जून तक जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की घोषणा के बीच कांग्रेस ने सरकार की उपलब्धियों और नीतियों पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा झूठे उत्सव और प्रचार करने में माहिर है, लेकिन जनता के सामने केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार की वास्तविकता उजागर हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में देश को बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक, अधूरे वादों और किसानों के साथ कथित धोखे के अलावा कुछ नहीं मिला। अवस्थी ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों का लाभ मुख्य रूप से बड़े उद्योगपतियों को मिला, जबकि आम नागरिक की आय में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई। उन्होंने दावा किया कि आर्थिक मोर्चे पर आम आदमी लगातार दबाव में है और महंगाई ने परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर केंद्र सरकार की नीतियों का असर भी देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ईरान-इजरायल-अमेरिका से जुड़े घटनाक्रमों के बीच सरकार की विदेश नीति के कारण तेल और गैस की कीमतों का बोझ आम जनता पर पड़ा है, जिससे महंगाई और बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने में व्यस्त है, जबकि जनता रोजगार, शिक्षा, महंगाई और किसानों की समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने दावा किया कि देश की जनता अब सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच अंतर को समझ चुकी है।

# आज से सात जून तक लखनऊ दौरे पर रहेंगे राजनाथ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 5 से 7 जून तक अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के 3 दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान अखिलेश यादव के छोटे भाई और अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास जाएंगे।



सामाजिक, संगठनात्मक और जनसंपर्क से जुड़े कई कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। विभिन्न परिवारों, पार्टी पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के अनुसार, रक्षा मंत्री 5 जून को सुबह 11.05 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद वह हिंद नगर में अशोक मोतियानी, कृष्णा नगर में दर्शन लाल और कैंट क्षेत्र में रूपा देवी के आवास पर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे। इन दोनों लोगों का हाल में ही निधन हुआ है। दोपहर 12.15 बजे विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कैंट स्थित कस्तूरबा पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के आवास जाएंगे। उनके पति प्रतीक यादव की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। वहां से कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर पहुंचेंगे।

**▸ सामाजिक, संगठनात्मक व जनसंपर्क से जुड़े कई कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा**

रक्षा मंत्री शाम 4 बजे दिलकुशा लॉन में आयोजित बायोयुग ग्रीन कमांड कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 5.25 बजे सीतापुर रोड स्थित सेवा अस्पताल में आयोजित राम कथा महोत्सव में शामिल होंगे। दौरे के दूसरे दिन 6 जून को राजनाथ सिंह गोमतीनगर स्थित प्रशांत सिंह अटल के आवास और निराला नगर में भगवती शुक्ला के परिवार से मुलाकात करेंगे। शाम 6 बजे हरदोई रोड स्थित मिलेनियम पैलेस में पश्चिम मंडल-2 के प्रबुद्ध नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद व बैठक करेंगे।

7 जून को अपने दौरे के अंतिम दिन रक्षा मंत्री आलमबाग स्थित जीपी होटल एंड बैंक्वेट में कैंट मंडल-1 के प्रबुद्ध नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 1.10 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। राजनाथ सिंह के इस दौरे को संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती देने और आम लोगों से सीधे संवाद स्थापित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दौरे के दौरान वह विभिन्न सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से जुड़ेंगे।

# 19वीं यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आगाज

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यालय के अंतर्गत 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन द्वारा कमांडिंग ऑफिसर कर्नल (डॉ.) दिनेश कुमार पाठक के नेतृत्व में दिनांक जून से 13 जून 2026 तक दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, तिवारी गंज, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है जिसमें 19 बटालियन के अंतर्गत विभिन्न स्कूल कॉलेज के लगभग 500 कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं ढ्ढ

इस 10 दिवसीय शिविर के दौरान उन्हें सैन्य शिक्षा के अंतर्गत ड्रिल, हथियार चलाना, मानचित्र का अध्ययन,भूमि कौशल-युद्ध कौशल के साथ-साथ आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास आदि का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा ढ्ढ



इसके अतिरिक्त अतिथि विषय विशेषज्ञों के माध्यम से सड़क सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा, महिला सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी अति आवश्यक जानकारी दी जाएगी।

शिविर के दौरान प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाले थल सैनिक कैंप के लिए लखनऊ मुख्यालय की टीम की तैयारी भी कराई जाएगी।

इस शिविर में प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी प्रस्तावित है।

# लड़कियों को दूसरे राज्यों में बेचने वाले गिरोह का खुलासा




**▸ मास्टरमाइंड युवती व नाबालिग समेत चार गिरफ्तार, दो किशोरियां बरामद**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ और रायबरेली की नाबालिग लड़कियों को राजस्थान में बेचने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह की सरगना समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अपहरण में प्रयुक्त कार भी बरामद की गई है। यह मामला मोहनलालगंज क्षेत्र की एक महिला की शिकायत के बाद सामने आया।

गौरा पुलिस चौकी प्रभारी सौरभ सिंह के अनुसार, महिला ने 12 मई को थाने में बताया था कि रायबरेली से आई एक 16 वर्षीय किशोरी उनकी 16 और 12 वर्षीय दो नातिनों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर एक विशेष टीम गठित की। जांच में पता चला कि रायबरेली निवासी प्रिया पटेल ने दोनों किशोरियों का अपहरण कराया और उन्हें बेचने के इरादे से कार से राजस्थान ले जाया गया है। पुलिस टीम ने राजस्थान पहुंचकर दोनों नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया।

जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि यह गिरोह इससे पहले रायबरेली की दो अन्य नाबालिग लड़कियों का भी अपहरण कर उनका सौदा कर चुका था। बुधवार को पुलिस ने रायबरेली से गिरोह की सरगना प्रिया पटेल, अनुराग यादव निवासी कोडरस बिजुर, थाना मिल एरिया, मोहम्मद अख्तर निवासी कोरिहर सताव, थाना गुरुबक्शगंज और दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ा है।

अपहरण में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर उनका अपहरण करता था। उन्हें दूसरे राज्यों में बेचता था। मामले में आगे की जांच जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

# प्रभारी मंत्री व महापौर ने वार्डों का किया निरीक्षण

**▸ नाला निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और महापौर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार सुबह नगर निगम जोन-4 के चार वार्डों का निरीक्षण कर विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया।

इस दौरान अधिकारियों को जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। खरगापुर सरसवां वार्ड के सेक्टर-5 गोमती नगर एक्सटेंशन, गीतापुरी चौराहा और खरगापुर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

संकट मोचन द्वार के पास निर्माणाधीन नाले का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को 19 जून तक कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए। भरवारा-मल्हौर वार्ड में एसटीपी एमिटी रोड स्थित खाली प्लॉट का निरीक्षण किया गया।




क्षेत्र में साफ-सफाई कराने के साथ ही प्लॉट मालिकों को नोटिस जारी कर बाउंड्री वॉल निर्माण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए, ताकि कूड़ा डंपिंग और अतिक्रमण पर रोक लगाई जा सके। चिनहट प्रथम वार्ड में चिनहट चौराहा स्थित बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। यहां अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और व्यापारियों व नागरिकों की सुविधा के लिए बाजार के पास पार्किंग व्यवस्था विकसित करने को कहा गया। मिठाई वाला चौराहा स्थित पीसीटीएस का निरीक्षण किया गया। यहां साफ-सफाई और व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर प्रभारी मंत्री और महापौर ने अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की।

प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वच्छता, जल निकासी, यातायात प्रबंधन और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, चीफ इंजीनियर आरआर मनोज प्रभात समेत नगर निगम के कई अधिकारी मौजूद रहे।

### दिल्ली अग्निकांड के बाद राजधानी के होटलों का डीजी फायर ने किया निरीक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली के मालवीय नगर में हुए भीषण अग्निकांड के बाद फायर विभाग सतर्क हो गया है। डीजी फायर सुजीत पांडेय ने गुरुवार को गोमतीनगर स्थित होटल क्लासिको पहुंचकर फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीजी फायर ने होटल में मौजूद अग्निशमन उपकरणों, फायर अलार्म सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग सिस्टम और अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। डीजी फायर सुजीत पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले से ही आगजनी की घटनाओं को लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दे चुके हैं। उनके निर्देशों के अनुसार प्रदेशभर में नियमित फायर ड्रिल और सुरक्षा ऑडिट कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसके तहत सभी हाईराइज इमारतों, अस्पतालों, होटलों, मॉल और अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की जांच और गहन परीक्षण कराया जाएगा। फायर विभाग के अनुसार प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाकर सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जनहानि को रोका जा सके। मुख्यमंत्री के निर्देश पर संबंधित विभागों को सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने की चेतावनी भी दी गई है।

# आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों का प्रदर्शन, राज्यमंत्री का आवास घेरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों ने गुरुवार को आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। आवास का घेराव करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने योगी बाबा न्याय दो, परीक्षा तिथि घोषित हो जैसे नारे लगाए। करीब 50 की संख्या में अभ्यर्थी हजरतगंज स्थित डालीबाग में आयुष राज्यमंत्री के बाहर इकट्ठा हो गए थे।

सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने अभ्यर्थियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। अभ्यर्थियों का कहना था कि कोर्ट से न्याय मिलने के बाद भी परीक्षा में देरी हो रही है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना था कि साल 2024 की में भर्ती आई थी। वैकेंसी का फॉर्म भरवाने के बाद मामला कोर्ट में चला गया। 2 साल तक कोर्ट में लड़ाई लड़ी, जिसके बाद फैसला उनके हक में आया। अब सरकार से हमारी मांग है कि तत्काल परीक्षा की तारीख और सिलेबस घोषित कर दिया जाए। कोर्ट से न्याय मिलने के बाद किसी भी तरीके की देरी अभ्यर्थियों के लिए नुकसान वाली होगी। प्रदर्शन कर रहे मयंक राय ने कहा कि हम लोग बेहद गरीब परिवार से आते हैं। पूरे परिवार की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है। माता-पिता को हमसे बहुत उम्मीदें हैं और हमें इस नौकरी से अगर नौकरी नहीं मिली तो स्थिति दयनीय हो जाएगी। इसलिए आज हम लोग मंत्री दयाशंकर मिश्र के आवास पर यह गुहार लगाने आए हैं कि हम सभी आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के साथ न्याय करते हुए भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और एग्जाम की तारीख घोषित हो।



एक अभ्यर्थी ने बताया कि पूरे प्रदेश में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के लगभग 60 प्रतिशत पद खाली हैं। सरकार की ओर से 1002 पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जबकि कुल स्वीकृत पद करीब 2100 हैं। इनमें से लगभग 1200 पद अब भी रिक्त पड़े हैं। 2024 वाली वैकेंसी में भी अप्लाई किया, उसके बाद वैकेंसी कोर्ट चली गई। इतने बड़े पैमाने पर पद खाली होने से आयुष और स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में दवाओं के वितरण और फर्मेसी संचालन की व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

## सूचना

श्रीनिधि कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड लखनऊ के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति अपना समस्त प्रशासनिक एवं व्यावसायिक कार्य सी 1/122 गुरु पद रज, सेक्टर-जे, रेत नगर, लखनऊ से संचालित नहीं करती है। इसके स्थान पर दूसरी मंजिल बंसल कंपलेक्स, अयोध्या रोड, इंदिरा नगर लखनऊ- 226016 के कार्यालय से संचालित कर रही है। आप सभी कार्य हेतु इसी कार्यालय पर संपर्क करें।

**सचिव**
**सुशील कुमार अग्रवाल**
**मोबाइल नंबर 9472003765**
**पंजीयन संख्या एनसी-यूपीसी आर 000305/23**

## सूचना



सर्वसाधारण को सूचित करना है कि डेंटल कॉलेज, आजमगढ़ संबंध : वी.बी.एस पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर(उत्तर प्रदेश) की मेरी बैचलर ऑफ़ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) वर्ष 2012 का सर्टिफिकेट नंबर 10251 दिनांकित 02/07/2012 वास्तव में कहीं खो गया है।

**सूचनार्थी**
**प्रियंका मिश्रा पुत्री सुरेंद्र प्रसाद हनुमान घाट, हरिकेशपुरा, मऊ उत्तर प्रदेश**

## बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की अंतर्जनपदीय स्थानांतरण नीति हुई जारी

# जनगणना व शिक्षा व्यवस्था में संतुलन बनाकर तय की गई स्थानांतरण नीति : संदीप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार शिक्षकों की वास्तविक एवं मानवीय समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील है। इसी दृष्टिकोण से शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के लिए विशेष नीति निर्धारित की गई है।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षकों के हितों के संरक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई, विद्यालयों में शिक्षक उपलब्धता तथा जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार जनगणना 2026-27 का कार्य संचालित किया जा रहा है, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं दायित्व निभा रहे हैं। इसी कारण इस वर्ष केवल विशेष परिस्थितियों में ही अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की अनुमति प्रदान की गई है।



अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा द्वारा जारी नीति के अनुसार शिक्षक अथवा शिक्षिका स्वयं, उनके पति या पत्नी अथवा अविवाहित पुत्र-पुत्री के दिव्यांग होने की स्थिति में स्थानांतरण का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त शिक्षक अथवा उनके अविवाहित पुत्र-पुत्री के कैंसर से पीड़ित होने या डायलिसिस पर होने की दशा में भी स्थानांतरण के आवेदन पर विचार किया जाएगा।

शिक्षक दम्पति के मामलों में भी विशेष व्यवस्था की गई है। यदि पति-पत्नी दोनों बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत हैं, तो छात्र-शिक्षक अनुपात को ध्यान में रखते हुए ऐसे जनपद में स्थानांतरण किया जा सकेगा जहां शिक्षकों की आवश्यकता अधिक हो। उन्होंने कहा कि इससे पारिवारिक जीवन और शैक्षिक आवश्यकताओं के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य अत्यंत विषम एवं मानवीय परिस्थिति में मुख्यमंत्री के अनुमोदन के उपरांत स्थानांतरण पर विचार किया जा सकेगा।

## महिला से चेन व मंगलसूत्र लूट का खुलासा

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

- एक के दाहिने, तो दूसरे के बाएं पैर में लगी गोली, मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सदर बाजार थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में कैंट क्षेत्र में महिला से सोने की चेन और मंगलसूत्र लूटने की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध तमंचे, कारतूस, नकदी, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि 25 मई 2026 को कैंट क्षेत्र में एक महिला से सोने की चेन और मंगलसूत्र लूट लिए गए थे। इस संबंध में सदर बाजार थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम लगातार प्रयासरत थी।

बुधवार को संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में शामिल आरोपी मोटरसाइकिल से मछली मार्केट कैंट क्षेत्र से पुवायां की ओर जा रहे हैं और किसी अन्य आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने चांदमारी बट मार्ग पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। कुछ देर बाद संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक दिखाई दिए। पुलिस को देखकर उन्होंने भागने का प्रयास किया और पीछा किए जाने पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में अकरम अली पुत्र जाफर अली तथा रफीक पुत्र नत्थूदीन निवासी गूलरभोज, थाना गदरपुर, जनपद उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) घायल होकर पकड़े गए। अकरम के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और वीवो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ, जबकि रफीक के पास से तमंचा, कारतूस, लूट के माल को बेचकर प्राप्त 21 हजार रुपये नकद तथा बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने बरामदगी और मुठभेड़ के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## चार वर्षीय प्रिया हत्याकांड में खेत की खोदाई जारी, फ्रॉक मिलने से जांच को मिला अहम सुराग

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



चार वर्षीय प्रिया की हत्या कर शव खेत में गाड़े जाने के सनसनीखेज मामले में पुलिस की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। बृहस्पतिवार सुबह करीब 7:30 बजे से कांट थाना क्षेत्र के महानपुर गांव के पूर्व स्थित खेत में पुलिस की निगरानी में दो जेसीबी मशीनों से खुदाई कराई गई। खुदाई के दौरान पुलिस को बच्ची की एक फ्रॉक 11 बजे तक बरामद हुई, जिसकी पहचान उसकी मां दिव्यांशी ने अपनी बेटी प्रिया की फ्रॉक के रूप में की है। फ्रॉक मिलने के बाद पुलिस को मामले में एक महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा है। हालांकि दोपहर खुदाई के बावजूद बच्ची का शव बरामद नहीं हो सका। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मुख्य आरोपी अखिलेश ओर उसका पिता सुरेंद्र घटनास्थल की सटीक पहचान नहीं कर पा रहा है, जिसके कारण शव दफनाने की सही जगह चिन्हित करने में दिक्कत आ रही है। इसी वजह से खेत के विभिन्न हिस्सों में खुदाई कराई जा रही है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को अपने कब्जे में लेकर जांच तेज कर दी है। मामले में नामजद मुख्य आरोपी अखिलेश समेत दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव बरामद करने और घटना से जुड़े सभी तथ्यों को सामने लाने के लिए अभियान जारी रहेगा।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सदर बाजार थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने, मारपीट करने तथा धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस के अनुसार युवती की तहरीर पर पहले ही मुकदमा दर्ज किया जा चुका था और आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस के मुताबिक 28 मई 2026 को एक युवती ने थाना सदर बाजार में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मोहल्ला बारादरी निवासी आसिफ अली ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। जब उसने शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। शिकायत के आधार पर थाना सदर बाजार में मुकदमा संख्या 234/2026 धारा 69, 352 व 115(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मामले में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 की धारा 3/5 की भी बढ़ोत्तरी की गई। गुरुवार को थाना सदर बाजार पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में दबिश दे रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे में नामजद आरोपी ईदगाह तिराहे पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आशिफ पुत्र महबुल्ला, निवासी मोहल्ला बारादरी, थाना सदर बाजार बताया। पुलिस ने आरोपी को मुकदमे में आरोपित धाराओं से अवगत कराते हुए सुबह करीब 10:30 बजे हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रियवृत दुहूण, हेड कांस्टेबल वीरपाल, कांस्टेबल अनुज सैनी तथा कांस्टेबल परिक्षित सैनी शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि महिलाओं से जुड़े अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी।

## छेड़छाड़ व दुष्कर्म के मामले का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना खुदागंज पुलिस ने युवती के साथ छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस के अनुसार 21 मई को थाना खुदागंज क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने, विरोध करने पर गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में ग्राम गैली निवासी शहनावाज पुत्र अय्यूब खां एवं अकरम खां पुत्र महरूदीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर प्रकरण में दुष्कर्म से संबंधित धारा 64(1) बीएनएस की भी वृद्धि की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर थाना खुदागंज पुलिस टीम ने देवहा नदी पुल से खुदागंज आने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपी शहनावाज को सुबह लगभग 10-45 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी ग्राम गैली, थाना खुदागंज का निवासी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0 121/2026 में धारा 333, 74, 126(2), 115(2), 151(3) एवं 64(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आवश्यक कार्रवाई भी प्रचलित है तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

### बिजली के तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत



**मदनापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव केशवपुर निवासी एक मजदूर की कुशीनगर से लौटते समय डीसीएम वाहन के बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई। इस हादसे में कई अन्य मजदूर भी झुलस गए। मृतक की पहचान केशवपुर निवासी सत्य प्रकाश मौर्य 35 पुत्र श्याम पाल के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी नीरज देवी और चार बच्चों पूनम 10 वर्ष सोनू 8 वर्ष शिव 6 वर्ष और सुनील 4 वर्ष के साथ कुशीनगर जनपद की एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने गए थे फिरोजपुर ढूंढा निवासी ठेकेदार। ओमकार पुत्र छोटेलाल जो भट्टे पर मजदूरी का कार्य करता है लगभग 8 परिवारों को 11 सितंबर 2025 को कुशीनगर के बस डीला पांडे भट्टे पर काम कराने ले गया था।3 जून 2026 की शाम सभी मजदूर डीसीएम वाहन से अपने घर लौट रहे थे। भट्टे से करीब एक किलोमीटर आगे बढ़ने पर वाहन ऊपर से गुजर रहे। बिजली के तारों की चपेट में आ गया। इस हादसे में सत्य प्रकाश मौर्य गंभीर रूप से झुलस गया और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।बताया गया हो गई। बताया गया है। की घटना के समय उन्होंने अपनी पत्नी और बच्चों को वहां से उतार दिया था जिससे उनका परिवार सुरक्षित बच गया। हादसे में सुनीता देवी 40 वर्ष पत्नी छोटे लाल निवासी फिरोजपुर ढूंढा और मछला देवी 48 वर्ष पत्नी मनीराम निवासी केशवपुर सहित कई अन्य मजदूर भी झुलस गए। सभी घायलों का उपचार जारी है। हादसे के बाद सभी मजदूर मदनापुर थाना क्षेत्र स्थित अपने अपने गांव लौट आए सत्य प्रकाश मौर्य की मौत की खबर गांव पहुंचते ही इलाके में शोक छा गया।उनकी पत्नी नीरज देवी और बच्चों बच्चों का बुरा हाल है। मदनापुर पुलिस ने शाव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## खबरें एक नजर में

### डॉ. आलोक नियुक्त हुए कुलानुशासक

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं के अनुशासन, प्रशासनिक गतिविधियों के सुचारु संचालन एवं विश्वविद्यालयीय व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह के आदेशानुसार विश्वविद्यालय में कुलानुशासक की नियुक्ति की गई है। कुलसचिव द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार रसायन विभाग के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट डॉ. आलोक कुमार सिंह को विश्वविद्यालय के कुलानुशासक का दायित्व सौंपा गया है। उन्हें छात्र-छात्राओं के अनुशासन, परिसर में शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने तथा प्रशासनिक गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन से संबंधित कार्यों के निष्पादन की जिम्मेदारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि डॉ आलोक राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एनसीसी से जुड़े उनके अनुभव से विश्वविद्यालय में अनुशासन व नेतृत्व क्षमता को मजबूती मिलने की पूरी उम्मीद है। ज्ञात हो कि नवस्थापित विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं प्रशासनिक दक्षता को प्राथमिकता देते हुए लगातार नई व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय परिवार ने डॉ. आलोक कुमार सिंह को नई जिम्मेदारी हेतु शुभकामनाएं दी हैं।

### सरेआम गुंडई, रोडवेज चालक को बस से खींचकर पीटा, कपड़े फाड़े, मुकदमा दर्ज



**जलालाबाद-शाहजहाँपुर।** नगर जलालाबाद में रोडवेज बस के चालक के साथ यात्रियों ने जमकर मारपीट कर दी। बीच सड़क बस रोकने से मना करने पर पांच लोगों ने चालक को बस से नीचे खींच लिया और लात-घूंसों से पीटकर कपड़े फाड़ दिए। हमलावर धमकी देकर फरार हो गए। चालक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना का वीडियो भी चालक के पास मौजूद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ररुआ, थाना बण्डा, तहसील पुवायां जनपद शाहजहाँपुर निवासी तौहीद खां पुत्र इशरार खां उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस संख्या यू पी 27 टी 8910 के चालक हैं। मंगलवार सुबह 11 बजे वह फर्रुखाबाद से सवारी लेकर शाहजहाँपुर आ रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे बस जलालाबाद के डाक बंगले के पास पहुंची तो एक यात्री बीच सड़क उतरने की जिद करने लगा। चालक तौहीद खां ने यात्री से कहा कि यहां बस रोकूंगा तो जाम लग जाएगा, रोडवेज बस स्टैंड पर ही रोकूंगा। इसी बात पर यात्री गाली-गलौज करने लगा। देखते ही देखते उसका एक साथी भी आ गया। जब बस रोडवेज पहुंची तो दोनों के साथ तीन अन्य लोग भी आ धमके। आरोप है कि पांचों ने मिलकर चालक तौहीद को बस से नीचे खींच लिया और लात-घूंसों से जमकर पीटा। मारपीट में चालक के कपड़े तक फाड़ दिए गए। चालक ने बताया कि पूरी घटना का वीडियो उसके पास मौजूद है। उसने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस बुलाई। जाते-जाते हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। चालक ने जलालाबाद थाने पहुंचकर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान ने जनमोर्चा को बताया कि सीसीटीवी और चालक के पास मौजूद वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### मस्जिद के पास जलभराव से लोगों को हो रही परेशानी, समाधान की मांग



**सिधौली, शाहजहांपुर।** कस्बा सिधौली में मस्जिद के पास सड़क पर जलभराव होने से स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जमा पानी के कारण लोगों का पैदल निकलना मुश्किल हो गया है, वहीं दोपहिया वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिससे आसपास के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय निवासी गुलजार, अस्मत अली, मुबारक, मुश्ताक और सिद्धू आदि ने बताया कि सड़क पर पानी भरा रहने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। कई बार लोगों के फिसलकर गिरने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यह समस्या और गंभीर हो जाती है। समस्या से परेशान ग्रामीणों और मोहल्लेवासियों ने प्रदर्शन कर संबंधित अधिकारियों से जल्द समाधान की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि समय रहते जलनिकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई तो लोगों की परेशानियां और बढ़ जाएंगी। उन्होंने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर सड़क से जलभराव हटाने तथा स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

# विधायक अरविंद सिंह के प्रयासों से कांट बस अड्डा निर्माण शुरू, हटाया गया अतिक्रमण

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





लंबे समय से प्रतीक्षित बस अड्डा निर्माण कार्य को विधायक अरविंद कुमार सिंह के प्रयासों से अब गति मिलती दिखाई दे रही है। गुरुवार को बस अड्डा निर्माण स्थल पर प्रशासन ने जेसीबी मशीन से वस अड्डे की वाउन्ड्री के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचाव के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। अतिक्रमण हटाने के साथ ही निर्माण स्थल पर नींव की खुदाई का कार्य भी शुरू करा दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी से भूमि समतलीकरण और खुदाई का काम कराया गया, जिससे बस अड्डे के निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ सके। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि बस अड्डे के निर्माण से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। विधायक अरविंद कुमार सिंह लगातार शासन द्वारा परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए प्रयासरत रहे हैं, जिसके बाद अब निर्माण कार्य की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पुलिस और प्रशासन की निगरानी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## ट्रेन में प्रसव पीड़ा होने पर टीटी ने एंबुलेंस बुलवाकर सीएचसी भेजवाया, महिला ने दिया बेटे को जन्म

- यमुना नगर से बीएड इंट्रेंस परीक्षा देकर बिहार भाई के साथ लौट रही थी महिला



**तिलहर - शाहजहांपुर।** ट्रेन में सफर के दौरान अचानक प्रसव पीड़ा होने पर टीटी ने रेलवे स्टेशन पर एंबुलेंस बुलबकर भाई वहन को सीएचसी भेजवाया। महिला ने बेटे को जन्म दिया। जानकारी के मुताबिक बिहार निवासी भाई वहन हरियाण में बीएड इंट्रेंस की परीक्षा देकर बापस बिहार लौट रहे थे। इसी दौरान महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। और उन्हें तिलहर रेलवे स्टेशन से सीएचसी भिजवाया गया। प्रसूता प्रीति पत्नी पिंटू सिंह के भाई अभिषेक ने बताया कि वह वहन प्रीति के साथ हरियाणा यमुना नगर में बीएड की परीक्षा देकर गंगा सतलुज ट्रेन से भबुआ रोड विहार लौट रहे थे। सुबह उनकी वहन प्रीति को प्रसव पीड़ा होने पर टीटी को बुलाया उन्होंने तिलहर रेलवे स्टेशन पर एंबुलेंस को बुलवाकर अस्पताल भिजवाया। जहां प्रीति ने बेटे को जन्म दिया। इस दौरान स्टाफ नर्स शिवानी, ललिता, वर्षा राठौर व नीलम ने प्रीती का सुरक्षित प्रसव कराया। उसका यह दूसरा बच्चा है। तिलहर से उन्होंने टिकट रिजर्वेशन करा लिया है। शुक्रवार को वह बिहार चले जाएंगे।

### नवागत सहायक श्रम आयुक्त कृष्ण कुमार गुप्ता का स्वागत



**शाहजहांपुर।** जनपद शाहजहांपुर में नवागत सहायक श्रम आयुक्त कृष्ण कुमार गुप्ता द्वारा पदभार ग्रहण करने पर सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट) ने अपने साथियों सहित उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कुंवर मुनीश सिंह परिहार ने श्री गुप्ता को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दीं तथा आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में श्रमिकों के हितों की रक्षा, श्रम कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभागीय कार्यों में और अधिक पारदर्शिता एवं गति आएगी। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर की ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी धरती पर श्री गुप्ता का आगमन जनपद के श्रमिक वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। नवागत सहायक श्रम आयुक्त कृष्ण कुमार गुप्ता ने स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप श्रमिकों के कल्याण, उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान तथा श्रम विभाग की योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी श्री गुप्ता को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस मौके पर कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट) एवं अधिवक्ता मोहम्मद इफ्तार आलम उर्फ इमरान खान, विनोद पाल, सुनील सिंह, लेबर इंस्पेक्टर राजेश सिंह, इमरान खान आदि मौजूद रहे।

## परिवार परामर्श केंद्र में तीन दंपतियों का हुआ समझौता, साथ रहने को हुए राजी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में वैवाहिक विवादों से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। केंद्र में कुल 28 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई, जिनमें से तीन दंपतियों के बीच आपसी मतभेद दूर कर समझौता कराया गया। परामर्श के बाद तीनों दंपति पुनः साथ रहने के लिए राजी हो गए, जिन्हें सकुशल उनके घर भेज दिया गया। परिवार परामर्श केंद्र में थाना सदर बाजार क्षेत्र के एक दंपति का मामला भी सुनवाई के लिए आया। दोनों की शादी लगभग छह वर्ष पूर्व हुई थी। पत्नी गुरुग्राम में रहकर नौकरी करती है। पत्नी का आरोप था कि पति दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था और वे अलग-अलग रह रहे थे। केंद्र में दोनों पक्षों को बुलाकर विस्तृत वार्ता कराई गई। काउंसलिंग के दौरान दोनों को वैवाहिक जीवन के महत्व के बारे में समझाया गया, जिसके बाद दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया। इसी प्रकार थाना कटरा क्षेत्र के एक दंपति का मामला भी केंद्र में आया। दोनों की शादी करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी। पत्नी पिछले एक माह से मायके में रह रही थी। उसका आरोप था कि पति शराब पीकर मारपीट करता है, जबकि पति का कहना था कि पत्नी बिना बताए मायके चली जाती है। इस कारण दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था। परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत कराई गई। समझाने-बुझाने के बाद दोनों ने अपने मतभेद भुलाकर साथ रहने का निर्णय लिया। वहीं थाना कांट क्षेत्र के एक दंपति के बीच भी करीब तीन वर्षों से वैवाहिक जीवन में तनाव चल रहा था। पत्नी पिछले तीन माह से मायके में रह रही थी। उसने ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किए जाने और पति द्वारा सहयोग न करने की शिकायत की। दूसरी ओर पति ने पत्नी पर बिना बताए मायके चले जाने और उसकी बात न मानने का आरोप लगाया। परिवार परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। लंबी बातचीत और समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया तथा भविष्य में मिलजुलकर रहने का भरोसा दिया। इस दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उपनिरीक्षक मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, महिला आरक्षी मोनिका कुमारी, नेहा चौहान, निशा मिश्रा और रश्मि चौधरी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## असंग साहब के प्रवचन कार्यक्रम की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

**सिधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा सिधौली में 10 और 11 जून को आयोजित होने वाले असंग साहब के प्रवचन कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन भी सतर्क नजर आ रहा है। बुधवार दोपहर बाद क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक और सिधौली कोतवाल रविंद्र सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कार्यक्रम के आयोजक एवं सिधौली ग्राम प्रधान पिंटू वर्मा ने बताया कि 10 व 11 जून को असंग साहब का विशाल प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में क्षेत्र सहित आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और श्रोताओं के पहुंचने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारियां की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया तथा आयोजन समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे। आयोजन समिति के सदस्य भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

## बसपा नेता के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

- एसडीएम ने अवैध कब्जा पर निर्माण रुकवाया



**तिलहर-शाहजहांपुर।** जूनियर हाई स्कूल एवं तालाब जाने वाले रास्ते पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। तदोपरांत बसपा नेता अशोक परिवर्तन के नेतृत्व में एसडीएम जीत सिंह राय को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को तहसील में ग्रामीण एकत्र हुए उन्होंने बताया कि खेड़ा बझेड़ा के जरगवां गांव में दो सरकारी तालाब एवं जूनियर हाई स्कूल को जाने वाले रास्ते पर दो भाई अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने झगड़ा करना शुरू कर दिया। एसडीएम जीत सिंह राय ने पुलिस को मौके पर भेज कर कार्य रुकवा दिया तथा जमीन की जांच के लिए राजस्व टीम गठित की। इस दौरान बसपा नेता अशोक परिवर्तन, गजेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, झक्कू वाल्मीकि, नन्हेंलाल शर्मा, मनोज यादव, वेद प्रकाश, बालिस्टर सिंह, भोला यादव, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

# सुशासन एवं सम्मान के साथ संचालित हों जागरूकता कार्यक्रम: प्रभारी मंत्री

**प्रभारी मंत्री ने जन जागरूकता अभियान के सफल संचालन के संबंध में अधिकारियों के साथ की बैठक**




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद सहित पूरे प्रदेश में समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान 5 जून से 21 जून तक चलाया जाएगा। अभियान के सफल संचालन व क्रियान्वयन के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने 5 से 21 जून तक चलने वाले समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना से माननीय मंत्री जी को अवगत कराया। मंत्री ने अभियान को जनसहभागिता व माइक्रो प्लानिंग के साथ सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान अंतर्गत केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाए।

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं सहित समस्त कार्यक्रम सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप संचालित किए जाएं। उन्होंने प्राकृतिक खेती कार्यशाला के लिए आमंत्रित किए जा रहे किसानों की सूची भी उपलब्ध कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अभियान को माइक्रो प्लानिंग बनाकर जनसहभागिता के साथ सफल बनाया जाए। जिलाधिकारी ने जन जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर प्रधानमंत्री की अपील के अनुसार जनपद में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। उन्होंने बताया कि जनपद में 8 लाख 64 हजार पौधों का वृक्षारोपण किया जाएगा तथा उनकी जियो टैगिंग भी कराई जाएगी। फलदार पौधों का वितरण भी किया जाएगा। तालाबों के किनारे वृक्षारोपण हेतु स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय समुदाय का सहयोग लिया जाएगा। साथ ही विशेष स्वच्छता एवं सफाई अभियान भी संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में प्रदेश स्तर पर 35 करोड़ पौधों के वृक्षारोपण का विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। विशेष जन-संपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम 8 जून से 14 जून के अंतर्गत प्रभारी मंत्री, अन्य जनप्रतिनिधि एवं नोडल प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों तक शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं उपलब्धियां पहुंचाने हेतु चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, उद्यमियों, व्यवसायियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित प्रबुद्ध वर्ग के लोगों से संवाद स्थापित किया जाएगा। निकायों में मलिन बस्तियों का चयन कर वहां स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान योजनाओं का लाभ भी पात्रों को पहुंचाया जाएगा। मलिन बस्तियों में संवाद तथा सरकार आपके द्वार स्वरूप जन समस्या समाधान शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। मीडिया संबोधन एवं संवाद 11 जून से 14 जून के अंतर्गत प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा मीडिया को संबोधित किया जाएगा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की अद्यतन उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा।

जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला 14 जून, 2026 से 16 जून, 2026 के अंतर्गत प्रदेश के समस्त विकास खंडों में आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय जन-कल्याण मेलों में समस्त विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इन मेलों में केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कराया जाएगा। विकसित भारत संकल्प सम्मेलन 16 जून, 2026 से 17 जून, 2026 तथा विकास प्रदर्शनी 17 जून, 2026 से 20 जून, 2026) के अंतर्गत सरकार की उपलब्धियों, युवा, महिला एवं गरीब कल्याण कार्यक्रमों, वृहद इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, आध्यात्मिक केंद्रों के विकास तथा उत्तर प्रदेश के सुशासन मॉडल को प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु लगभग 300 प्रबुद्धजनों की सूची तैयार की जाएगी। चयनित प्रबुद्धजन विभिन्न विकास खंडों एवं कार्यक्रम स्थलों का भ्रमण करेंगे। एक प्रबुद्धजन को तीन विकास खंडों अथवा कार्यक्रम स्थलों का भ्रमण कराकर वहां आयोजित जन-कल्याण मेलों, विकास प्रदर्शनी एवं अन्य कार्यक्रमों का अवलोकन कराया जाएगा, जिससे वे योजनाओं एवं विकास कार्यों की जमीनी स्थिति से प्रत्यक्ष रूप से परिचित हो सकें। कार्यक्रम की अवधि में प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा। प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं 18 जून से 19 जून, 2026), अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2026), रात्रि चौपाल एवं विश्रामः अभियान अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शासकीय योजनाओं की समीक्षा एवं जन-शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। 21 जून, 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जनपद, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर मनाया जाएगा। साइकिल एवं पैदल जन-जागरूकता यात्राएं भी आयोजित की जाएंगी। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों तथा जनसामान्य के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करने हेतु एक समेकित अभियान संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम अंतर्गत समस्त गतिविधियां सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप संचालित की जाएंगी। केंद्र एवं राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं के संतृप्तीकरण तथा विगत वर्षों में हुए विकास कार्यों एवं सुशासन मॉडल को समस्त कार्यक्रमों में समाहित किया जाएगा। इस अवसर पर पुवायां विधायक चेतराम, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, एमएलसी डा सुधीर गुप्ता, जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 30 जून तक कराएं ईकेवाईसी, नहीं तो रूक जाएगा आपकी सम्मान निधि

**पीएम किसान सम्मान निधि पाने का किसानों के लिए कृषि विभाग की अपील**

शाहजहांपुर। शासनादेश द्वारा दिए गये निर्देशों के क्रम में जनपद के किसान, जोकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत निरन्तर लाभ प्राप्त करने को वास्तविक एवं जीवित लाभार्थियों को ही लाभ प्राप्त हो सके, यह सुनिश्चित किये जाने हेतु सभी पीएम किसान लाभार्थियों के लिए वार्षिक ईकेवाईसी 30 जून से पूर्व अनिवार्य रूप से कराया जाना आवश्यक है। डीडी कृषि पीके मिश्रा ने बताया कि ईकेवाईसी के लिए किसान लोग बॉयोमेट्रिक ई-केवाईसी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पंजीकृत प्रत्येक पात्र लाभार्थी कृषक परिवार अपनी ई-केवाईसी की प्रकिया बॉयोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन के माध्यम से नजदीकी जन सेवा केन्द्र से करा सकते हैं। फेशियल ई-केवाईसी फेशियल ईकेवाईसी हेतु पीएम किसान मोबाइल ऐप का उपयोग करके या ग्राम नोडल अधिकारी व फील्ड कार्मिकों से सम्पर्क कर पूर्ण करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि कृषक की ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती है तो वह कृषक स्वयं ही अपात्रता की श्रेणी में आ जाएगे एवं उनकी आगामी किस्तों के भुगतान पर भारत सरकार के स्तर से स्वतः ही रोक लग जाएगी, जो कृषक अपनी ई-केवाईसी पूर्ण कर लेंगें उन्हीं कृषकों को भारत सरकार के स्तर से आगामी किस्त हस्तान्तरित हो सकेगी। अभी तक जिन कृषकों द्वारा अभी तक ई0-केवाईसी नहीं करायी गयी है, वह कृषक 30 जून तक स्वंय व जनसेवा केन्द्र से ईकेवाईसी करा लें अन्यथा की स्थिति में उनकी आगामी किस्त अवरुद्ध हो जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### खुदागंज के बेटे ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, डीडीए में हुआ चयन

**खुदागंज,शाहजहांपुर।** नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यापारी एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपा शंकर रस्तोगी के बड़े पुत्र प्रणय रस्तोगी ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर दिल्ली विकास प्राधिकरण में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रणय रस्तोगी के चयन की खबर से परिवार, शुभचिंतकों एवं नगरवासियों में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार, जॉइनिंग से पूर्व उन्हें एक माह का प्रशिक्षण एवं पूर्व अभ्यास कराया जाएगा, जिसके बाद उन्हें विभाग में तैनाती प्रदान की जाएगी। प्रणय की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर रोहित सिंह, सियाराम नायक, सनी गुप्ता, परवेज खान सहित अनेक लोगों ने उनके आवास पहुंचकर शुभकामनाएं दीं और उनकी सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। नगरवासियों का कहना है कि प्रणय रस्तोगी की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा देगी।

### प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर किसानों का चयन: पाठक

**शाहजहांपुर।** उद्यान विभाग के अन्तर्गत संचालित मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना (राज्य सेक्टर के अन्तर्गत नवीन उद्यान रोपण आम, अमरूद, लीची, नींबू में रेगुलर स्पेंसिंग हेतु 10 हेक्टेयर एवं हाई डेंसिटी हेतु 2 हेक्टेयर लक्ष्य प्राप्त हो चुके है। लाभ प्राप्त करने हेतु किसानों को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन हेतु भू-अभिलेख खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति-जनजाति कृषकों हेतु) की छायाप्रति, पासपोर्ट फोटोग्राफ एवं मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर किसानों का चयन किया जाएगा। उद्यान अधिकारी ने किसानों से अनुरोध किया है कि योजना का लाभ प्राप्त करने तथा योजना की अधिक जानकारी के लिए जिला उद्यान अधिकारी के मोबाइल नंबर 9151066860 अथवा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी भूतल विकास भवन में सम्पर्क कर सकते है।

### यौन उत्पीड़न के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**तिलहर-शाहजहांपुर।** शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौर तलब है कि नगर क्षेत्र की एक युवती ने गांव बंथरा निवासी सूर्यांश पर शादी करने का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाने और बाद में वादे से मुकर जाने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त मामले में के आरोपी सूर्यांश सिंह को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है।

## संचारी रोगों की रोकथाम को सीडीओ ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रभावी संचालन के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए संचारी रोगों की रोकथाम हेतु सभी विकास खंडों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में नालियों की नियमित साफ-सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव, झाड़ियों की कटाई तथा फॉगिंग का कार्य तत्काल प्रारंभ कराते हुए सतत रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों



व एमओआईसी को आपसी समन्वय स्थापित कर अपने-अपने क्षेत्रों में संचारी रोग नियंत्रण संबंधी गतिविधियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला मलेरिया अधिकारी को संचारी रोगों से बचाव एवं जन-जागरूकता से संबंधित पंपलेट ग्राम पंचायत स्तर तक वितरित कराने तथा आमजन को स्वच्छता एवं बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए।सीडीओ ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को जनभागीदारी के साथ प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए, जिससे जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। बैठक में सीडीओ के साथ साथ डीडीओ, डीपीआरओ, जिला मलेरिया अधिकारी, सीवीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी एवं समस्त एमओआईसी उपस्थित रहे।

### दु:ख की घड़ी में जो साथ खड़ा हो, वही सच्चा और अपना होता है: डॉ. गुप्ता

**शाहजहांपुर।** आज के समय में रिश्ते और पहचान बहुत मिल जाते हैं, लेकिन किसी के दु:ख को अपना दु:ख समझकर उसके दरवाजे तक पहुंचने वाले लोग बहुत कम होते हैं। समाज उन्हीं लोगों को याद रखता है, जो खुशियों की भीड़ में नहीं, बल्कि दु:ख के सन्नाटे में किसी का सहारा बनते हैं। जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम नौगामा में सुरेश चंद्र के निधन का समाचार मिलने पर डॉ. केपी गुप्ता शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी तथा इस कठिन समय में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। एक समाजसेवी की पहचान केवल भाषणों और मंचों से नहीं होती, बल्कि लोगों के सुख-दु:ख में उसकी भागीदारी से होती है। जो व्यक्ति हर वर्ग, हर परिवार और हर परिस्थिति में लोगों के साथ खड़ा दिखाई दे, वही वास्तव में समाज का अपना कहलाने का अधिकार रखता है।

## विश्व पर्यावरण दिवस: धरा को हरा-भरा करने को आज रोपे जाएंगे 8 लाख पौधे

**सीडीओ ने विभागवार अधिकारियों के साथ बैठक कर लक्ष्यों का आवंटन किया**

**प्रभाकर मिश्रा**

**शाहजहांपुर।** प्रकृति का वरदान और धरा की सुंदरता समेटे हरा भरा वातावरण समाज को हमेशा नई ऊर्जा व दिशा देने का कार्य करता है। जिस देश- गांव का वातावरण अनुकूल होगा, वहां का माहौल स्वच्छ व सुंदर होता है। ऐसे ही हरे भरे वातावरण की आशा भी समाज का प्राणी करता है और क्यों न इस आशा को हकीकत में बदले। आज 5 जून को देश विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा है, इसमें हर व्यक्ति की



भागीदारी व जिम्मेदारी सुनिश्चित हो, कि वो एक पेड़-पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर धरा को हरा भरा रखने के लिए जिला प्रशासन ने भी बीड़ा उठाया है। जिसके लिए शासन से प्राप्त लगभग 8 लाख पौधारोपण के लक्ष्य को धरातल पर लाने के लिए सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने संकल्प लिया है। उन्होंने इसके लिए एक दिन पूर्व अपने दफ्तर में विभागवार अधिकारियों के साथ बैठक कर पौधारोपण करने के लिए प्लान व समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो पेड़ लगने है। उनकी सुरक्षा व संरक्षण पर विशेष फोकस रहे, जियो टैगिंग भी कराई जाए। संभव हो तो गांव गांव ऐसी जगहों को चिंहित किया जाए, जहां पर वृक्षों की छाया आवश्यक हो। सार्वजनिक स्थानों, चौपालों, स्कूल, शमशान घाट, पंचायत घर, सड़कों के किनारे अधिक संख्या में वृक्षारोपण हो। वृक्षारोपण कर लक्ष्य हासिल कर लेना ही पर्यावरण दिवस मनाना नहीं हैं, सबको मिलकर रोपित पौधों की रक्षा करने का दृढ संकल्प लेना चाहिए। तभी हम लोग सच में विश्व पर्यावरण दिवस का संदेश दे पाएगें। सीडीओ ने जनपदवासियों से भी अपील कि वह पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे। पौधारोपण में बढ़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करें।

> विश्व पर्यावरण दिवस मनाने को जनपद तैयार है, सरकार भी प्रतिबध्द है कि ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण हो। जिले में विभागवार लक्ष्य का आवंटन पौधरोपण के लिए किया गया है। मेरे द्वारा बैठक कर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जनपदवासियों से भी अपील है कि ज्यादा संख्या में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे।
>
> -उत्कर्ष द्विवेदी, सीडीओ।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली और डीसीएम की टक्कर में बाइक सवार गंभीर घायल

**मदनापुर, शाहजहांपुर।** कस्बे से गुजर रही ट्रैक्टर-ट्रॉली और डीसीएम के बीच अचानक जोरदार टक्कर हो गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहा बाइक सवार जीत बहादुर, पुत्र मदनपाल, निवासी कस्बा मदनापुर भी वाहनों की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। राहगीरों ने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मदनापुर पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर काफी तेज थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस फरार चालकों की तलाश में जुटी है।

## लोधीपुर खन्नौत नदी के किनारों के घाटों का सौंदर्यीकरण कार्य शुरू

**खन्नौत नदी लोदीपुर के घाटों का होगा कायाकल्प, बदलेगी तस्वीर-तकदीर**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर के सौन्दर्यीकरण व सुव्यवस्थित किए जाने को नगर निगम द्वारा निरंतर कार्य कराया जा रहा है। जिसमें लोदीपुर के खन्नौत नदी के घाट किनारे सौन्दर्यीकरण व रिवर फ्रंट पर कार्य शुरू करा दिया गया है।

लोदीपुर पार्षद रुपेश वर्मा अन्नू ने नगर निगम, सिंचाई विभाग एवं संबंधित कार्यदायी संस्था के साथ खन्नौत नदी क्षेत्र में प्रस्तावित रिवर फ्रंट एवं घाट सौंदर्यीकरण कार्य का



संयुक्त स्थल निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। नगर निगम द्वारा क्षेत्र के समग्र विकास एवं नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खन्नौत नदी तट पर भव्य एवं आधुनिक घाट के निर्माण कार्य को प्रारंभ करा दिया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत नदी तट का सौंदर्यीकरण, बैठने की व्यवस्था, पाथ-वे, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई एवं आकर्षक रिवर फ्रंट का निर्माण कराया जाएगा। पार्षद ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र की पहचान को नई दिशा देने के साथ-साथ पर्यटन एवं जनसुविधाओं को भी बढ़ावा देगी। कार्य प्रारंभ होने से स्थानीय नागरिकों में उत्साह का माहौल है तथा आने वाले समय में यह स्थल शहर का प्रमुख आकर्षण केंद्र बनेगा। अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पार्षद ने कहा कि लोधीपुर स्थित खन्नौत नदी रिवर फ्रंट एवं घाट सौंदर्यीकरण कार्य क्षेत्र के विकास की नई पहचान बनेगा। यह परियोजना स्वच्छ, सुरक्षित एवं आधुनिक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराने के साथ पर्यटन और स्थानीय सुविधाओं को भी बढ़ावा देगी। इस जनहितकारी पहल हेतु वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का हृदय से आभार है।

## डीएम की अध्यक्षता में जन चौपाल आयोजन के संबंध में बैठक संपन्न



**शाहजहांपर, समृद्धि न्यूज।**

**प्रातः 8:00 बजे से 25 न्याय पंचायतों में जन चौपाल आज**

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जन चौपाल के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन चौपाल की सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण कराते हुए प्रातः 8ः00 बजे से संचालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जन चौपाल में ग्राम प्रधान, कोटेदार, लेखपाल, एडीओ पंचायत,पंचायत मित्र, पंचायत सचिव सहित संबंधित अन्य अधिकारियों का उपस्थित रहना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने कहा कि जन चौपाल में जनकल्याणकारी योजनाओं की सूची एवं खतौनी पढ़कर सुनाया जाए। जन चौपाल में पात्र लोगों को जोड़ा जाए एवं अपात्र लोगों को बाहर किया जाए। खतौनी पढ़ने में लोगों द्वारा नाम, अंश निर्धारण की त्रुटियां, विरासत, चकमार्गों एवं सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे जैसी शिकायत मिलने पर उसे तत्काल निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जन चौपाल का अच्छे से आयोजन होने के बाद यह सुनिश्चित किया जाए कोई भी वहां से शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। जन चौपाल में मिशन शक्ति एवं साइबर क्राइम से बचाव के संबंध में भी पुलिस विभाग द्वारा जानकारी दी जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाना सुनिश्चित करेंगे। गांव का मुख्य मार्ग एवं स्कूल जाने वाले मार्ग अच्छे होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जर्जर विद्यालय एवं ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन की भी जानकारी से अवगत कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जन चौपाल में राजस्व, विकास, समाज कल्याण, विभिन्न प्रकार के पेंशन एवं जलापूर्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जन चौपाल में जनपद स्तरीय अधिकारी जाकर अपने विभाग से संबंधित कार्यों का गहन निरीक्षण करेंगे। जन चौपाल में कोई भी शिकायत प्रपात होती है तो उसे आईजीआरएस पर अपलोड किया जाए। डीपीआरओ रोस्टर बनाकर प्रत्येक गांव में सप्ताह में एक बार फॉगिंग सुनिश्चित करें। गांवों के आरआरसी सेंटर, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाला ई रिक्शा एवं संबंधित सफाई कर्मचारी आवश्यक मौजूद रहे। जन-चौपाल के दौरान अधिकारी गांव की समस्याओं को सुनकर उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि जन-चौपाल के माध्यम से योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को चिन्हित किया जाए, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। साथ ही, गांव से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाएं भी एकत्रित की जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास उत्कर्ष द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक मोहम्मद आवेश सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पंचायती राज, मनरेगा, एनआरएलएम, जीरो पॉवर्टी, गौ - संक्षरण, ग्रामीण पुस्तकालय, फैमिली आईडी एवं अन्नपूर्णा भवन, रिक्त दुकान की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने शौचालय के लंबित आवेदनों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त बीडीओ एक एक गांव को शत प्रतिशत मॉडल विलेज तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कर अच्छे से निस्तारित किया जाए। प्रत्येकघर से 50 यूजर चार्ज जमा कराए। जर्जर सामुदायिक शौचायलयों को सही




कराया जाए।

जिलाधिकारीने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि 161 चयनित डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण करें। प्रत्येक लाइब्रेरी में शिकायत रजिस्टर भी रखा जाए।जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाने में तेजी लाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रतिदिन समीक्षा करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जनपद की 18 वृहद एवं 118 अस्थाई गौशालाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अधिकारियों द्वारा नियमित गौशालाओं का निरीक्षण कर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। प्रत्येक गौशाला से हरे चारे के लिए चारागाह की जमीन अटैच की जाए। उन्होंने अन्नपूर्णा भवनों का शीघ्र निर्माण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चल रहे हैं रिक्त दुकानों का जल्द से जल्द तिथियां निर्धारित कर आवंटन करना समस्त किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, पीडी डीआरडीए अवधेश राम, जिला विकासअधिकारी ऋषि पाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## खाक हुई जिंदगियां

दिल्ली में मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए अग्निकांड के बाद भले ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया हो, लेकिन सवाल है कि अग्निकांड में मरे लोगों का जीवन कौन लौटाएगा? आखिर देश की राजधानी में अकसर होने वाले अग्निकांडों का सिलसिला कब और कैसे खत्म होगा? क्या इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय होगी? एक बार फिर अंधे लालच और आंख मूंदे तंत्र की लापरवाही से बुधवार को एक होटल में लगी भीषण आग में 21 लोगों की मौत हो गई। अभी भी कई लोग जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। घटना ने एक बार फिर होटल, गेस्टहाउस और रेस्तरां संचालन की निगरानी करने वाली व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विडंबना देखिए कि मरने वालों में अधिकांश विदेशी लोग भी हैं, जो सस्ता इलाज कराने भारत आए थे। एक ही परिवार के आठ लोगों के अग्निकांड का शिकार होना बेहद दु:खद है। विडंबना देखिए कि जिस एक मंजिला भवन को छह कमरों का गेस्ट हाउस चलाने की अनुमति मिली थी, वहां शासन-प्रशासन की नाक के नीचे एक छह मंजिला होटल बना दिया गया, जिसमें 26 कमरे और रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। जिसमें अस्सी से सौ लोगों की मौजूदगी बतायी जा रही है। निश्चित रूप से यह महज आग से जुड़ा हादसा नहीं है बल्कि होटल संचालन से जुड़े नियमों की अनदेखी, निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही और तंत्र की विफलता का परिचायक है। लेकिन गाहे-बगाहे होने वाले अग्निकांडों के बावजूद तंत्र की काहिली बदस्तूर जारी है। जांच के दायरे में घटना के बाद फरार होटल मालिक ही नहीं, बल्कि वे अधिकारी भी जिम्मेदार हैं जिन्होंने इसको संचालित करने के नियमों का अनुपालन नहीं किया और भवन निर्माण की स्वीकृति व उपयोग की अनुमति दी। यह जानते हुए भी कि होटल में निकासी का मार्ग बेहद संकरा है और अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं हैं। दिल्ली के होटल में हुए अग्निकांड के बारे में बताते हैं कि आपातकालीन निकासी के अभाव व सुरक्षा मानकों का पालन न होने से ज्यादा मौतें हुईं। धुंआ निकलने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण भी ज्यादा लोग दम घुटने से मौत के मुंह में समा गए। आखिर प्रशासन के अधिकारियों ने यह क्यों नहीं देखा कि स्वीकृत क्षमता से चार गुना विस्तार कर लिया गया। गेस्ट हाउस के निर्माण में तमाम लाइसेंस शर्तों का घोर उल्लंघन हुआ। आपातकालीन निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोग अपनी जान बचाने के लिये, बदहवासी में ऊपरी मंजिलों से कूदते नजर आए। होटल के बाहर फैले बिजली के तार और अग्निकांड में हुई व्यापक क्षति बताती है कि विद्युत सुरक्षा मानकों का भी पालन ठीक से नहीं हुआ। जाहिर बात है कि गेस्ट हाउस से होटल बनाने से, उपयोग में हुए बदलाव की निगरानी की जिम्मेदारी स्थानीय नगर निकाय की होती है। यदि वर्षों से यह अवैध रूप से संचालित था, तो जांच व कार्रवाई क्यों नहीं की गई? यदि इसकी अग्नि सुरक्षा को लेकर एनओसी जारी की गई थी तो उसके बाद निरीक्षण व नियमों का अनुपालन क्यों सुनिश्चित नहीं किया गया? जाहिर बात है कि लाइसेंस प्राप्त करने वाले होटलों व रेस्टोरेंट की नियमित जांच करके इनके मालिकों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। क्यों किसी भी विभाग ने निरीक्षण व कार्रवाई की जहमत नहीं उठायी? क्या निरीक्षण करने वाले अधिकारी ले-देकर खामोश होकर बैठ गए? विडंबना देखिए कि बेसमेंट में कमरे, किचन बना दिए गए, लेकिन वेंटिलेशन व इमरजेंसी एग्जिट का कोई प्रावधान नहीं था। जिससे होटल धुंआ निकासी की चिमनी बनकर रह गया और तमाम लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। बताते हैं कि आरोपी होटल मालिक आसपास में ही कुछ पार्टनरों के साथ मिलकर तीन होटल संचालित कर रहा था और सब ही जगह आपराधिक लापरवाही नजर आई। मोटे मुनाफे के लिये लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा था। लेकिन स्थानीय प्रशासन व जवाबदेह विभाग बेपरवाह बने रहे। निश्चय ही यह स्थिति सख्त कार्रवाई के बाद बदलनी चाहिए।

# आज हर कोई अवसाद से ग्रस्त और भय से व्याप्त क्यों?



राहुल कुमार गुप्ता

संसार इस तकनीकी और नूतन दौर में सुबह का अखबार खोलने पर ऐसा महसूस होता है कि अब स्याही से खून टपक रहा हो, और सोशल मीडिया का हर नया स्क्रॉल छाती पर एक भारी पत्थर की तरह बैठ जाता है।

हम जिस भारत में सांस ले रहे हैं, वह धीरे-धीरे एक आलीशान लेकिन अंदर से खोखले पागलखाने में तब्दील होता जा रहा है। जिधर देखिए, इंसानी शक्ल में घूमते बारूद के ढेर नजर आते हैं, जो बस एक छोटी सी चिंगारी के इंतजार में हैं। रास्ते पर किसी की गाड़ी से आपकी गाड़ी छू जाए, तो माफी मांगने के बजाय लोग डिक्की से लोहे की रॉड निकाल लेते हैं। कहीं मामूली सी बात पर सात लड़के मिलकर एक नौजवान की जिंदगी की डोर बेरहमी से काट देते हैं, तो कहीं कोई हैवान अपने ही डेढ़ साल के सगे भतीजे को सड़क पर पटक-पटक कर मार डालता है। तो आए दिन मासूमों के साथ बलात्कार और हत्या जैसी घटनाएं रूह तक कंपा देती हैं। मर्यादा और मोक्ष की उम्मीद में जब लोग तीर्थ स्थलों की ओर रुख करते हैं, तो वहां भी कतारों में खड़े श्रद्धालु और स्थानीय लोग भगवान को भूलकर एक-दूसरे पर लाठियां भांज रहे होते हैं।

इस समाज में संवाद जैसे पूरी तरह आईसीयू में चला गया है। जो पुलिस रक्षक थी, वह सत्ता और वर्दी के नशे में चूर होकर अपने अधिकारों अतिक्रमण करते हुए उसी जनता पर अत्याचार के लिए उतारू हो जाती है जिसके टैक्स से इनका और इन जैसों का परिवार पलता पोसता है। हद तो तब हो जाती है जब न्याय के ऊंचे आसनों पर बैठे लोग देश के बेरोजगार और हताश युवाओं को कॉकरोच समझने लगते हैं और मंचों से स्वघोषित युग कवि दहाड़ते हैं कि इन कॉकरोचों को चप्पल से मार देना चाहिए। इस नफरत की आग से कोई कोना अछूता नहीं है। हर नुक्कड़, हर खंभे पर तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरे टंगे हैं, लेकिन वे कैमरे भी उस वहशीपन को नहीं डरा पाते जो किसी अकेली लड़की को देखकर उस पर झपट पड़ता है। घरों के भीतर का सन्नाटा और भी डरावना है। दहेज की सूली चढ़ती बेटियां हों या मामूली मनमुटाव पर पंखे से झूलते नौजवान, ये आत्महत्याएं अब समाज का एक आम हिस्सा बन चुकी हैं। आज देश का शायद ही कोई ऐसा मोहल्ला बचा हो जहां किसी न किसी घर में बेटा या बेटी अदालतों के चक्कर न काट रहे हों और उनके तलाक का मुकदमा न चल रहा हो।

पुराने बुजुर्ग कहा करते थे कि जिस देश में सफेद कोट वाले डॉक्टर और काले कोट वाले वकीलों की तादाद जरूरत से ज्यादा बढ़ने लगे, समझ लेना कि वह मुल्क शारीरिक और मानसिक रूप से अपाहिज हो चुका है।

> आज की भारतीय सामाजिक व्यवस्था का पुनरावलोकन बेहद जरूरी



आज आप भारत के किसी भी शहर के किसी भी चौराहे पर खड़े होकर नजर दौड़ाइए, अस्पतालों की गगनचुंबी इमारतें किसी मॉल की तरह चमक रही हैं और वहां पैर रखने की जगह नहीं है। कचहरियों के बाहर चले जाइए, काले कोट वालों की ऐसी बाढ़ दिखेगी मानो पूरा देश सिर्फ मुकदमों के सहारे जी रहा है।

सबसे त्रासद बात यह है कि हम खुद अपनी बीमारियों, अपने गुस्से और अपने अहंकारी मुकदमों से इन दोनों जमातों की तिजोरियां भर रहे हैं। हम इस बात को स्वीकार करने से कतरा रहे हैं कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य पूरी तरह वेंटिलेटर पर है। इस जलती हुई चिता पर देश की सियासत अपने वोट सेंक रही है और मुख्यधारा का मीडिया हर शाम टीवी स्क्रीन को कुरुक्षेत्र बनाकर समाज की बची-खुची चेतना में तेजाब उड़ेल रहा है। विचार न मिलना अब वैचारिक मतभेद नहीं, बल्कि सीधे-सीधे दुश्मनी और देशद्रोह मान लिया जाता है। डर का यह आलम है कि बच्चा अगर स्कूल से घर लौटने में सिर्फ पंद्रह मिनट की देरी कर दे, तो मां-बाप के हलक में प्राण अटक जाते हैं। लेकिन सबसे बड़ा विरोधाभास देखिए; इस भयावह, अनिश्चित और दमघोंटू माहौल के बावजूद लोग बिना सोचे-समझे इस दुनिया में नई जिंदगियां, नए बच्चे पैदा किए जा रहे हैं। वे माता-पिता जो खुद गहरे डिप्रेशन और कुंठा में जी रहे हैं, वे नहीं जानते कि वे अपने बच्चों को विरासत में कैसा समाज सौंप रहे हैं।

**मनोवैज्ञानिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से हमें सबसे पहले यह मानना होगा कि मन की बीमारी कोई शर्म की बात नहीं है। स्कूलों के पाठ्यक्रम में गणित और विज्ञान के साथ-साथ इमोशनल इंटेलिजेंस (भावनात्मक समझ) और ध्यान को अनिवार्य करना होगा। विज्ञान कहता है कि प्रकृति से कटकर और स्क्रीन के अत्यधिक इस्तेमाल से हमारे दिमाग के हैप्पी हार्मोन्स खत्म हो रहे हैं, जिससे इंसान हिंसक पशु बन रहा है। इसलिए हमें अपनी भावी पीढ़ी को गैजेट्स से निकालकर मिट्टी और मैदानों से जोड़ना होगा। आध्यात्मिक स्तर पर हमें कर्मकांडों के पाखंड से बाहर निकलकर आत्म-अवलोकन की आदत डालनी होगी। सामाजिक रूप से हमें अपने पड़ोसियों के साथ दोबारा संवाद का पुल बनाना होगा। राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र को अपनी जवाबदेही तय करनी होगी। पुलिस को लाठी की हनक छोड़कर जनता का हमदर्द बनना होगा और न्यायपालिका को यह सोचना होगा कि देश का गरीब और बेसहारा युवा उनका दुश्मन नहीं, बल्कि इसी व्यवस्था का सताया हुआ हिस्सा है। नेताओं और मीडिया को यह आत्मग्लानि होनी चाहिए कि समाज में जो नफरत वे बो रहे हैं, उसकी आंच से एक दिन उनके अपने घर भी सुरक्षित नहीं रहेंगे। यह आलेख केवल एक विलाप नहीं है, बल्कि आपके और मेरे भीतर बची हुई आखिरी इंसानी सांस को जगाने की एक कोशिश है। इस अवसादग्रस्त देश को कोई मसीहा आकर नहीं सुधारेगा, इसकी शुरुआत हमें अपने घर, अपनी गली और अपने व्यवहार से करनी होगी।**

इस सामूहिक पागलपन और अवसाद के मूल कारणों को टटोलें, तो इसकी सबसे पहली गाज हमारे सामाजिक ताने-बाने पर गिरी है। हमने आधुनिक बनने की अंधी होड़ में अपने उन संयुक्त परिवारों को मलबे में तब्दील कर दिया, जो किसी भी मानसिक तनाव के लिए थैरेपिस्ट का काम करते थे। पहले जब इंसान बाहर की दुनिया से जख्मी या गुस्से में लौटता था, तो घर के बुजुर्गों की डांट, बच्चों की किलकारी और भाइयों का साथ उसके गुस्से के जहर को पी जाता था। आज एकल परिवारों के इस दौर में इंसान अपने कंक्रीट के फ्लैट में अकेला रह गया है। उसके पास अपनी कुंठा साझा करने के लिए कोई जिंदा इंसान नहीं है, सिर्फ एक बेजान मोबाइल स्क्रीन है, जो नफरत को और हवा देती है। हमारे भीतर से उन संस्कारों का पूरी तरह वाष्पीकरण हो चुका है जो कभी हमें ठहरना और सहना सिखाते थे। आज की संस्कृति इंस्टेंट यानी तुरंत सब कुछ पा लेने की भूख से ग्रस्त है। जीवन का एकमात्र मकसद अर्थ यानी पैसा और अंधा स्वार्थ बन चुका है, जहां त्याग, दया और परोपकार जैसी बातें बेवकूफी मानी जाती हैं। हमने धर्म के वास्तविक मर्म (धैर्य, क्षमा, दया, करुणा, प्रेम और अंतर्मुखता) को पूरी तरह विस्मृत कर दिया है। आज हमारा धर्म सिर्फ लाउडस्पीकरों के शोर, झंडों की राजनीति और सड़कों पर शक्ति प्रदर्शन तक सिमट गया है। जब कोई कौम अपनी जड़ों और पवित्र परंपराओं से इस कदर किनारा कर लेती है, तो उसका मानसिक संतुलन बिगड़ना स्वाभाविक है। इस जानलेवा बीमारी से निजात पाने के लिए हमें किश्तों में नहीं, बल्कि मुकम्मल तौर पर खुद को बदलना होगा। मनोवैज्ञानिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से हमें सबसे पहले यह मानना होगा कि मन की बीमारी कोई शर्म की बात नहीं है। स्कूलों के पाठ्यक्रम में गणित और विज्ञान के साथ-साथ इमोशनल इंटेलिजेंस (भावनात्मक समझ) और ध्यान को अनिवार्य करना होगा। विज्ञान कहता है कि प्रकृति से कटकर और स्क्रीन के अत्यधिक इस्तेमाल से हमारे दिमाग के हैप्पी हार्मोन्स खत्म हो रहे हैं, जिससे इंसान हिंसक पशु बन रहा है। इसलिए हमें अपनी भावी पीढ़ी को गैजेट्स से निकालकर मिट्टी और मैदानों से जोड़ना होगा। आध्यात्मिक स्तर पर हमें कर्मकांडों के पाखंड से बाहर निकलकर आत्म-अवलोकन की आदत डालनी होगी। सामाजिक रूप से हमें अपने पड़ोसियों के साथ दोबारा संवाद का पुल बनाना होगा। राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र को अपनी जवाबदेही तय करनी होगी। पुलिस को लाठी की हनक छोड़कर जनता का हमदर्द बनना होगा और न्यायपालिका को यह सोचना होगा कि देश का गरीब और बेसहारा युवा उनका दुश्मन नहीं, बल्कि इसी व्यवस्था का सताया हुआ हिस्सा है। नेताओं और मीडिया को यह आत्मग्लानि होनी चाहिए कि समाज में जो नफरत वे बो रहे हैं, उसकी आंच से एक दिन उनके अपने घर भी सुरक्षित नहीं रहेंगे। यह आलेख केवल एक विलाप नहीं है, बल्कि आपके और मेरे भीतर बची हुई आखिरी इंसानी सांस को जगाने की एक कोशिश है। इस अवसादग्रस्त देश को कोई मसीहा आकर नहीं सुधारेगा, इसकी शुरुआत हमें अपने घर, अपनी गली और अपने व्यवहार से करनी होगी। जब अगली बार कोई आपके रास्ते में आ जाए, तो हॉर्न बजाकर गाली देने के बजाय बस थोड़ा सा मुस्कुराकर उसे रास्ता दे दीजिएगा। जब कोई आपसे असहमत हो, तो उसे दुश्मन समझने के बजाय उसकी बात को शांत मन से सुनिएगा। इस देश को अब और बड़े अस्पतालों या और बड़ी कचहरियों की जरूरत नहीं है, इसे जरूरत है संवेदनशील दिलों और शांत मस्तिष्कों की। ठंडे दिमाग से बैठकर जरूर सोचिएगा, क्योंकि अगर आज भी हमने इस सामूहिक अवसाद को नहीं रोका, तो आने वाला कल हमें सोचने लायक भी नहीं छोड़ेगा। बदलाव की शुरुआत किसी और से नहीं, खुद से कीजिए।

विचार

# लहचूरा बाँध परियोजना से बुंदेलखंड में बढ़ी सिंचाई क्षमता

*इंजेश सिंह*

उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र वर्षों तक जल संकट, अल्प वर्षा और सूखे की समस्या से जूझता रहा है। यहां के किसानों की खेती मानसून पर निर्भर रहती थी, जिसके कारण कृषि उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था दोनों प्रभावित होते थे। ऐसे समय में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा महोबा जनपद में संचालित लहचूरा बांध अपर्टिनेंट कार्य परियोजना ने क्षेत्र के विकास में एक नई आशा का संचार लाया है। यह परियोजना केवल एक बांध निर्माण तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने किसानों के जीवन, कृषि उत्पादन, जल संरक्षण तथा क्षेत्रीय विकास को नई दिशा प्रदान की है। सरकार द्वारा 1930.49 लाख रुपये की लागत के लहचूरा बांध के अपर्टिनेंट कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृत प्रदान की गयी थी। इस परियोजना के अंतर्गत महोबा जनपद की कुलपहाड़ तहसील में ग्राम रैपुरा हरदोनीफके समीप धसान नदी पर स्थित लहचूरा बांध को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया।

लहचूरा बांध बुंदेलखंड क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना है। इस बांध से सैकड़ो किलोमीटर लंबी धसान नहर प्रणाली संचालित होती है, जिसके माध्यम से लगभग 31,910 हेक्टेयर रबी एवं 14,575 हेक्टेयर खरीफक्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस नहर से हजारों किसानों को वर्षभर सिंचाई का लाभ प्राप्त हो रहा है। यह परियोजना क्षेत्रीय कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुई है। इस परियोजना की विशेषता यह रही कि इसमें केवल मूल निर्माण कार्य ही नहीं, बल्कि अनेक आवश्यक सहायक कार्य भी कराए गए। लहचूरा बांध स्पिलवे के डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में एप्रन सुरक्षा हेतु रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया गया, जिससे जल प्रवाह के कारण होने वाले कटाव को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त बांध के दाएं मार्जिनल बांध का निर्माण, लैण्ड स्केपिंग तथा पार्कों का विकास भी कराया गया। इन कार्यों ने बांध क्षेत्र को न केवल सुरक्षित बनाया बल्कि इसे सौंदर्यपूर्ण स्वरूप भी प्रदान किया है। परियोजना के अंतर्गत फ्लड गेटों का कम्प्यूटरीकरण (स्काडा सिस्टम) स्थापित किया गया, जो इस योजना का अत्यंत आधुनिक एवं महत्वपूर्ण भाग है। इस तकनीक के माध्यम से जल स्तर की निगरानी और फाटकों का संचालन अधिक प्रभावी एवं सुरक्षित तरीके से किया जाने लगा। इससे बाढ़ नियंत्रण, जल प्रबंधन तथा आपदा नियंत्रण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्तमान समय में लहचूरा बांध में जलस्तर बढ़ने पर फाटकों का नियंत्रित संचालन इसी आधुनिक प्रणाली के माध्यम से किया जाता है, जिससे निचले क्षेत्रों में जलभराव और संभावित खतरे को कम किया जा सके।

यह परियोजना मार्च 2018 तक पूर्ण कर ली गई थी। निर्धारित समय में परियोजना का कार्य पूरा होना विभागीय दक्षता और प्रशासनिक प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। परियोजना के पूर्ण होने के बाद महोबा के साथ-साथ हमीरपुर एवं बांदा जनपद के अनेक गांवों को भी प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ। इस परियोजना से अर्जुन फीडर नहर उद्गमित होती है, जिसके माध्यम से अर्जुन बांध, चंद्रावल बांध एवं कबरई बांधों को भी जल उपलब्ध कराया जाता है। इस प्रकार लहचूरा बांध पूरे क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है। बुंदेलखंड जैसे अर्धशुष्क क्षेत्र में जल संरक्षण और सिंचाई की उपलब्धता किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाती है। पहले जहां किसान वर्षा आधारित खेती पर निर्भर थे, वहीं अब सिंचाई सुविधा मिलने से बहुफसली खेती को बढ़ावा मिला है। गेहूं, चना, सरसों, तिलहन एवं दलहन जैसी फसलों का उत्पादन बढ़ा है। किसानों की आय में वृद्धि हुई है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। परियोजना ने कृषि के साथ-साथ पशुपालन एवं ग्रामीण रोजगार को भी बढ़ावा दिया है। लहचूरा बांध परियोजना का महत्व केवल सिंचाई तक सीमित नहीं है। यह परियोजना जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, पशु-पक्षियों, वन्य जीवों के संरक्षण तथा क्षेत्रीय विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम बनी है। बांध में जल उपलब्ध रहने से भूजल स्तर में सुधार हुआ है। आसपास के क्षेत्रों में हरित क्षेत्र बढ़ा है तथा जल संकट की समस्या में कमी आई है। परियोजना के अंतर्गत विकसित पार्क एवं लेण्ड स्केपिंग ने इसे स्थानीय पर्यटन एवं आकर्षण का केंद्र भी बना दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र विकास हेतु अर्जुन सहायक परियोजना जैसे बड़े कार्यक्रमों से भी इस बांध को जोड़ा गया है। यह परियोजना भविष्य में लाखों किसानों और ग्रामीणों को सिंचाई एवं पेयजल सुविधा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में आज लहचूरा बांध परियोजना बुंदेलखंड में जल प्रबंधन और सिंचाई विकास का सफल मॉडल बन चुकी है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया यह कार्य निश्चित रूप से किसानों के जीवन में खुशहाली लाने वाला एवं प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित हुआ है। लहचूरा बांध की यह सफलता गाथा केवल एक परियोजना की कहानी नहीं, बल्कि बुंदेलखंड की धरती पर जल, हरियाली और कृषि समृद्धि के नए युग की शुरुआत है। *(अति. जिला सूचना अधिकारी)*

### पहाड़ी बाँध आधुनिकीकरण परियोजना से बुंदेलखंड की सिंचाई व्यवस्था में आई नई ऊर्जा

उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में जल संकट और असमान वर्षा लंबे समय से कृषि एवं ग्रामीण जीवन के लिए चुनौती रही है। ऐसे कठिन भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों वाले क्षेत्र में सिंचाई परियोजनाएँ केवल विकास का माध्यम नहीं, बल्कि किसानों के जीवन में स्थायित्व और समृद्धि लाने का आधार भी बनती हैं। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पहाड़ी बाँध आधुनिकीकरण परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया, जिसने बुंदेलखंड क्षेत्र में जल प्रबंधन और सिंचाई व्यवस्था को नई दिशा प्रदान की है। धसान नदी पर स्थित यह परियोजना जनपद झाँसी की मऊरानीपुर तहसील के ग्राम देवरी के निकट तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-76 से लगभग 200 मीटर अपस्ट्रीम में स्थित है। परियोजना का भौगोलिक क्षेत्र उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमाओं से जुड़ा हुआ है, जहाँ इसका स्पिलवे एवं दायाँ भाग मध्य प्रदेश सीमा में तथा बाँया भाग उत्तर प्रदेश सीमा में स्थित है। यह परियोजना अंतर्राज्यीय समन्वय और जल संसाधन प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। समय के साथ परियोजना की पुनरीक्षित लागत रु. 354.20 करोड़ से यह बॉध बना। राज्य सरकार के सिंचाई विभाग ने परियोजना की गुणवत्ता और दीर्घकालिक उपयोगिता को प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए। पहाड़ी बाँध आधुनिकीकरण परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका आधुनिक तकनीक पर आधारित निर्माण है। परियोजना के अंतर्गत पुराने वीयर से लगभग 75 मीटर नीचे एक नया आधुनिक स्पिलवे बनाया गया जिसकी लंबाई 387 मीटर है। इसमें 18 मीटर म 8.7 मीटर आकार के कुल 19 ऊर्ध्वाधर गेट लगाए गए हैं। इन आधुनिक गेटों के माध्यम से जल नियंत्रण की क्षमता में अत्यधिक वृद्धि हुई है तथा जल संरक्षण अधिक प्रभावी ढंग से संभव हो सका है। पुराना पहाड़ी बाँध वर्ष 1911-12 में निर्मित किया गया था। उस समय 2.50 मीटर ऊँचे गेटों को क्रेन की सहायता से संचालित किया जाता था। बाढ़ के समय इन गेटों के गिर जाने से जलाशय का बहुमूल्य जल व्यर्थ बह जाता था, जिससे सिंचाई क्षमता प्रभावित होती थी। नई परियोजना के अंतर्गत आधुनिक संरचना और उन्नत गेट प्रणाली के माध्यम से इस समस्या का स्थायी समाधान किया गया है। अब जल का बेहतर संचयन और नियंत्रित उपयोग सुनिश्चित हो सका है। इस परियोजना के निर्माण से लगभग 46 मिलियन घन मीटर जल संचयन की व्यवस्था विकसित हुई है। यह बाँध मुख्यत: जल संचयन हेतु निर्मित किया गया है, जिससे लहचूरा बाँध को जल पोषण प्राप्त होता है। लहचूरा बाँध के माध्यम से धसान नहर प्रणाली का संचालन किया जाता है, जो क्षेत्र की कृषि व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। परियोजना के माध्यम से संग्रहित जल का उपयोग महोबा और हमीरपुर जनपदों में खरीफएवं रबी दोनों फसलों की सिंचाई हेतु किया जा रहा है। बुंदेलखंड जैसे अर्धशुष्क क्षेत्र में सिंचाई के लिए स्थायी जल उपलब्धता किसानों के लिए वरदान सिद्ध हुई है। पहले जहाँ किसान वर्षा पर निर्भर रहते थे, वहीं अब उन्हें समय पर सिंचाई जल उपलब्ध हो रहा है। इससे कृषि उत्पादकता में वृद्धि हुई है, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन मिला है तथा किसानों की आय में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिला है। परियोजना ने जल संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान की है। इस परियोजना का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इससे क्षेत्र में जल प्रबंधन की आधुनिक अवधारणा को बल मिला है। आधुनिक स्पिलवे, नियंत्रित जल निकासी और जल संचयन क्षमता ने न केवल सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाया है, बल्कि भविष्य में जल संकट से निपटने की क्षमता भी विकसित की है। यह परियोजना प्रदेश सरकार की उस दूरदर्शी नीति का उदाहरण है जिसमें जल संसाधनों के संरक्षण और अधिकतम उपयोग पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस बॉध को आधुनिकीकरण ढंग से पुनर्निमाण करते हुए मार्च 2018 में परियोजना पूर्ण हुई। बॉध से क्षेत्र के हजारों किसानों को लाभ पहुँचना प्रारम्भ हो गया। सिंचाई विभाग द्वारा किए गए इस कार्य ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि योजनाओं को आधुनिक तकनीक, सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ लागू किया जाए, तो वे क्षेत्रीय विकास की दिशा बदल सकती हैं। पहाड़ी बाँध आधुनिकीकरण परियोजना आज बुंदेलखंड क्षेत्र में जल प्रबंधन और सिंचाई विकास की एक सफल गाथा बन चुकी है। यह परियोजना केवल एक बाँध का निर्माण नहीं, बल्कि किसानों की आशाओं, कृषि की समृद्धि और जल संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आने वाले समय में यह परियोजना क्षेत्रीय विकास, कृषि उन्नयन और जल सुरक्षा के क्षेत्र में प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।



## राशिफल

**मेष:-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे।

**वृषभ:-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्क:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी।

**कन्या:-** समस्याओं के समाधान के लिये मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हों। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**तुला:-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा।

**वृश्चिक:-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु:-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**मकर:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मीन:-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

# क्या रहने लायक बचे हैं, हमारे शहर?

*सुदर्शन सोलंकी*

वैश्विक तापमान में वृद्धि अब केवल बर्फीले ग्लेशियरों के पिघलने या समुद्र का जलस्तर बढ़ने तक सीमित नहीं रह गई है। इसका सबसे भयावह और सीधा रूप हमारे उन आधुनिक शहरों में देखने को मिल रहा है, जिन्हें हम कभी विकास का प्रतीक मानते थे। मई-जून की शुरुआत होते ही देश के कई महानगरों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस से 48 डिग्री सेल्सियस को छूने लगता है।

कंक्रीट के इन फैलते जंगलों में अब गर्मी का मौसम सिर्फएक ऋतु नहीं, बल्कि एक वार्षिक आपदा बन चुका है। वैज्ञानिक भाषा में इस संकट को अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट (यूएचआई) कहा जाता है, जो हमारे दोषपूर्ण शहरी नियोजन की देन है। अर्बन हीट आइलैंड शहरों का भट्टी में बदलना-भौतिक और पर्यावरणीय दृष्टि से देखें तो आधुनिक शहर अपने आसपास के ग्रामीण इलाकों की तुलना में औसतन 3 डिग्री सेल्सियस से 7 डिग्री सेल्सियस तक अधिक गर्म रिकॉर्ड किए जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण शहरों का थर्मल मॉस है।

आधुनिक इमारतों में प्रयुक्त होने वाला कांक्रीट, कंकड़-पत्थर, डामर (तारकोल) की सड़कें और कांच दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय खुली मिट्टी और पेड़-पौधों के कारण गर्मी तेजी से वायुमंडल में वापस लौट जाती है। इसके विपरीत, शहरों में बहुमंजिला इमारतें और घने कांक्रीट के ढांचे इस गर्मी को रात में भी जकड़े रखते हैं। परिणामस्वरूप, रातें भी उतनी ही दमघोंटू और उमस भरी हो जाती हैं, जिससे मानव शरीर को गर्मी से उबरने का समय नहीं मिल पाता।

सामाजिक-आर्थिक असमानता और थर्मल जस्टिस का संकट-यह थर्मल संकट केवल मौसम का मिजाज नहीं है, बल्कि एक गहरा सामाजिक और आर्थिक विभाजन भी पैदा कर रहा है। वातानुकूलित (एसी) घरों, दफ्तरों और कारों में रहने वाले संभ्रांत वर्ग के लिए गर्मी केवल बिजली के बढ़ते बिल तक सीमित है, लेकिन भारत जैसे देश में, जहां एक बहुत बड़ी आबादी आउटडोर इकानॉमी का हिस्सा है, वहां यह जानलेवा साबित हो रही है।



निर्माण कार्यों में लगे श्रमिक, खेतिहर मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले और गिग इकॉनॉमी के डिलीवरी बॉय इस खौलती धूप में काम करने को मजबूर हैं। अत्यधिक गर्मी के कारण दोपहर के समय काम ठप हो जाता है, जिससे उनकी दिहाड़ी और दैनिक आय में भारी गिरावट आती है। झुग्गी-झोपड़ियों और कच्ची बस्तियों में रहने वाले लोग, जहां वेंटिलेशन न के बराबर है और छतें टिन या एस्बेस्टस की हैं, वे सीधे तौर पर हीट स्ट्रोक और गंभीर डिहाइड्रेशन के शिकार हो रहे हैं। यह स्थिति समाज में थर्मल इनजस्टिस यानी तापीय अन्याय को दर्शाती है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर हीट एक्शन प्लान (एचएपी) की रूपरेखा तो तैयार की है और कागजों पर कई शहरों में इसे लागू करने का दावा भी किया जाता है, लेकिन इसकी व्यावहारिक प्रभावशीलता पर बड़े सवालिया निशान हैं। देश के अधिकांश हिस्सों में यह प्लान केवल प्रशासनिक औपचारिकताओं तक सीमित दिखाई देते हैं। संकट आने पर केवल एडवाइजरी जारी कर देना या ओआरएस (ओआरएस) के पैकेट बांट देना इस ढांचागत समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। जब तक हीट एक्शन प्लान को शहरी विकास मास्टर प्लान के साथ अनिवार्य रूप से एकीकृत नहीं किया जाएगा, तब तक कोई बड़ा बदलाव संभव नहीं है।

**समाधान का भावी मार्ग :-** क्लाइमेट स्मार्ट शहरों का निर्माण-अगर हमें अपने शहरों को भविष्य में रहने योग्य बनाए रखना है, तो पारंपरिक निर्माण और शहरी नियोजन के ढर्रे को पूरी तरह से ब्लू-ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर में बदलना होगा। शहरों में कांक्रीट के विस्तार को रोकने के लिए अर्बन फॉरेस्ट (जैसे मियावाकी पद्धति से जंगल उगाना) और वेटलैंड्स (तालाबों और झीलों) का पुनरुद्धार करना होगा। पेड़ न केवल छाया देते हैं, बल्कि वाष्पोत्सर्जन के जरिए स्थानीय तापमान को 2 से 3 डिग्री तक कम कर सकते हैं। पैसिव कूलिंग और आर्किटेक्चरल बदलाव को बढ़ाना होगा। नए नीतिगत नियमों के तहत प्राकृतिक वेंटिलेशन को बढ़ावा देना चाहिए। इमारतों की छतों पर सफेद उच्च-परावर्तक पेंट (शीतल छत) और ग्रीन रूफ्स (छतों पर बागवानी) को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जो सौर विकिरण को वापस अंतरिक्ष में परावर्तित कर देते हैं। श्रम नीतियों में सुधार भी जरूरी है। अत्यधिक गर्मी के दिनों में श्रम कानूनों में लचीलापन लाते हुए स्प्लिट शिफ्ट (सुबह जल्दी और शाम को देर से काम) की व्यवस्था की जाए और सार्वजनिक स्थानों पर छायादार आश्रय स्थल व शीतल पेयजल की चौबीसों घंटे उपलब्धता सुनिश्चित हो। नदियों को सुखाकर, पेड़ों को काटकर और तालाबों को पाटकर खड़े किए गए कांक्रीट के आलीशान शहर दरअसल एक ऐसा थर्मल ट्रैप (तापीय जाल) बन चुके हैं, जिसमें हम खुद ही फंसते जा रहे हैं। अब समय केवल मौसम की भविष्यवाणियों को पढ़ने का नहीं, बल्कि अपने शहरों के भूगोल को बदलने का है। यदि आज हमने शहरी नियोजन में प्रकृति को वापस जगह नहीं दी, तो आने वाले समय में हमारे शहर आर्थिक महाशक्ति बनने से पहले ही तापमान के मरुस्थल बन जाएंगे।

**(लेखक विज्ञान संबंधी विषयों के लेखक एवं ब्लॉगर हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# जन-जन तक पहुंचे सरकार की उपलब्धियां, योजनाओं का लाभ और विकसित भारत का संकल्प : प्रभारी मंत्री सुरेश राही



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून, 2026 तक जनपद में आयोजित होने वाले विभिन्न जन-जागरूकता, जनकल्याण एवं विकासोन्मुखी कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री कारागार श्री सुरेश राही की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्षों व राज्य सरकार की उपलब्धियों, जनहितकारी योजनाओं तथा देश व प्रदेश में हुए व्यापक सकारात्मक परिवर्तनों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अभियान एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों का आयोजन जनभागीदारी, पारदर्शिता एवं प्रभावी समन्वय के साथ किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार की योजनाओं से लाभान्वित प्रत्येक वर्ग की सहभागिता इन आयोजनों में दिखाई दे। कार्यक्रम केवल औपचारिकता तक सीमित न रहें, बल्कि इनके माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की मुख्यधारा का संदेश पहुंचे। जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, युवा संगठनों, किसानों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं सामाजिक संस्थाओं को व्यापक रूप से जोड़ा जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि रात्रि चौपालों, विकास प्रदर्शनी, जनकल्याण शिविरों एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलनों में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक कार्यक्रम को जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए अधिकाधिक लोगों को जोड़ा जाए। साथ ही योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हें तत्काल लाभान्वित करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि अभियान का शुभारंभ 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रमों से किया जाएगा। जनपद की सभी ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 06 जून से 14 जून तक जन-जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान संचालित किया जाएगा।

# मानदेय वृद्धि के लिए पंचायत सहायकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड हैदरगढ़ के पंचायत सहायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत को ज्ञापन सौंप कर मानदेय बढ़ाए जाने की मांग की है और मानदेय न बढ़ने पर आगामी 11 जून से कार्य बहिष्कार व 15 जून से इको गार्डन में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है। सीएम को सम्बोधित ज्ञापन सौंपते हुए शिवप्रताप मौर्य ने विधायक को बताया कि पंचायत सहायक मात्र 6000 मानदेय पर पिछले साढ़े चार साल से कार्यरत हैं, जो कि न्यूनतम मजदूरी से भी कम है! प्रदेश भर मे पंचायत सहायक यूनियन/ संगठन द्वारा मांग की जा रही कि मानदेय मे वृद्धि कर सचिव के समकक्ष तीस हजार रुपए व अनुबंध व्यवस्था समाप्त कर स्थायी सेवा नियमावली लागू की जाय! साथ में पंचायत भवन में जरूरी संसाधन उपलब्ध कराये जाए! हैदरगढ ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत यादव की अध्यक्षता में विधायक को ज्ञापन देने में मुख्य रूप सेपंचायत सहायक शिवप्रताप, शिवम, अनुपम, गीता, बबिता, रमेश्वरी, किरन, शिवकांती सेनू सुजाता प्रीति नीलम शामिल रहे! हालाँकि विधायक ने आश्वासन दिया है कि विभागीय स्तर पर पंचायत सहायकों को सम्मानजनक वेतन व अन्य मांगे पूरी कराए जाने का प्रयास किया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव घर के कमरे में लटकता मिला

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बा जैदपुर के मोहल्ला गढ़ी कदीम में एक युवक का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, जैदपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी कदीम स्थित प्राथमिक विद्यालय के पीछे बने एक मकान के कमरे में गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे एक युवक का शव पंखे के सहारे फांसी के फंदे से लटक रहा मिला।घर के पास से गुजर रहे लोगो की नजर जब कमरे के अंदर लटके शव पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## करंट की चपेट में आया युवक, मौत



**समृद्धि न्यूज़, डलमऊ रायबरेली।** बिजली के केबल में कपड़े फैलाते समय युवक तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई परिजन तत्काल उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना के बाद पारिवारिक जनों में कोहराम मच गया सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सेमीरी गांव निवासी अनिल कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय महादेव यादव उम्र लगभग 45 वर्ष बीते मंगलवार को रात्रि लगभग 10:30 के आसपास दिन भर की थकान और गर्मी से छुटकारे के लिए नहाने के बाद गीले कपड़ों को सूखाने के लिए बिजली के तार (केबल) पर डालने गया तार कटा होने की वजह से वह वह उसमें दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई परिजन इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल लेकर गए जहां उपस्थित चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना घर पहुंची तो परिवार एवं गांव में मातम पसर गया पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी लंबे समय से बिजली के खुले तार लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं जो लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक

▸ जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा केन्द्र सरकार के 12 वर्षों का उत्सव



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून, 2026 तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में जनपद सीतापुर के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा, विभागवार दायित्वों, प्रचार-प्रसार, जनसहभागिता तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों के दौरान सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक एवं जनहितकारी कार्य किए हैं। इन उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 05 जून से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के साथ-साथ लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कार्यक्रमों का आयोजन जनपद, तहसील, विकास खंड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से किया जाए तथा इसमें आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न विभाग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्यक्रमों की तैयारियां समय से पूर्ण कर लें तथा सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान को विशेष रूप से सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकताओं में से एक है तथा वृक्षारोपण के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों से अपनी-अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम से एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए, जिससे यह अभियान एक जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर सके। उन्होंने निर्देश दिए कि 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

## खबरें एक नजर में

### सर्पदंश से किसान की मौत, बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** भेटुआ विकास खंड क्षेत्र में सर्पदंश की दर्दनाक घटना में एक किसान की मौत हो गई। ग्राम पंचायत घाटमपुर के मजरे शिवगंज निवासी महेश कुमार कश्यप उम्र 40 वर्ष मंगलवार शाम खेत में काम कर रहे थे उसी समय जहरीले सांप ने डस लिया। इलाज के लिए उन्हें पहले स्थानीय झाड़ फूंक वालों के पास ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर सुलतानपुर जिला अस्पताल और बाद में मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर किया गया। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों के अनुसार मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे महेश खेत में काम कर रहे थे, तभी उन्हें सांप ने काट लिया। पहले उन्हें झाड़-फूंक के लिए टिकरी ले जाया गया, लेकिन वहां मौजूद व्यक्ति ने हालत गंभीर देखते हुए तुरंत अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान महेश ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार देर रात उनका शव गांव पहुंचा। महेश अपने पीछे पत्नी गायत्री और चार नाबालिग बच्चों को छोड़ गए हैं। परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य की मौत से घर पर आर्थिक संकट गहरा गया है। बड़ी संख्या में ग्रामीण परिजनों को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। क्षेत्रीय लेखपाल मोहित कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### डीएम-एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण




**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आज आयोजित की गई प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) की परीक्षा 2026 को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु वैदिक इण्टर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, एस0जे0एस0 पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 23 परीक्षा केन्द्रों पर 03 व 04 जून, 2026 को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में आयोजित की गई। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई तथा अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी की गई। आज की आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) की परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 9246 अभ्यर्थियों में से 4079 अभ्यर्थी उपस्थित व 5167 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 8862 अभ्यर्थियों में से 4045 अभ्यर्थी उपस्थित व 4817 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 18108 अभ्यर्थियों में से 8124 अभ्यर्थी उपस्थित व 9984 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सचिन यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## नहाते समय गोमती नदी में डूबा किशोर, रातभर चला तलाश अभियान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेतारपुर गांव में देर शाम गोमती नदी में नहाने गए एक किशोर के डूब जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। देर रात तक पुलिस और ग्रामीणों ने उसकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। सुबह एसडीआरएफ की टीम द्वारा दोबारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, तेतारपुर गांव निवासी 17 वर्षीय मनीष पुत्र रज्जन अपने तीन दोस्तों के साथ गोमती नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद उन्होंने शोर मचाकर आसपास के लोगों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। बाजार शुकुल थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से नदी में तलाश अभियान शुरू किया।

## डीसीएम और बाइक की टक्कर से युवक घायल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** रामगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार देर रात नेशनल हाईवे-330 अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना त्रिसुंडी गांव स्थित सिंह फिलिंग स्टेशन के सामने रात करीब 9:30 बजे हुई, जब एक डीसीएम ट्रक और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान प्रतापगढ़ जनपद के नथैया गांव निवासी मोनू वर्मा पुत्र नन्हे वर्मा के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही इंडस्ट्रियल एरिया त्रिसुंडी पुलिस चौकी प्रभारी रामजी सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल सरकारी एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल डीसीएम ट्रक को कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने सुचारु कराया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

## 24 घंटे के भीतर पुलिस व स्वाट ने लुटेरों को दबोचा



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जायस थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर अनावरण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए सोने-चांदी के विभिन्न आभूषण भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार बीते 2 जून को रानी हरवंशगंज मजरे मवई आलमपुर निवासी आकाश पुत्र धर्मवीर की पत्नी घर पर अकेली थी। आरोप है कि गांव के ही दुर्गेश, अरमान और इमरान छत के रास्ते घर में घुस गए तथा महिला को धमकाकर अलमारी और पेटी की चाबी ले ली। इसके बाद आरोपी आभूषण और 10 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट भी की गई। मामले की सूचना मिलने पर थाना जायस में नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना जायस पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर त्रिपुला तिराहे के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों अरमान और दुर्गेश को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से पायल, पाजेब, बिछिया, हाथफूल, मंगलसूत्र, मांगटीका, नथिया, झुमकी समेत अन्य आभूषण बरामद किए गए। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने साथी इमरान के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस अधीक्षक ने घटना के त्वरित अनावरण और गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 15 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## पुलिया निर्माण में सुरक्षा मानकों की हो रही अनदेखी

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बा जैदपुर में सिद्धौर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कराए जा रहे पुलिया निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई है। सर्विस लेन पर बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेतक न लगाए जाने के कारण एक कार निर्माणाधीन स्थल के गहरे गड्ढे में जा गिरी, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।हालांकि कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए।जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत जैदपुर क्षेत्र में सिद्धौर मार्ग पर पीडब्ल्यूडी की ओर से पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि सर्विस लेन पर न तो बैरिकेडिंग की गई थी और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था।बताया जाता है कि बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात करीब एक बजे सिद्धौर से बाराबंकी की ओर जा रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर निर्माण कार्य के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई,जबकि उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गए। गुरुवार सुबह गड्ढे में कार पड़ी देख स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सुखीपुर, वि.ख. बनीकोडर, बाराबंकी

पत्रांक-/ग्रा0पं0/मनरेगा/सामग्री-आपूर्ति/निविदा सूचना/बनी0/2026-27 दिनांक- 04.06.2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुखीपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत जनहित में निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। जिसके लिये संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु जीएसटी पंजीकृत कप मालिक/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से स्वीकृत दरों के अधीन निम्नलिखित शर्तो एंव प्रतिबन्धों के अधीन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 05.06.2026 से 22.06.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किये जा सकते है। मोहरबन्द निविदायें दिनाँक 23.06.2026 को प्रातः 10 से 02 बजे अपरान्ह तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी तथा दिनाँक 23.06.2026 को ही ग्राम पंचायत की निविदा समिति के द्वारा आम पंचायत कार्यालय/पंचायत भवन में फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष समय 3.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा (सं0/ई0में) श्रामाश हेतु स्वीकृत धनराशि | अनु.लागत जीएसटी सहित (रू. लाख में) सामग्री | धरोहर राशि (लाख रू. में) | निविदा मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, सरिया, लोहा प्रथम श्रेणी ईंट, टाइल्स ईंट, गिट्टी, पेन्टिंग सामग्री | 98055 | 901745 | | 1000 | दो माह |

01-निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत/बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे-आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत सुपी विकास खण्ड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा।
02-आपूर्तिकर्ता को संलग्न बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव/प्रधान/तकनीक सहायक/अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय/स्थान पर आपूर्ति करना होगा।
03-आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्ब आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नही होगी।
04-जी.एस.टी. पंजीकृत बिल ही मान्य होगा।
05-विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।
06-आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।
07-आपूर्ति की गयी सामग्री के भाड़ा/किराये का अलग से भुगतान देय नही होगा।
08-निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुबन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत सुखी 58 उपरोक्तानुसार प्राक्कलित/स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान/तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्मित समय/स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
09-निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
10-निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नही होगा।
11-निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एवं शब्दों मे करना आवश्यक होगा।
12-बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**शिव बहादुर मौर्या**
**तकनीकी सहायक**
**बनीकोडर, बाराबंकी**

**रोहित वर्मा**
**सचिव**
**बनीकोडर, बाराबंकी**

**जय प्रकाश सिंह**
**प्रशासक सुखीपुर**
**बनीकोडर, बाराबंकी**


## विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर कलम शक्ति ट्रस्ट की टीम ने रेंजर नीरज जोशी से की मुलाकात



**लालगंज, रायबरेली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर कलम शक्ति ट्रस्ट की टीम ने गुरुवार को लालगंज वन विभाग में तैनात रेंजर नीरज जोशी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, सचिव जितेंद्र सविता, संगठन मंत्री अंकुर श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी आदित्य वर्मा उपस्थित रहे। सभी ने 5 जून को आयोजित होने वाले विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए। रेंजर नीरज जोशी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि सतत रूप से निभाई जाने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कलम शक्ति ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण के प्रति चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियानों की सराहना करते हुए टीम को शुभकामनाएं एवं अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

अंत में कलम शक्ति ट्रस्ट ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने तथा वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**समृद्धि न्यूज़, मसौली बाराबंकी।** बुधवार की दोपहर घर से दवा लेने के लिए निकले एक 20 वर्षीय युवक का शव लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे ट्रैक पर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के कस्बा शहाबपुर निवासी कृपाशंकर तिवारी का 20 वर्षीय पुत्र सलिल तिवारी बुधवार दोपहर घर से दवा लेने के लिए बाईक से नमस्ते क्लिनिक शहाबपुर के लिए निकला था जो देर शाम तक घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसी बीच मध्य रात्रि लखनऊ पुलिस द्वारा सूचना मिली कि लखनऊ के गोमतीनगर क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



अखिल भारतीय शाक्य महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह

मान पैलेस में अखिल भारतीय शाक्य महासभा के तत्वावधान एवं प्रदेश संयोजक कुलदीप कुमार शाक्य के नेतृत्व में समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

हरिशरण शाक्य एडवोकेट की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत संस्कृतिक सचिव दीपमाला शाक्य ने बुद्ध वंदना व रामवरन शाक्य ने पंचशील पाठ से की। मुख्य अतिथि डॉ गरिमा शाक्य आईआईटी. पालक्काड (केरल), डॉ राजकमल मौर्य एनआईटी. सूरत (गुजरात), डॉ भारतसिंह शाक्य पूर्व सदस्य लोक सेवा चयन आयोग व उपकुलपति अलवर (राजस्थान) एवं महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ आलोक शाक्य ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले हाई स्कूल व इंटर के 80 मेधावियों को सम्मानित किया। डॉ गरिमा शाक्य ने छात्रों को अपने करियर में आगे जाने के टिप्स देते हुए कहा कहा कृतज्ञ बने, कंपटीशन करें, ईर्ष्या ना करें, खुद को कमजोर ना समझे, अपने माता-पिता की मेहनत को बेकार ना जाने दें, सोशल मीडिया का सीमित उपयोग करें। डॉ राजकमल मौर्य ने कहा बुलंदियों पर पहुंचना आसान है लेकिन बुलंदियों पर ठहरना आसान नहीं है। ये आपके करियर का पहला कदम है। इसको सही दिशा में निरंतर आगे बढ़ाते रहना है। संचालन कर रहे शिक्षक प्रदेश संयोजक कुलदीप कुमार शाक्य ने कहा मेहनत ही सफलता की कुंजी है बिना मेहनत के प्राप्त की हुई सफलता सदैव कमजोर व कम समय के लिए होती है। डॉ भारत सिंह शाक्य ने शिक्षा पर विशेष बल देते हुए छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार शैक्षिक स्ट्रीम चुनने को कहा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ आलोक शाक्य ने आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र समाज के 17 व्यक्तियों को प्रदान किये और मेधावी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षित बने संगठित रहे और समाज व देश का उत्थान करें। अंत में अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष हरिशरण शाक्य ने कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त करके कहा कि आप लोगों ने जिस मेहनत से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में सफलता प्राप्त की है, उसी प्रकार से आगे भी मेहनत और लगन से कठिन परिश्रम करते रहें और समाज के लिए उदाहरण बनते हुए मिसाल कायम करें। इस दौरान दिल्ली प्रदेश संरक्षक समरसिंह शाक्य, प्रदेश सचिव गौरव शाक्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अंकित शाक्य, महासचिव राजेश कुमार शाक्य एडवोकेट कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह शाक्य सांस्कृतिक सचिव दीपमाला शाक्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र उर्फ ब्रजेश शाक्य एडवोकेट, उपाध्यक्ष राहुल शाक्य, सर्वेश शाक्य, सुनील शाक्य, युवराज शाक्य, आलोक शाक्य, अमित शाक्य मीडिया प्रभारी, सतीश शाक्य, डॉ अनिल शाक्य, कार्तिक शाक्य, रामवीर शाक्य, अनुज शाक्य, सुधा शाक्य, अनुभा, बेबी, हेमा, पूनम शाक्य सभासद रूपेंद्र शाक्य, भास्कर आदित्य शाक्य, चंद्रभान शाक्य दिनेश शाक्य एडवोकेट, तरुण शाक्य, जयवीर शाक्य, डॉ रामविलास शाक्य, विक्रम शाक्य, पूरनमल शाक्य आदि मौजूद रहे।

## ईओ अजय कुमार ने संभाला नगर पालिका का चार्ज



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद पुखरायां से स्थानांतरित होकर आए अधिशासी अधिकारी अजय कुमार ने गुरुवार को छिबरामऊ नगर पालिका परिषद का चार्ज ग्रहण कर लिया।

विकास कार्यों को देंगे प्राथमिकता

वरिष्ठ सभासद मूलचंद उर्फ अग्निवेश यादव, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे एवं जेई रविराज कौशल ने बुके देकर नवागंतुक ईओ का स्वागत किया। इस अवसर पर ईओ अजय कुमार ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा छिबरामऊ को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित शहर बनाने के लिए मैं पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करूंगा। नगर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाना, जल निकासी की समस्या का समाधान, सड़कों का सुधार, पार्कों का विकास और आम जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। पारदर्शिता और टीम वर्क के साथ हम छिबरामऊ को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य लिपिक संजय वर्मा, अंकित दुबे, आशुतोष पांडे, सफाई प्रभारी अमरदीप, प्रवेश यादव सहित कई सभासद एवं पालिका कर्मी उपस्थित रहे।

## राज शर्मा ने रेल अधिकारियों को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**कन्नौज/बरेली, समृद्धि न्यूज़।** पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के जेडआरयूसीसी सदस्य एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कन्नौज के जिलाध्यक्ष राज शर्मा ने इज्जतनगर मंडल बरेली पहुंचकर अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। उन्होंने यात्रियों और जनहित से जुड़ी समस्याओं को उठाते हुए मंधना से दिल्ली के लिए प्रतिदिन दो ट्रेनों के संचालन की मांग की। राज शर्मा ने कहा कि अनवरगंज-मंधना एलिवेटेड ट्रैक निर्माण के चलते कई ट्रेनों के निरस्तीकरण और मार्ग परिवर्तन की योजना बन रही है।

ऐसे में दिल्ली जाने वाली प्रमुख कालिंदी एक्सप्रेस के रूट परिवर्तन या बंद होने से यात्रियों, व्यापारियों और आम जनता को भारी परेशानी होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि कालिंदी एक्सप्रेस में किसी भी बदलाव से पहले मंधना से दिल्ली के लिए सुबह और शाम दो नई ट्रेनें की व्यवस्था की जाए।

# 140 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिले स्मार्टफोन

## जलालाबाद ब्लाक सभागार में बीडीओ व सीडीपीओ ने कार्यकत्रियों को बांटे स्मार्टफोन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक जलालाबाद सभागार में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवनीश दोहरे ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी रतिराम तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी शेषमणि यादव की उपस्थिति में कुल 140 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए।

स्मार्टफोन प्राप्त करने के बाद कार्यकत्रियों में उत्साह देखने को मिला। अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल इंडिया अभियान के तहत




आंगनबाड़ी सेवाओं को तकनीक से जोड़ने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। स्मार्टफोन के माध्यम से कार्यकत्रियां पोषण ट्रैकर पर डेटा अपडेट करने, लाभार्थियों का पंजीकरण करने तथा एफआरएस के जरिए राशन वितरण जैसी प्रक्रियाओं को अधिक सरल और प्रभावी ढंग से संचालित कर सकेंगी। कार्यक्रम में मुख्य सेविका रश्मि शर्मा, पूजा अग्निहोत्री, अमीषा चौरसिया एवं गरिमा दिवाकर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। स्मार्टफोन वितरण के बाद कार्यकत्रियों ने अपने नए फोन हाथ में लेकर समूह फोटो खिंचवाई और खुशी जाहिर की।

# विद्यालयों में चलेगा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को शासन के आदेश पर जनपद के समस्त विद्यालयों में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने गुरुवार को पत्र भेज कर दी है इस संबंध में सभी प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने-अपने विद्यालय परिसर में अनिवार्य रूप से पौधारोपण कराएं और कार्यक्रम की फोटो निर्धारित समूह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।विद्यालयों में पौधारोपण के दौरान स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का संदेश दिया जाएगा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की है। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण विषयक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के पटेल सहायक राघवेंद्र सिंह ने सभी प्रधानाचार्य को फोटो व्हाट्सएप पर मैसेज करने की सलाह दी है।

# सेना और वायु सेना में चयनित छात्रों का विद्यालय में हुआ भव्य सम्मान

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र तेराजाकेट में स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज में शुक्रवार को विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण रहा। ग्राम रजलामऊ के होनहार विद्यार्थियों अमन शर्मा एवं रितिक कुमार का भारतीय सेना तथा अजय प्रताप सिंह का भारतीय वायु सेना में चयन होने पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव एवं शिक्षकों ने तीनों विद्यार्थियों को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने भी अपने गुरुजनों का



आशीर्वाद प्राप्त किया और मिठाई खिलाकर सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों और उनके परिवारों के लिए, बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं की सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी देश सेवा के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने चयनित युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने तीनों चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नए एआरएम ने संभाली कमान, यात्री सुविधाओं को बनाएंगे प्राथमिकता



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

रोडवेज डिपो को नया सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) मिल गया है। दिनेश यादव ने गुरुवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर डिपो के अधिकारियों, कर्मचारियों, बस चालकों और परिचालकों ने उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद एआरएम दिनेश यादव ने कहा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि बसों का समयबद्ध संचालन, यात्रियों की सुरक्षित यात्रा तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही परिवहन सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुगम बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष डिपो में बसों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे संचालन व्यवस्था और मजबूत हुई है। इसके अलावा महिला यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिपो में 53 महिला परिचालकों की तैनाती की गई है।

नए एआरएम की नियुक्ति से रोडवेज कर्मचारियों के साथ-साथ यात्रियों को भी बेहतर परिवहन सेवाओं की उम्मीद है। अधिकारियों का मानना है कि उनके नेतृत्व में डिपो की व्यवस्थाओं में और सुधार देखने को मिलेगा।

## गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने का दिलाया संकल्प



**छिबरामऊ, कन्नौज।** यहां से फर्रूखाबाद जाते समय गौरक्षा यात्रा पर निकले जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का नगर के फर्रूखाबाद चौराहे पर स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गौभक्त मौजूद रहे। इस अवसर पर शंकराचार्य ने गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने उपस्थित लोगों को गौसंरक्षण और गौमाता के सम्मान के लिए संकल्प भी दिलाया। शंकराचार्य ने कहा कि देशभर में गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग लगातार उठाई जा रही है और इस संबंध में सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाए, ताकि गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग पर उचित निर्णय लिया जा सके। उनके इस बयान के बाद क्षेत्र में राजनीतिक और धार्मिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। गौरतलब है कि कन्नौज में उनके रात्रि विश्राम को लेकर भी विवाद सामने आया था। शंकराचार्य ने प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि परिस्थितियों के चलते उन्हें पाल चौराहे पर सडक़ किनारे रात्रि विश्राम करना पड़ा। कार्यक्रम के दौरान शंकराचार्य ने नगर के मोहल्ला सराफान निवासी अजय चौबे को गौ रक्षा समिति का विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवक रंजीत पांडे, कृष्णा पांडे, ठेकेदार लाल बहादुर सिंह उर्फ लालू चौहान, विवेक यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मनोज दूबे ने एसटीपी प्लांट की प्रगति का लिया जायजा

- स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत 2428.45 लाख से हो रहे विविध कार्य

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दूबे ने काशीराम कॉलोनी के पीछे निर्माणाधीन एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निरीक्षण कर कर की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया। पालिकाध्यक्ष ने कहा स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत यह पूरी योजना 98.14 करोड़ यानी लगभग एक अरब की है। इसके रखरखाव के लिए नगर पालिका को हर साल 5 करोड रुपए खर्च करने होंगे। यह योजना तीन चरणों में पूरी होगी। प्रथम चरण में ट्रीटमेंट प्लांट यहां पर बन रहा है। द्वितीय चरण में मेन रोड के उत्तर साइड और तृतीय चरण में सौरिख रोड साइड में सीवर का काम होगा। नगर की स्वच्छता एवं जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण परियोजना तेजी से प्रगति पर है। एसटीपी के माध्यम से नगर के गंदे पानी को शुद्ध कर किसानों को सिंचाई हेतु उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे एक ओर जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तो दूसरी ओर किसानों को भी लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि यह जनहितकारी परियोजना समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो, ताकि नगरवासियों एवं किसानों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। स्वच्छ नगर, सुरक्षित पर्यावरण और समृद्ध किसान, यही हमारी विकास की सोच है।

# एसडीएम के निर्देश पर पुराने भवन को किया धरासाई

- लाइब्रेरी के लिए समधन नगर में जल्द नए भवन का होगा निर्माण: आसमा बेगम

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



पुराने लाइब्रेरी भवन को गिरवाकर नया भवन बनायें जाने की एसडीएम से सभासदों ने मांग उठाई गई थी जिसको जेसीबी मशीन लगाकर जर्जर भवन को गिरा दिया गया है। समधन नगर पंचायत कार्यालय के पास बीते कई साल से लाइब्रेरी का जर्जर भवन खड़ा है जिसको बीते दिनों पहले नगर पंचायत के सभासद आजम, कादिर उर्फ छोटे ने संयुक्त रूप से छिबरामऊ उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी से लाइब्रेरी के जर्जर भवन को गिराकर नगर पंचायत से नया भवन बनवाने की मांग उठाई थी एसडीएम के निर्देश पर नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने गुरुवार को पुराने लाइब्रेरी के जर्जर भवन को जेसीबी मशीन से मलबे में तब्दील करा दिया गया चेयरमैन आसमा बेगम ने बताया कि लाइब्रेरी का काफी पुराना जर्जर भवन हो चुका था कभी कोई हादसा भी हो सकता था इसलिए एसडीएम से सभासदों के मांग के तहत आज पुराना भवन गिरा दिया गया अब जल्द नया भवन बनवाये जाने का काम शुरू करा दिया जायेगा।

## डॉ विश्वनाथ अवस्थी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गंगोत्री गेस्ट हाउस में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नगर के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ विश्वनाथ अवस्थी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने डॉक्टर विश्वनाथ अवस्थी के चिकित्सा क्षेत्र में अहम योगदान को याद करते हुए कहा जब डॉक्टर अवस्थी ने नगर में अपना क्लीनिक शुरू किया था उस समय चिकित्सा सुविधाओं का बहुत अभाव था। चिकित्सा क्षेत्र में अहम योगदान देते हुए समाज सेवा निरंतर जारी रखी और लगभग 90 साल की उम्र में उनका दुखद निधन हुआ जो यहां के लिए बहुत बड़ी क्षतिहै। पूर्व भाजपा सांसद सुब्रत पाठक, जीतू तिवारी, राजीव दुबे, भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, राजेश कुमार त्रिपाठी उर्फ सोनू प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सहित बड़ी संख्या में पहुंचे गणमान्य लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# 140 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरित

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश सरकार की डिजिटल सशक्तिकरण एवं तकनीकी नवाचार की नीति को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से बाल विकास परियोजना जलालाबाद के अंतर्गत विकास खंड जलालाबाद सभागार में स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवनीश दोहरे ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी रतिराम तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी शेषमणि यादव की उपस्थिति में परियोजना क्षेत्र की 140 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्मार्ट फोन उपलब्ध कराए जाने से विभागीय कार्यों में तकनीकी दक्षता, पारदर्शिता एवं कार्य की गति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके माध्यम से पोषण ट्रैकर एप पर लाभार्थियों का पंजीकरण, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की नियमित मॉनिटरिंग, एफआरएस प्रणाली के माध्यम से राशन वितरण तथा विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का संचालन अधिक सरल एवं प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। स्मार्ट फोन प्राप्त करने के बाद सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उत्साहित एवं प्रसन्न नजर आईं। उन्होंने शासन की इस पहल को महिला एवं बाल विकास सेवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यकत्रियों ने स्मार्ट फोन प्राप्त कर सामूहिक फोटो खिंचवाकर अपनी खुशी व्यक्त की।

कार्यक्रम में मुख्य सेविका श्रीमती रश्मि शर्मा, श्रीमती पूजा अग्निहोत्री, श्रीमती अमीषा चौरसिया एवं श्रीमती गरिमा दिवाकर सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह पहल डिजिटल इंडिया के सपनों को साकार करने के साथ-साथ आंगनबाड़ी सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनकेंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगी।


# PRINCIPAL REQUIRED

**For Army Public School Fatehgarh**

**(CBSE Affiliated, English Medium, Pvt Unaided, Registered under the Societies Registration Act-1860)**

1. Army Public School Fatehgarh, **a Private Senior Secondary** School is located in Fatehgarh, Uttar Pradesh. The School is affiliated to CBSE. The School requires a Principal.

2. **Qualifications & Experience should be as under.**

2.1 Regular Masters Degree with 50% aggregate marks in CBSE notified teaching subjects (preferably being taught in Army Public Schools) from a recognized University/Institute.

2.2 Regular Bachelor of Education with min 50% aggregate marks from UGC/NCTE recognized University/Institution.

2.3 **Experience as under.**

2.3.1 Minimum 8 Year regular service as a PGT in any teaching sub ject in a recognized CBSE school. For a serving Vice Principal, it will be 6 yrs as a PGT in any teaching subject in a recognized CBSE school and 02 yrs administrative experience as a Vice Principal.

OR

2.3.2 15 Years combined experience as PGT/TGT out of which min 3 years should be as a PGT in any teaching subject in a recognized CBSE school.

2.4 Adequate working knowledge of Computers / MS Office/MS Power Point.

2.5 **Additional Desired Qualifications:** PhD, M.Ed and min 3 years administrative experience as a Vice Principal/Sr Secy School Exam-in-Charge in a recognized CBSE School.

2.6. For APS employees (PGT/TGT) only experience and age criteria is required to be fulfilled.

3. **Age.** Age limit as on 01 Aug 2026 - Min 40 Years and Max 50 Years. Max age limit for Regular APS employees and ESM will be 55 yrs.

4. **Pay & Allowances.** Negotiable, along with other perks as per AWES Guidelines. Special incentives for outstanding meritorious candidates.

5. **Terms and Conditions.** Initial appointment will be for four years. On completion of successfulservice, the service may be regularized through a special screening board by the appointing authority subject to meeting good professional competency and other laid criteria as per AWES norms. In-service regular staff from the same-school, if selected, will continue to remain regular but will mandatorily undergo one year of probation.

6. **Selection Process.** Through Selection Panel Interview **(Only candidates short-listed, based on Qualification, Experience and other criteria as considered by the Management, will be called for interview).**

7. **Application*.** Interested candidates may apply on plain paper enclosing bio-data including Candidate's Information Form along with recent passport size photograph, copies of experience certificates/testimonials, email ID, contact numbers and any other relevant details in a sealed envelope marked **"Application for the Post of Principal, Army Public School Fatehgarh"** by Registered/ Speed Post to:

**Director AWES**
**HQ Central Command**
**Nehru Road**
**Lucknow Cantt (UP) - 226002.**

8. Last date of submission of application is **24 Jun 2026.**

**Note:** *Applicants are requested to attach attested copy of all Educational Qualification, Mark Sheets, Experience, Achievement Certificates. The Candidate's Information Form to be downloaded from APS Fatehgarh website: https://www.apsfatehgarh.com/ and to be filled up accordingly.Incomplete application and application received through other modes (e-mail etc) are liable to be rejected. **No TA/DA will be admissible for the interview.**

## सूचना

मेरे ग्रेफ सर्विस नं. GS158699F रिकार्ड में पुत्र Aditya Singh दर्ज है। जबकि सही नाम Aditya Rajput व जन्मतिथि 20.12.2005 है। दूसरे पुत्र का नाम Rishav दर्ज है। जबकि सही नाम Rishav Rajput है। अर्जुन सिंह पुत्र जी.पी. सिंह नि. अन्नपूर्णा नगर तिर्वाखास, कन्नौज।

## सूचना

मेरी एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी कानपुर वर्ष 2008 पॉलिसी नंबर 01052978 में त्रुटिवश मेरा नाम हनुमंत चतुर्वेदी एवं जन्मतिथि 06-04-2007 अंकित हो गई थी जबकि मेरे हाई स्कूल के अंक पत्र व आधार कार्ड में मेरा सही नाम मोक्ष चतुर्वेदी पुत्र अरुणेश चतुर्वेदी एवं जन्म तिथि 06-06-2007 दर्ज है, जोकि सही है। अब यही कर दिया जाए। मोक्ष चतुर्वेदी पुत्र अरुणेश चतुर्वेदी निवासी मोहल्ला इब्राहिम गंज गुरुद्वारा रोड, छिबरामऊ, हाल निवासी 3/193 आवास विकास कॉलोनी छिबरामऊ (कन्नौज)।

## संबंध विच्छेद

मैंने अपने बड़े पुत्र शमीम उर्फ समीर पुत्र जलालुद्दीन जो आये दिन मुझे व पूरे परिवार को अकारण परेशान करते हैं उनके आचरण ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार से तंग आकर मैंने उन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त अपने पूरे परिवार सहित सम्बंध विच्छेद कर लिया हैं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये लेन-देन व कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे। जिनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा कोई लेना-देना नहीं होगा। जलालुद्दीन पुत्र शरफुद्दीन निवासी मोहल्ला सर्वोदय नगर गोला देहात, गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी।


# मिल्क वैन की चपेट में आने से दो वर्षीय बच्चे की मौत

- परिजनों ने चालक को पकड़कर पीटा
- पुलिस व परिजनों के बीच हुई जमकर कहासुनी
- मामा के घर अपनी मां के साथ आया था

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गुरूवार सुबह करीब 9 बजे एक मिल्क वैन की चपेट में आने से 2 साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चा अपने ननिहाल आया हुआ था। हादसे के बाद भड़के परिजनों ने चालक को पकड़कर पीटा और मौके पर हंगामा शुरू कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने करीब ढाई घंटे बाद परिजनों को शांत कराया। आरोपी चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नगला चंदन गांव के रहनेवाले हरेंद्र यादव घर पर ही दूध डेयरी का काम करते हैं। हरेंद्र यादव के तीन बेटे सुधीर, सुबोध और आकाश और एक बेटी शिवानी हैं। शिवानी की शादी मैनपुरी जिले बिछुआ के सटैया गांव के रहनेवाले रोहित यादव से हुई है। रोहित प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। एक महीने पहले शिवानी अपने 2 साल के बेटे रियांश के साथ अपने मायके नगला चंदन आई थी। गुरुवार की सुबह बेटा रियांश घर के आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान रोज की तरह डेयरी पर दूध लेने आई एक मिल्क वैन की चपेट में आ गया। गाड़ी का पहिया रियांश के सिर चढ़ गया।



घबराकर ड्राइवर ने गाड़ी तुरंत रोक ली और रियांश को वैन के नीचे से बाहर निकाला और गले से लगा लिया। यह देख रियांश के मामा सुधीर भी उसके पास पहुंचे। उन्होंने उन्होंने रियांश को गोद में लिया। देखा तो रियांश की मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजन चालक पर भड़क गए। उन्होंने चालक को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। परिजनों ने चालक को 3-4 थप्पड़ भी जड़े। परिजनों और चालक के बीच कहासुनी को देख मौके पर करीब 100 से ज्यादा लोग इकट्ठा हो गए। परिवार ने जमकर हंगामा शुरू कर दिया। घटनास्थल से गुजर रहे क्षेत्रीय लेखपाल सतेंद्र गंगवार ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर करीब आधे घंटे बाद बबना चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। स्थिति बिगड़ती देख उन्होंने थाने को सूचित किया। इसके बाद अपराध निरीक्षक संजय कुमार राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में ले लिया। परिजनों की करीब ढाई घंटे तक पुलिस से बहस होती रही। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाने के दौरान भी शव को लेकर छिना-झपटी हो गई। परिजनों की मांग थी कि बच्चे के पिता के आने के बाद ही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाए। किसी तरह समझाकर पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी। इकलौते बेटे की मौत से मां शिवानी का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के मामा सुबोध कुमार की सूचना पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वाहन चालक को पुलिस हिरासत में लिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।


रोते बिलखते मृतक के परिजन


ग्रामीणों को समझाती पुलिस

## पुरानी रंजिश में युवक ने जानमाल की दी धमकी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नया गनीपुर निवासी जनीश खां को गुरुवार शाम उनकी दुकान पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। यह घटना मंझना रोड स्थित उनकी निरमा की दुकान पर हुई। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, गांव सोना जानकीपुर निवासी एक युवक और उसके साथी पुरानी रंजिश के चलते जनीश खां की दुकान पर पहुंचे। उन्होंने जनीश खां के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब जनीश खां ने गाली गलौज का विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और वहां से चले गए। जनीश खां ने इस संबंध में थाना पुलिस को लिखित शिकायत दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

## युवक ने पूर्व प्रधान की जेब काटकर पार किये 20 हजार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पूर्व प्रधान को एक युवक को लिफ्ट देना भारी पड़ गया, क्योंकि युवक ने उनकी जेब काटकर 20 हजार रुपये पार कर दिये। जानकारी होने पर पूर्व प्रधान ने थाने में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

युवक को बाइक से दी थी लिफ्ट


जानकारी देते पीड़ित

कायमगंज के गांव मई रशीदपुर निवासी पूर्व प्रधान अजय राज अपनी बाइक से गुरुवार को दोपहर बाद फर्रुखाबाद से वापस अपने घर म रशीदपुर जा रहे थे, तभी गांव नया नगला स्थित एक परचून के खोखे के पास नगर की गायत्री गली निवासी एक युवक ने अजय राज को रोका और कहा कि गांव कुतुबुद्दीनपुर तक मुझे भी ले चलो। तो अजय राज ने उसे अपनी बाइक पर बिठा लिया और उसके बताए गांव कुतुबुद्दीनपुर में उसे छोड़कर घर पहुंचे। घर पहुंच कर उन्होंने देखा कि पेंट की जेब में रखे 20 हजार रुपए गायब थे। जिसपर अजय राज ने वापस उसी खोखे पर जाकर अमन के बारे में जानकारी की तो पता चला कि वह कायमगंज में अपनी रिश्तेदारी में गया है। अजय राज ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही करने की बात कही। पूर्व प्रधान अजय राज थाने में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

## आइस्क्रीम विक्रेता सहित दो लापता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला गायत्री गली निवासी नरेन्द्र कुमार सक्सेना का 25 वर्षीय पुत्र अमन कुमार आइस्क्रीम बेंचने का काम करता है। अमन कुमार घर से आइस्क्रीम बेंचने निकला था। शाम तक अमन के घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन अमन का कोई पता नहीं चल सका। तमाम रिश्तेदारियों में खोजबीन करने के बाद गुरुवार नरेन्द्र कुमार सक्सेना ने पुलिस को पुत्र के लापता होने की तहरीर दी। नवाबगंज क्षेत्र के गांव सिरमौरा बांगर निवासी गिरीश चंद्र शाक्य का 20 वर्षीय पुत्र अंशुल बुधवार शाम घर से बिना बताए चला गया। शाम तक अंशुल के घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। खोजबीन के बाद गिरीश चंद्र शाक्य ने पुलिस को पुत्र के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# शंकराचार्य ने बढ़पुर मंदिर में टेका माथा, हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, सृद्धि न्यूज।**

प्राचीन सिद्ध पीठ बढ़पुर देवी मंदिर गेट पर क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक व राजनैतिक प्रतिनिधियों ने शंकराचार्य की भव्य अगवानी की। स्थानीय सभासद धर्मेंद्र कनौजिया, अध्यक्ष सचिन कटियार, आदित्य कटियार, अंकुर गुप्ता, विनीत कटियार, सुमित कटियार, अमित वर्मा, मोनू कटियार, अंकुर कटियार, सुमित गंगवार, शिवम श्रीवास्तव, हरवीर यादव, सौरभ गुप्ता, पवन मिश्रा, विक्की पाठक और विक्की पुजारी ने पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ जगद्गुरु शंकराचार्य को पुष्पों की विशाल माला भेंट की। इसके साथ ही, युवा नेताओं और पुजारियों ने मिलकर माँ शीतला देवी माता रानी का अत्यंत मनमोहक और दिव्य चित्र शंकराचार्य महाराज को स्मृति चिन्ह के रूप में ससम्मान भेंट कर उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। जगद्गुरु शंकराचार्य मंदिर के गर्भगृह में पधारे, जहां उन्होंने आदि शक्ति मां शीतला माता की कपूर और दीप प्रज्वलित कर भव्य आरती उतारी। मंत्रोच्चार के बीच हुए इस पूजन के बाद उन्होंने पूरे श्रद्धा भाव से माता रानी के दर्शन किए और देश में सुख, समृद्धि तथा गौ माता की रक्षा की कामना की। दर्शन के पश्चात शंकराचार्य ने पूरे मंदिर भवन की परिक्रमा की। उन्होंने ऐतिहासिक सिद्ध पीठ के परिसर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संदेश दिया कि सनातन धर्म की रक्षा तब तक संभव नहीं है, जब तक हम अपनी आस्था के मूल स्तंभों जैसे कि वेद, पुराण, गंगा और गौ माता की रक्षा के लिए जाति-पाति के बंधनों से ऊपर उठकर एकजुट नहीं हो जाते।


शंकराचार्य का स्वागत करते मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सचिन कटियार आदि

पांडेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे जहां पर शंकराचार्य ने सर्वप्रथम मंदिर परिसर में स्थापित नंदी महाराज की विधि-विधान से परिक्रमा की और तत्पश्चात भोले बाबा के गर्भगृह में जाकर दर्शन-पूजन किए। महादेव का आशीर्वाद लेने के बाद वे उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करने के लिए मंदिर के विशाल सत्संग भवन पहुंचे। सत्संग भवन में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए जगद्गुरु शंकराचार्य ने गौ संरक्षण के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया और तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने अत्यंत आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा कि हमारी पुरजोर मांग और दबाव के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए गाय को राष्ट्र माता घोषित कर दिया है।

यदि महाराष्ट्र सरकार ऐसा प्रगतिशील और धार्मिक कदम उठा सकती है, तो उत्तर प्रदेश जैसी पावन भूमि, जिसे भगवान श्री कृष्ण और श्रीराम की लीला स्थली माना जाता है, वहां की सरकार इस निर्णय को लागू करने में संकोच क्यों कर रही है। इस अवसर पर यात्रा के जिला संयोजक अंकित तिवारी, जिला सहसंयोजक डॉक्टर दीपक द्विवेदी, राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# डीसीएम की टक्कर से टेंपो पलटा, एक की मौत, कई घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



कमालगंज कोतवाली क्षेत्र में कन्नौज जनपद में स्थित रिश्तेदारी में अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहा एक ही परिवार से भरा टेंपो में गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे भटपुरा मोड़ के निकट फतेहगढ़ की ओर से जा रही डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे बेकाबू हुआ टेंपो सड़क पर पलट गया। हादसा इतना तेज था कि एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गये। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

अंतिम संस्कार से लौट रहा था परिवार

हादसे में कस्बा के मोहल्ला किदवई नगर निवासी रहीशुद्दीन (50) की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी नसरीन (50), पुत्र कामरान (25), पुत्री नगमा (30), दामाद तालिब (25), भतीज बहु राजिया (40), अमरीन (32), गुड्डन (40) व टेंपो चालक कन्नौज जिला के गुरसहायगंज कस्बा के श्रीमंत मोहल्ला निवासी अफसर अली (50) घायल हो गए।



घटना में घायल



मौके पर खड़ा डीसीएम

परिजनों ने बताया कि रईसुद्दीन जयपुर में सिलाई का कार्य करते थे। वह अपने बेटे कामरान की सगाई में शामिल होने के लिए कुछ दिन पहले ही घर आए थे। मंगलवार को बेटे की सगाई संपन्न हुई थी और परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन हादसे के बाद खुशियां मातम में बदल गई। रईसुद्दीन अपने पीछे छह बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं। उनकी सबसे बड़ी बेटी नगमा की शादी हो चुकी है, जबकि बेटा इमरान जयपुर में कार्य करता है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों और रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई। थाना अध्यक्ष ललित कुमार ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है।

# नवाबगंज में गौरक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा का हुआ स्वागत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गौरक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा का नवाबगंज के गांव मंझना में भव्य स्वागत हुआ। ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज की गौ रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा नवाबगंज के गांव मंझना पहुंची तो श्रद्धालुओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। गांव में स्थित शिव शक्ति मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शंकराचार्य ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया तथा गौरक्षा और सनातन धर्म की रक्षा का संदेश दिया।

इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और जय गोमाता के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान जगद्गुरु शंकराचार्य ने कहा कि गौ संरक्षण और सनातन संस्कृति की रक्षा प्रत्येक सनातनी का दायित्व है। उन्होंने समाज से धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आवाह्न किया। इसके बाद यात्रा नवाबगंज पहुंची। यहां मोहम्मदाबाद रोड स्थित पेट्रोल पंप पर श्रद्धालुओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।


शंकराचार्य का स्वागत करते लोग

उन्होंने कहा कि यात्रा 3 मई को गोरखपुर से आरंभ हुई है। जो प्रदेश की 403 विधान सभा क्षेत्रों में पहुंचकर 23 जुलाई को गोरखपुर में समापन होगा। इस दौरान डॉ0 नवरंग सिंह यादव, साजिद अली खान आदि मौजूद रहे।

# किसानों को उचित मुआवजा व अघोषित बिजली कटौती हो बंद: सपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी गुरुवार को जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा, अघोषित बिजली कटौती, बढ़ती महंगाई, खराब पड़े हैंडपम्प आदि जन-समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में मांग की कि लिंक एक्सप्रेस-वे हेतु अधिग्रहित की जा रही जमीन के एवज में किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। वर्तमान में चल रही जनगणना में एक विसंगति है, जनगणना में जहां सामाजिक ब्यौरा एकत्रित किया जा रहा है, वहां एससी एवं एसटी का तो कॉलम है जो कि स्वागत योग्य है, लेकिन ओबीसी का कोई कॉलम नहीं है, जबकि देश व प्रदेश में ओबीसी की बड़ी आबादी निवास करती है, जनगणना जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में ओबीसी का विकल्प न होना ओबीसी समाज के साथ भेदभाव है, ऐसा होने से ओबीसी समाज की वास्तविक स्थिति और आवश्यकताओं का सही मूल्यांकन नहीं हो पाएगा। समाजवादी पार्टी जनगणना प्रपत्र/ऐप एवं सॉफ्टवेयर में ओबीसी कॉलम जोड़ने की मांग करती है। भयंकर गर्मी पड़ रही है तापमान अपने चरम पर है ऐसे में प्रकाश में आया है कि शहर समेत पूरे जनपद में घंटों-घंटों के पावर कट लग रहे हैं। अघोषित रूप से बिजली कटौती की जा रही है जिससे कि आम जनमानस त्रस्त है पार्टी की मांग है कि अघोषित बिजली कटौती पर विराम लगे। डीजल, पेट्रोल एवं गैस के बढ़ते हुए दाम किसान एवं आम जनमानस के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं, सरकार बढ़ती हुई कीमतों पर अंकुश लगाए। ज्ञापन देने के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, सर्वेश अंबेडकर, इलियास मंसूरी, डॉ. जेपी सिंह वर्मा, नागेंद्र सिंह शाक्य, अजीत यादव, सुभाष चंद्र शाक्य, पुष्पेंद्र यादव, उदय प्रताप सिंह भोला यादव, पवन कठेरिया, विनीत परमार, प्रशांत सिंह राठौर, मुदस्सिर खां, नौशाद अहमद, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार पाल, अचल प्रताप सिंह, समीर यादव, राजीव शाक्य, अनुराग यादव, अर्चित शर्मा, शिवम पटेल, अभय यादव, अंकुर शाक्य आदि मौजूद रहे।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते सपा नेता

# चैन स्नैचिंग की पुलिस को दी थी झूठी सूचना, युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मां को गुमराह करते हुए चैन स्नैचिंग की झूठी सूचना देने के मामले में पुलिस ने वादी/आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

राजेपुर थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 01 जून को वादी राहुल शुक्ला पुत्र राजीव शुक्ला निवासी मोहल्ला दीनदयाल बाग मसेनी चौराहा थाना कादरीगेट ने डॉयल 112 पर सूचना दी गई कि वादी अपने माताजी के साथ जलालाबाद जा रहा था।

रास्ते में डबरी तिराहे के पास 02 अज्ञात बाइक सवारो द्वारा वादी की माताजी के गले से सोने की चेन छीन ली है। अज्ञात युवको को मैने, पकड़ने का प्रयास किया, किन्तु पकड़ नही सका। घटना की सूचना पर उच्चाधिकारीगणों एवं थाना राजेपुर पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 304(2) बीएनएस के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। वादी से अलग-अलग गहनता से पूछताछ की गई तो ज्ञात हुआ कि वादी की शादी पूर्व में हो चुकी है, शादी के बाद पति-पत्नी के मध्य मतभेद हो गया तथा दोनों अलग रहने लगे तथा वादी की पत्नी अपने गहने लेकर चली गई। इसी बीच वादी के पिताजी का एक्सीडेंट हो जाने व माताजी के हार्ट की मरीज होने के कारण वादी का काफी पैसा खर्च हो गया और वादी के ऊपर काफी कर्ज हो गया। इसी दौरान वादी द्वारा बंदूक के लाइसेंस के लिए भी अप्लाई किया गया है।


पुलिस हिरासत में आरोपी

वादी पर ज्यादा कर्ज होने के कारण वादी द्वारा अपनी माताजी के साथ अपराधिक षड्यंत्र रचते हुए साजिश के तहत पुलिस को गुमराह करते हुए पुलिस को झूठी सूचना दी गई। गहन पूछताछ एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य से घटना के दौरान छीनी हुई चेन वादी के कब्जे से बरामद कर वादी/अभियुक्त राहुल शुक्ला पुत्र राजीव शुक्ला निवासी मोहल्ला दीनदयाल बाग मसेनी चौराहा की गिरफ्तारी करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# गाय को राष्ट्र माता करें घोषित: शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

- गौ रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा का जनपद में पुष्प वर्षा व आरती के साथ हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज की गौ रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा का जनपद में आगमन होने पर श्रद्धालुओं और विभिन्न संगठनों द्वारा ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और पुलिस, स्कॉर्ट की निगरानी में काफिला आगे बढ़ा। स्वागत कड़ियों में विशेष रूप से सड़कों पर पानी का छिड़काव और लगातार पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र बनी रही।

**काली नदी बॉर्डर पर हुआ शंखनाद के साथ स्वागत**

यात्रा का जनपद में प्रवेश छिबरामऊ क्षेत्र के काली नदी पुल के पास से हुआ, जहां हिंदू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी, दीपक द्विवेदी जिला सह संयोजक, राजेश मिश्रा, विधान द्विवेदी, मृदुल चतुर्वेदी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने महाराज का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। इसके बाद जहानगंज कस्बे में राजेश मिश्रा द्वारा भव्य आरती और स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**जगह-जगह उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब**

यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, स्वागत का सिलसिला और गहराता गया। बघार तिराहा पर जितेंद्र यादव व राजेश मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अगवानी की। सेंट्रल जेल चौराहा व शिवशक्ति महाकाल मंदिर पर डॉ0 सर्वेश शुक्ला, सरल दुबे, विजय यादव, प्रमोद द्विवेदी भोले, शिवम एवं अन्य समाजसेवियों ने आरती उतारी गई और भव्य स्वागत हुआ। लाइफलाइन अस्पताल छोटी जेल चौराहा पर डॉ0 राघवेंद्र अग्निहोत्री के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर महाराज का आशीर्वाद लिया गया। ठाकुरद्वारा मंदिर फतेहगढ़ व राम जानकी मंदिर पर सभासद रानू शुक्ला उर्फब्रजेश शुक्ला द्वारा आरती व स्वागत कार्यक्रम संपन्न हुआ। मिल्ट्री चौराहा व शिव मंदिर ब्रह्मदत्त अवस्थी के आवास के पास अनुराग अग्रवाल और डॉ0 देवेंद्र मिश्रा द्वारा श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया।


यात्रा के दौरान भक्तों से घिरे शंकराचार्य

**चौक चौराहे पर हुई महाआरती**

शहर के मुख्य चौक चौराहे पर प्रदीप नारायण शुक्ला, मटर लाल दुबे की बटुक टीम द्वारा महाराज का भव्य स्वागत आरती उतारी गई। वहीं व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला तथा राजू गौतम, गोपी आदि लोगों ने पुष्प वर्षा की। इस दौरान पूरा चौक क्षेत्र जय गोमाता के जयकारों से गूंज उठा। इसके पश्चात मठिया देवी मंदिर पर क्रान्ति पांडेय और प्रशांत यादव ने पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया।

**पंडाबाग मंदिर में गूंजे शिवभक्ति के प्रवचन**

रेलवे रोड स्थित श्री पांडवेश्वरनाथ शिवालय पंडाबाग मंदिर पहुंचने पर जिला संयोजक और उनकी टीम के नेतृत्व में करीब 500 से अधिक भक्तों ने महाराज के प्रवचन सुने।

यहां स्वामी ने द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में मत्था टेका और विधि-विधान से पूजन किया। इसके बाद आयोजित विशेष सभा में उन्होंने भगवान भोलेनाथ की कथा सुनाते हुए गौ रक्षा और सनातन धर्म के महत्व पर ज्ञानवर्धक प्रवचन दिए।

**गोमाता के अत्याचारियों को माफ नहीं करेगी जनता**

ज्योतिषपीठाधिश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुकतेश्वरनंद महाराज ने कहा कि गोमाता के साथ अन्याय हो रहा है। गोमाता जन जन की माता है। इसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गोमाता पर अत्याचार करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि यदि योगी गोमाता को राज्य माता घोषित करेंगे, तो गोभक्त उनके साथ हैं। हालांकि, वह गोमाता को पुत्र और माता का संबंध बताकर राज्यमाता घोषित नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि हम गोमाता को पशु की श्रेणी से निकालकर रहेंगे।

## अवैध ताड़ी एवं मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा ने चौकी खुदागंज क्षेत्र के सिलार चौराहा तथा चौकी भोजपुर क्षेत्र के भूलनपूर्वा में अवैध ताड़ी के विरुद्ध सघन दबिश अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान लगभग 20 अवैध ताड़ी के पेड़ों के हत्ते कटवाए गए तथा 20 लीटर अवैध ताड़ी बरामद की गई। इस संबंध में दो अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। प्रवर्तन अभियान के दौरान विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंतर्गत देशी शराब दुकान अखमेलपुर, खिमसेपुर तथा कम्पोजिट मदिरा दुकान खिमसेपुर की गहन जांच की गई। इस दौरान स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, पीओएस मशीन के माध्यम से बिक्री तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। आबकारी विभाग द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी बनाए रखने तथा अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# एनसीसी कैडेट्सों ने पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल एएस मलिक के निर्देशन में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य व एनसीसी अधिकारी कैप्टन गिरिजा शंकर तथा डीएनपीजी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 लेफ्टिनेंट सत्येंद्र मिश्रा ने संयुक्त रूप से एनसीसी कैडेट्स के साथ वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

5 जून को प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। जिसमें पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के एनसीसी कैडेट्स के साथ कैप्टन गिरिजा शंकर तथा लेफ्टिनेंट डॉ0 सत्येंद्र मिश्रा ने डीएन पीजी कॉलेज में प्रातः 9 बजे लगभग 50 एनसीसी कैडेट्स के साथ जन जागरूकता अभियान छेड़ा। संचालन एनसीसी सीनियर कैडेट वंदिनी द्वारा किया गया। जन जागरूकता अभियान में कैप्टन गिरिजा शंकर ने बताया कि हमारा शरीर पांच तत्व चोटी जल पावक गगन समीर से बना हुआ है, जिनके बिना हमारा जीवन असंभव है। हमारा शरीर भी प्रकृति से ही चलता है, अगर हम इस प्रकृति से छेड़छाड़ करते हैं तो इसके हमें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं। हमें प्रकृति से कभी भी छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। प्रकृति से ही हमें जीवन जीने की कला और शिक्षा मिलते हैं। प्राण वायु हमें पेड़ पौधों से मिलती है, जबकि जल को संरक्षित करने से हमारे शरीर में पानी की कमी दूर होती है। प्रकृति को अगर हम सुरक्षित रखेंगे तो ही हम सुरक्षित रहेंगे, अन्यथा की स्थिति में पूरी दुनिया का जीवन ही खतरे में आ जाएगा। इसलिए हम सभी को मिलकर यह शपथ लेनी चाहिए कि हम कभी भी वृक्षों का कटान नहीं करेंगे। पेड़ पौधों को निरन्तर लगाते रहेंगे तथा उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करेंगे। इस प्रकार हम सभी मिलकर पर्यावरण को हमेशा सुरक्षित रखेंगे। पर्यावरण की सुरक्षा हेतु सभी एनसीसी कैडेट्स ने पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए शपथ ली। वहीं डॉक्टर लेफ्टिनेंट सत्येंद्र सिंह ने पर्यावरण दिवस मनाए जाने के संबंध में विस्तार से सभी एनसीसी कैडेट्स को बताया। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल द्वारा भी पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु अपील की गई।


पौधरोपण करते कैप्टन गिरिजा शंकर मौजूद कैडेट्स

# पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों को दी गई काउंसलिंग जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद लखनऊ द्वारा जनपद के ग्राम गॉंधी स्थित महाविद्यालय में पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा संचालित की जा रही है। जिसमें इंजीनियरिंग की विभिन्न ब्रांचों में प्रवेश लेने के लिए परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज से परीक्षा केंद्र पर भेजी गई टीम के सदस्यों ने परीक्षार्थियों को काउंसलिंग संबंधी जानकारी दी।

टीम के सदस्य कृष्णा मिश्रा ने बताया कि काउंसलिंग के प्रत्येक चरण में प्रवेश हेतु समय निर्धारित होता है उस निर्धारित समय में अभ्यर्थियों को काउंसलिंग और डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग और पीजीडीसी, जैसे कोर्स में प्रवेश के लिए जनपद के अभ्यर्थी राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज में सम्पर्क कर सकते हैं तथा टेक्स्टाइल टेक्नोलॉजी, टेक्स्टाइल डिजाइन प्रिंटिंग, व इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में प्रवेश लेने के लिए राजकीय पॉलीटेक्निक फर्रुखाबाद का चयन काउंसलिंग पंजीकरण के दौरान कर सकते हैं।


छात्रों को जागरुक करते कर्मचारी

# प्रधानाचार्य परिषद ने नवांगुतक डीआईओएस का किया स्वागत


डीआईओएस का स्वागत करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानाचार्य परिषद द्वारा नवांगतुक जिला विद्यालय निरीक्षक का स्वागत किया गया। जिला विद्यालय कार्यालय फतेहगढ़ पहुंचकर प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारियों ने डीआईओएस संजीव कुमार से शिष्टाचार्य भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री संदीप कुमार चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला महामंत्री डॉ. बृजभूषण सिंह, संतोष कुमार त्रिपाठी, कैप्टन गिरजा शंकर, डॉ. अनिल कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। परिषद ने शिक्षकों की समस्याओं पर भी जिला विद्यालय निरीक्षक से चर्चा की।

# हम सब एकजुट होकर पर्यावरण का करें संरक्षण: गुंजा जैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हर तरफ़ यही शोर सुनने में आता है की हमें पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए जगह-जगह गोष्ठी आयोजित होती है। और कई जगह वृक्षारोपण के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन क्या हम पर्यावरण संरक्षण की ज़मीनी हकीकत को समझते है यह सवाल हमे अपने आप से पूछना है। आज पूरा विश्व पर्यावरण दिवस मनाता है, इसलिए की हम सभी एक जुट होकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने कर्तव्य को समझे और ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को भी जागरूक करें।

पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने बताया कि आज हम प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन नामक संकट से ऐसे घिर चुके है कि अब हम सभी को एक साथ पर्यावरण बचाने के लिए एक साथ आना होगा। पहला विश्व पर्यावरण दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता लाने के लिए मनाया गया था। इसकी शुरुआत 1972 में 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन से हुई। 5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।


पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन

**विश्व पर्यावरण दिवस आज**

विश्व पर्यावरण दिवस 2026 जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित है, पृथ्वी द्वारा भेजे जा रहे गंभीर संकेतों और हमारे द्वारा दिए जाने वाले संकेतों पर वैश्विक अभियान हम सभी से इसमें शामिल होने, आगे बढ़ने और पहले से ही गतिशील दुनिया को दिशा देने का आह्वान करता है। आज के समय में हम विकास की दौड़ में इतने आगे निकल गए की हमने प्रकृति को ही अनदेखा कर दिया।

हम यह भूल गए की प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किए बिना लगातार उनके दोहन से हमारी धरती और जलवायु पर क्या प्रभाव पड़ेगा, बढ़ती जनसंख्या, औद्योगीकरण, वनों की अंधाधुंध कटाई करके बड़ी बड़ी इमारतें खड़ी करके हमने प्रकृति के अपने वास्तविक स्वरूप को परिवर्तित करके वायु, जलए भूमि प्रदूषण नामक संकट खड़े कर दिए है जो हमारे जीवन पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विपरीत प्रभाव डालते हैं।

आज सबसे ज़्यादा जरूरत है आम जानता को जागने की अपने अंदर एक सवाल पूछने की क्या हम अपने स्तर से पर्यावरण संरक्षण में पहल नहीं कर सकते, यदि पूछेंगे तो निशित रूप से जवाब आयेगा, हाँ क्योंकि अब पर्यावरण संरक्षण और प्रबंधन की आवश्यकता पहले से अधिक हो गई है तो आइए हम सभी मिलकर यह संकल्प करें कि हम पर्यावरण और प्रकृति के प्रति अपना कोई भी व्यवहार ऐसा नहीं करेंगे जिससे प्रकृति को नुकसान हो और अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनका संरक्षण भी करेंगे, साथ साथ लोगों को जागरूक भी करेंगे।


बैठक में मौजूद भाजपा नेता

# पीएम के बारह साल पूरे होने पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज में आत्मनिर्भर मण्डल की बैठक जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल पूर्ण होने पर 12 विश्वास के साथ जन कल्याण अभियान में नगर कायमगंज मण्डल प्रभारी अश्नील दिवाकर ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। नगर अध्यक्ष देवेन्द्र दुबे ने पीएम मोदी के कार्यों को बताया। इस मौके पर नगर महामंत्री अमर गुप्ता व सागर दुबे, बबिता वर्मा, अरुण सक्सेना, बृजेश वाल्मीकि, अंबुज गंगवार, सचिन मिश्रा, सियाराम कोरी, उत्तम कोरी, आरती कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आयकर एडिशनल कमिश्नर ने की राजस्व संग्रह बढ़ाने की अपील


आयकर कमिश्नर का स्वागत करते व्यापारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

टोबैको ट्रेड एसोसिएशन के तत्वाध्यान में राज्य कर विभाग द्वारा आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन सीपी गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ।

राज्य कर विभाग इटावा संभाग के ग्रेड-1 एडिशनल कमिश्नर एचपी राव दीक्षित ने संबंधित राज्य सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा व्यापारियों के समक्ष रखी एवं व्यापारियों राजस्व संग्रह बढ़ाने की अपील की। व्यापारियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों एवं उनकी समस्याओं का विस्तारपूर्वक जवाब दिया।

राज्य कर विभाग इटावा के ग्रेड 2 के एडिशनल कमिश्नर राकेश कुमार, फतेहगढ़ से डिप्टी कमिश्नर हिम्मत सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर अमित त्यागी, विनय त्रिपाठी, अशोक सिंह मंचासीन थे। पूर्व उपस्थित अधिकारियों को तंबाकू ट्रेड एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शाल उड़ाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, संजय अग्रवाल, मनोज गंगवार, संजीव अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, मनोज कौशल, पवन गुप्ता, संजय गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, अमित सेठ, सुधीर गुप्ता, धीरज अग्रवाल, जितेंद्र रस्तोगी, संगम शाक्य, अजय अग्रवाल, राजेश अग्निहोत्री, उमेश गुप्ता, सत्य नारायण वर्मा, रोहित गुप्ता, रसिक अग्रवाल, विनोद गंगवार, आलोक गुप्ता, प्रवीन यादव, राजीव गुप्ता, नफीस, विवेक बंसल, पंकज अग्रवाल, सोनू गंगवार, योगेंद्र सिंह, सुरेंद्र गुप्ता आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# एलएलबी के विद्यार्थियों को जिला कारागार का कराया गया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त आधिकारिक निर्देशों के अनुपालन में तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जनपद न्यायालय परिसर में जून के लिए समर इंटर्नशिप प्रोग्राम का संचालन किया जा रहा है। इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव बिंदिया भटनागर के नेतृत्व एवं कुशल समन्वय में विभिन्न मान्यता प्राप्त विधि विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के एलएलबी (3 वर्षीय/5 वर्षीय) एवं एलएल0एम0 पाठ्यक्रम के चयनित 18 छात्र-छात्राओं इंटर्न्स के दल द्वारा जिला कारागार का विस्तृत और व्यावहारिक विधिक भ्रमण संपन्न किया गया। भ्रमण सत्र में सचिव के साथ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ सुरेन्द्र राना तथा असिस्टेंट काउंसिल प्रशान्त गुप्ता भी सम्मिलित रहे।

भ्रमण के दौरान जिला कारागार के जेल अधीक्षक अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, उपकारापाल वैभव कुशवाहा, सरोज देवी तथा फार्मासिस्ट एवं अन्य कारागार कर्मचारीगण मौके पर उपस्थित मिले। जेल अधीक्षक एवं उपस्थित अधिकारीगण द्वारा विधि छात्रों को कारागार के नियमों, सुरक्षा मानकों तथा बंदियों की दैनिक दिनचर्या से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस इंटर्नशिप का मुख्य उद्देश्य विधि के छात्रों को विधिक सेवा संस्थानों की वास्तविक कार्यप्रणाली, जैसे लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, विधिक सहायता क्लिनिक, मध्यस्थता केंद्र, जिला न्यायालयों के क्रिमिनल कोर्ट्स तथा जिला कारागार के व्यावहारिक संचालन से रूबरू कराना है। जेल लीगल एड क्लिनिक एवं सिस्टम छात्रों ने जेल परिसर में स्थापित विधिक सहायता क्लिनिक का निरीक्षण किया। वहां कार्यरत पराविधिक स्वयंसेवकों से जाना कि किस प्रकार असहाय और निर्धन बंदियों की पहचान की जाती है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के माध्यम से बंदियों को मिलने वाली निःशुल्क पैरवी और जेल लोक अदालत की व्यावहारिक प्रक्रिया को गहराई से समझा।

विचाराधीन कैदियों के अधिकारः प्रशिक्षुओं ने बैरकों का भ्रमण कर विचाराधीन कैदियों और सजायाफ्ता बंदियों के कानूनी व संवैधानिक अधिकारों, बंदियों को मिलने वाले निशुल्क विधिक साहित्य तथा समय पर रिहाई व जमानत संबंधी विधिक प्रावधानों की जानकारी ली। चिकित्सीय सुविधाओं, महिला बैरक बंदियों का निरीक्षण किया।


निरीक्षण के दौरान मौजूद एलएलबी के छात्र-छात्रायें

# पृथ्वी हमारा घर, करें इसका संरक्षण: बीके शोभा बहन


पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते बीके बहनें व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुदर्शन भवन सवाईपुर हरदोई में चरित्र निर्माण आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन सवाईपुर नुमाइश में किया गया। गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण के रूप में मनाया गया। अध्यक्षता कर रही राजयोगिनी शोभा बहन ने कहा कि हमारी पृथ्वी हमारा घर है, जहां हम सब मनुष्य पशु पक्षी पौधे निवास करते हैं। पर्यावरण दिवस हर वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। शोभा बहन ने कहा इस दिवस को प्रदूषण मुक्त दिवस मनाया जाए। पर्यावरण के जरिए जलवायु परिवर्तन जैव विविधता में कमी आदि समस्याओं का निवारण के लिए आकर्षित करता है। हर साल इस दिवस को मानने पर पेड़ पौधों की सुरक्षा करना हमारा दायित्व बनता है। सवाईपुर संचालिका बीके पूनम बहन ने प्रदर्शनी का आध्यात्मिक रहस्य समझते हुए आत्मा परमात्मा और सृष्टि नाटक एक रंग मंच है। सबको तिलक फूलों से स्वागत किया गया। मैनपुरी से आए राज योगी बीके सत्येंद्र ने कहा हर एक व्यक्ति को कम से कम एक या दो पेड़ लगाने चाहिए, यदि सभी ऐसा करें तो पर्यावरण की जो विकराल समस्या है उसमें बहुत हद तक सुधार हो सकता है। संकल्प लें दो पेड़ जरूर लगाना है, पर्यावरण सुरक्षा जीवन रक्षा हम सभी का नारा है, पर्यावरण हमारा है, एक पेड़ लगाना है, सबका जीवन बचाना है। इस मौके पर रामजीत, रामकिशोर हुकुम सिंह, आसाराम, कुसमा, संतोष, अभिलेश, अनीता, अनुष्का, नेहा, नींन्नो, जूली, करिश्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सदर विधायक ने चांदपुर में यात्री प्रतीक्षालय का किया लोकार्पण


लोकार्पण के दौरान मौजूद सदर विधायक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने गुरुवार को कादरीगेट क्षेत्र के पांचाल घाट जाने वाले मार्ग चांदपुर प्राथमिक विद्यालय के पास यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण किया। स्वर्गधाम जाने वाले लोगों का शव रखकर वहां रुककर कुछ पिंडदान किया जाता है। यात्रियों को बैठने में असुविधा होती थी। जिसको देखते हुए विधायक निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण किया गया। अब वहां स्वर्गधाम जाने वाले लोग भी रास्ते में रुककर बैठक सकेंगे। चिलचिलाती धूप में आने जाने वाले राहगीर व सवारियां भी रुक सकेंगी। प्रतीक्षालय बनने से स्थानीय लोगों का फायदा हुआ है, वह भी वहां बैठकर आने-जाने वाली बसों का सफर कर सकेंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु पाप स्मीयर जांच शिविर आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं सर्वाइकल कैंसर की शीघ्र पहचान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजपूत रेजिमेंटल सेंटर फतेहगढ़ में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में पाप स्मीयर जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान सर्वाइकल कैंसर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना तथा रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान सुनिश्चित करना था।

शिविर के दौरान महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षणों, बचाव के उपायों एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉ0 नमिता दास, दास नर्सिंग होम फतेहगढ़ द्वारा चिकित्सकीय सहयोग प्रदान किया गया।

उनके मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पाप स्मीयर जांच कराई तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया। इस पहल को प्रतिभागियों द्वारा अत्यंत सराहा गया। शिविर में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जो उनके स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाती है। राजपूत रेजिमेंटल सेंटर अपने सैनिक परिवारों के कल्याण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता एवं निवारक स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।


शिविर में मौजूद सैन्य अधिकारी आदि

# दबंगों से तालाब को कब्जा मुक्त कराने की ग्रामीणों ने डीएम से की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दबंगों द्वारा तालाब पर कब्जा कर लेने व नालियों के पानी का बहाव खेतों में कर देने के मामले में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र एसडीएम को सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

थाना जहानगंज के ग्राम नगला हरिदास मौझा झसी के ग्रामीणों ने गुरुवार को दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि खाता संख्या 01193 की गाटा संख्या 1181 रकवा-0.0610हे0 राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। वर्तमान में तालाब पूर्ण रुप से खुदा नहीं था, जिस कारण नगला हरिदास की गांव की समस्त नालियों का पानी सड़क व रास्ते पर बहता था। तालाब पर गांव के दबंग व्यक्ति रमेश कश्यप पुत्र मटरुलाल, उमेश पुत्र खुशीराम आदि लोगों ने कब्जा कर रखा है। यह सभी अपराधिक प्रवृत्ति के बताये गये है। ग्रामीणों का आरोप है कि उमेश कश्यप व उसके परिजनों पर पूर्व में हत्या का मुकदमा चल चुका है। इनका भय इतना है कि कोई खुलकर विरोध नहीं करता। गांव वालों ने कई बार तालाब को खुदवाने व कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जब भी राजस्व टीम गयी तो लोग झगड़ा फसाद करने लगे। जिससे तालाब की खुदाई नहीं हो सकी। अब जब भी राजस्व टीम कब्जा मुक्त कराने तालाब जाये तो भारी पुलिस बल तैनात किया जाये, जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जो भी शिकायतें की गई उनका फर्जी निस्तारण कर दिया गया। नालियों का पानी खेतों में जाने से फसल बर्बाद हो रही है, इसलिए तालाब को कब्जा मुक्त कराकर खुलवाया जाये, जिससे पानी उसमें जा सके। शिकायत करने वालों में संजीव कुमार, गुनू तिवारी, राजेश, मुकेश पाल, सोभेश कुमार, वीरेन्द्र कुमार, विकास, रामसेवक, अशोक तिवारी, अमर सिंह, बेंचेलाल, अनुज पाल आदि के नाम शामिल है।


शिकायत करने के बाद जानकारी देते ग्रामीण

# राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा ने शंकराचार्य का फूल मालाओं से किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद अवस्थी के निर्देश पर संगठन के जिला अध्यक्ष अमन दुबे के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने लाल दरवाजा में ज्योतिष पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का 11 किलो फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं संगठन के सदस्यों ने शंकराचार्य महाराज का अभिनंदन किया। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गौ संरक्षण और सनातन संस्कृति के संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाए तथा समाज के सभी वर्ग इस विषय पर एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि समाज को गौ एवं ब्राह्मण संरक्षण के मुद्दों पर संगठित होकर जागरूकता फैलानी चाहिए।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए ऐसे जनप्रतिनिधियों का समर्थन करें जो गौ संरक्षण और सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता रखते हों। कार्यक्रम में राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वागत समारोह के दौरान पूरे परिसर में धार्मिक एवं सामाजिक उत्साह का माहौल बना रहा।


शंकराचार्य का स्वागत करते लोग

# भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

**प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।**

भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के विरोध में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के नेतृत्व में किसानों ने प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जताई। प्रदर्शन के बाद किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी गोला गोकर्णनाथ को सौंपते हुए प्रस्तावित समझौते को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की। भाकियू (चढूनी) के जिलाध्यक्ष बलकार सिंह उर्फ बब्बू के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील देश की कृषि व्यवस्था, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, छोटे व्यापारियों, रोजगार और आत्मनिर्भरता के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकती है। किसानों का कहना है कि भारत की कृषि व्यवस्था मुख्य रूप से छोटे और सीमांत किसानों पर आधारित है, जबकि अमेरिका में बड़े स्तर पर व्यावसायिक खेती की जाती है और वहां के किसानों को भारी सरकारी सहायता एवं सब्सिडी प्राप्त होती है। ऐसे में दोनों देशों के बीच किसी भी प्रकार का मुक्त व्यापार समझौता भारतीय किसानों के लिए असमान प्रतिस्पर्धा की स्थिति पैदा करेगा।



किसान नेताओं ने कहा कि यदि यह समझौता लागू होता है तो अमेरिकी कृषि उत्पादों की भारतीय बाजार में पहुंच बढ़ेगी, जिससे देश के किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिलने में कठिनाई हो सकती है। इसका सीधा असर किसानों की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कृषि केवल उत्पादन का विषय नहीं है, बल्कि यह देश की खाद्य सुरक्षा और करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़ा हुआ मामला है। इसलिए इस तरह के महत्वपूर्ण निर्णय जनता और संबंधित पक्षों की व्यापक सहमति के बिना नहीं लिए जाने चाहिए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 4 जून को हरियाणा सहित देश के विभिन्न हिस्सों में किसान, मजदूर, छात्र-युवा, महिला और सामाजिक संगठनों द्वारा प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन किए गए हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार को किसानों और आम जनता की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए इस समझौते पर पुनर्विचार करना चाहिए।

किसानों ने केंद्र सरकार से मांग की कि भारत-अमेरिका प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए तथा किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार देशवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी।

## चकमार्ग विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष कई घायल, दोनों ओर से मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया खीरी।** थाना क्षेत्र के गांव नगरा में चकमार्ग जोतने के विवाद ने बुधवार को हिंसक रूप ले लिया। शिकायत करने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता बबलू ने आरोप लगाया कि गांव के इरफान, सद्दाम, जीशान, स्इमिल, इस्लाम, परवेज और सहवेज उसके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में हरिशचंद्र के हाथ में चोट आई, जबकि फूलचंद्र का सिर फट गया और उसकी एक अंगुली टूट गई। इसके अलावा बबलू, महेश कुमार, अमित और रविकाश भी घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से इरफान ने भी पुलिस को तहरीर देकर पांच लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। इरफान के मुताबिक, उसका भाई सद्दाम खेत पर गया था, जहां महेश, हरिशचंद्र, बुद्धा, रविकाश और अमित ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों के साथ भी मारपीट की गई।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## 7 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म का आरोपी फूफा गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, मोहम्मदी, खीरी।** थाना मोहम्मदी क्षेत्र में सात वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, दो जून को सात वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना की शिकायत पर थाना मोहम्मदी में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि आरोपी पीड़िता का फूफा है। मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। गुरुवार को मोहम्मदी पुलिस ने आरोपी को शंकरपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुमित विश्वकर्मा (33) पुत्र सुरेंद्र विश्वकर्मा निवासी कस्बा सिंधौली, थाना सिंधौली, जनपद शाहजहांपुर तथा वर्तमान निवासी मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा, कस्बा एवं थाना मोहम्मदी के रूप में हुई है।

## खबरें एक नजर में

### ऐरा-अम्बरपुर तटबंध के स्पर पुनरोद्धार कार्य का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर-खीरी।** जनपद में बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा न्यूनीकरण हेतु शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन पूर्णतः संवेदनशील है। इसी क्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने गुरुवार दोपहर शारदानगर बाढ़ खंड के अंतर्गत ऐरा पुल से अम्बरपुर तटबंध के किमी 2.600 पर क्रियान्वित किए जा रहे स्पर पुनरोद्धार कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने परियोजना की अद्यतन वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की। ?393.58 लाख (अनुबंधित लागत 336.00 लाख) की इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रगति का आंकलन करते हुए आसन्न मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए कार्य की गति को और तीव्र करने के कड़े निर्देश निर्गत किए। मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने डीएम को अवगत कराया कि उक्त परियोजना के अंतर्गत 165.00 मीटर की निर्धारित लंबाई में स्पर के पुनरोद्धार का कार्य प्रगति पर है, जिसका लगभग 60 प्रतिशत भाग पूर्ण कराया जा चुका है। परियोजना के तकनीकी प्राविधानों के अनुसार, स्पर के अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम दोनों ओर मिर्ज़ापुर स्टोन बोल्डर को जीआई वायर क्रेट में भरकर स्लोप पिचिंग तथा लॉन्चिंग एप्रन डालने का कार्य किया जा रहा है। डीएम ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु स्टोन बोल्डर तथा वायर क्रेट के नमूनों का सूक्ष्म तकनीकी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में मानक एवं गुणवत्ता के प्रति किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित कार्यदायी फर्म और बाढ़खंड के उत्तरदायी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून जनित जलभराव अथवा नदी के जलस्तर में वृद्धि से पूर्व, अवशेष 40 प्रतिशत कार्य को युद्धस्तर पर पूर्ण किया जाए।

### खरिहटखुर्द में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए कार्यों पर भ्रष्टाचार का आरोप, जांच की मांग

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मीरजापुर।** विकास खण्ड हलिया के ग्राम पंचायत खरिहटखुर्द में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य सीमा सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को मुख्यमंत्री पोर्टल किये गए शिकायत में आरोप लगाया है कि खरिहटखुर्द क्षेत्र पंचायत के देवदहा पोखरे के पास क्षेत्र पंचायत निधि से एक तालाब पर बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया गया है। साथ ही दो अन्य स्थानों . डर्मा डोला ;यादव के घर के पासद्ध और इंटर कॉलेज रोड पर भी निर्माण कार्य हुए हैं। उनका आरोप है कि इन कार्यों पर क्षेत्र पंचायत की ओर से कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गयाए जिससे कार्यों की पारदर्शिता प्रभावित हुई। साथ ही ठेकेदार और ग्राम प्रधान द्वारा कार्यों में गुणवत्ता को लेकर भी अनियमितता की गई है। सीमा सिंह के अनुसारए इस संबंध में 1 मई 2026 को खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर अवगत कराया गया थाए लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि इससे ठेकेदार और ग्राम प्रधान के हौसले बढ़ रहे हैं और क्षेत्र पंचायत की छवि धूमिल हो रही है। पत्र में उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि खंड विकास अधिकारी द्वारा कराए गए कार्यों की जांच कराकर दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं।

### बाइक के धक्के से युवक गंभीर रूप से घायल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के हरसड़ गांव में बुधवार की रात्रि में बाइक के धक्के से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है थाना क्षेत्र के हरसड़ गांव निवासी 35 वर्षीय विनोद कुमार दुबे उर्फ़ शेरा गांव से वापस लौट रहे थे की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के हरसड़ गांव में पहुँचे की तेजगति से आ रहे बाइक सवार ने युवक को धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## गलत नाम का चेक देकर 45 हजार के भुगतान से मुकरने का आरोप

**90 हजार की मजदूरी के लिए भटक रहा राजगीर**

**पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)।** मेहनत की कमाई पाने के लिए एक राजगीर पिछले कई महीनों से संघर्ष कर रहा है। आरोप है कि मकान निर्माण कार्य पूरा करने के बाद भी उसकी बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। भुगतान के नाम पर दिया गया 45 हजार रुपये का चेक भी गलत नाम से जारी कर दिया गया, जिससे उसका भुगतान नहीं हो सका। पीड़ित का कहना है कि पुलिस से शिकायत और खीरी पुलिस के आधिकारिक ञ्च हैंडल पर गुहार लगाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मोहल्ला रंगरेजान-1 निवासी विवेक गुप्ता ने कोतवाली पलिया कलां में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने कस्बे के एक व्यक्ति के मकान का निर्माण कार्य राजगीर मिस्त्री के रूप में किया था। मजदूरी भुगतान को लेकर विवाद होने पर दोनों पक्षों के बीच सार्वजनिक रूप से समझौता हुआ था। शिकायत के अनुसार, हिसाब-किताब में लगभग 1.75 लाख रुपये की देनदारी सामने आई थी। बाद में शेष कार्य को देखते हुए कटौती कर करीब 90 हजार रुपये भुगतान योग्य तय हुए। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी ने 45 हजार रुपये का चेक दिया, लेकिन चेक पर उसका नाम 'विवेक गुप्ता' की जगह 'विवेक महाजन' लिख दिया गया। नाम गलत होने के कारण बैंक में चेक का भुगतान नहीं हो सका। विवेक का कहना है कि जब उसने सही नाम से नया चेक देने को कहा तो विपक्षी ने इससे इंकार कर दिया और यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उसका कोई पैसा बाकी नहीं है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि कई बार भुगतान की मांग करने पर उसे अपशब्द कहे गए और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। उसका कहना है कि मजदूरी की रकम फंसी होने से वह अपने परिवार का भरण-पोषण करने के साथ-साथ अपने सहयोगियों का भुगतान भी नहीं कर पा रहा है। इससे वह आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है। विवेक गुप्ता के अनुसार, उसने 30 अप्रैल 2026 को कोतवाली पलिया कलां में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो उसने खीरी पुलिस के आधिकारिक ञ्च हैंडल पर भी शिकायत दर्ज कराई। इस पर पुलिस की ओर से जवाब दिया गया कि 'प्रकरण के संबंध में थानाध्यक्ष पलिया को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है।' इसके बावजूद, शिकायतकर्ता का आरोप है कि एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मामले में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है।



## 9 से अधिक चोरी की वारदातों का खुलासा शातिर चोर समेत तीन गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** ईसानगर पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात और 69 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार मुख्य आरोपी सुनील यादव के खिलाफ ईसानगर, खमरिया और धौरहरा थानों में चोरी के नौ से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा वह दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के एक मामले में भी आरोपी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी धौरहरा के पर्यवेक्षण में चलाए गए अभियान के दौरान ईसानगर थाना पुलिस ने गुरुवार को ग्राम सिरसी क्षेत्र से वांछित आरोपी सुनील यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पुलिस को चोरी के माल के संबंध में अहम जानकारी मिली, जिसके आधार पर चोरी का सामान खरीदने और छिपाने के आरोप में मोनिस और हर्षित रस्तोगी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## आंधी-तूफान से गिरे तीन बिजली के पोल

### सोनगढ़ा के मुख्य मार्ग पर अंधेरा ग्रामीणों ने बहाली की मांग की

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मीरजापुर।** विकास खण्ड हलिया के ग्राम पंचायत सोनगढ़ा के मुख्य मार्ग विरदियापट्टी पर 13 मई 2026 को आए तेज आंधी.तूफान में तीन बिजली के पोल गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप है और ग्रामीणों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।गांव निवासी दिनेश कुमार ने गुरुवार को उपखंड अधिकारी विद्युतए हलिया को पत्र लिखकर तत्काल पोल लगवाकर बिजली बहाल करने की मांग की है। पत्र में बताया गया कि पोल गिरने से देवारामए रामसहोदए रामधनीए नंदीए शिवपूजनए ओमए खुबलेशए संतोषए धनलाल सहित कई ग्रामीणों के घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है।ग्रामीणों का कहना है कि तेज गर्मी और पेयजल संकट के बीच बिजली न होने से दैनिक जीवन अस्त.व्यस्त हो गया है। बच्चों की पढ़ाई और जरूरी घरेलू काम भी प्रभावित हो रहे हैं।पत्र में ग्रामीणों ने शासन से अनुरोध किया है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द नए पोल लगाकर बिजली आपूर्ति सुचारू कराई जाएए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### जुआ खेलते चार गिरफ्तार 3,030 रुपये नकद और ताश की गड्डी बरामद

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।** अपराध एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निघासन पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से कुल 3,030 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी निघासन के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक निघासन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को यह कार्रवाई की।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे हैं।

## नीट अभ्यर्थी की मौत पर हसनपुर कटौली पहुंचे सांसद संजय सिंह

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर (खीरी)।**

नीट अभ्यर्थी रितिक मिश्रा की आत्महत्या के मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह पीड़ित परिवार से मिलने हसनपुर कटौली गांव पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और कहा कि एक प्रतिभाशाली छात्र का इस तरह दुनिया छोड़ जाना बेहद दुखद और चिंताजनक है।

सांसद संजय सिंह ने कहा कि रितिक मिश्रा डॉक्टर बनने का सपना लेकर लंबे समय से मेहनत कर रहा था। परिवार और क्षेत्र के लोगों को उससे बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन परीक्षा को लेकर बनी अनिश्चितता और मानसिक तनाव ने एक होनहार छात्र की जान ले ली। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ी परीक्षाओं में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब किसी परीक्षा को लेकर बार-बार विवाद, चर्चाएं या असमंजस की स्थिति बनती है तो इसका सीधा असर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में अभ्यर्थी असुरक्षा और तनाव महसूस करते हैं। सरकार को ऐसी व्यवस्था विकसित करनी चाहिए, जिससे छात्रों को किसी प्रकार की अनिश्चितता का सामना न करना पड़े। जानकारी के अनुसार ईसानगर थाना क्षेत्र के हसनपुर कटौली गांव निवासी रितिक मिश्रा लखीमपुर शहर के नौरंगाबाद स्थित गंगोत्री नगर में रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। परिजनों का कहना है कि परीक्षा को लेकर चल रही चर्चाओं और पुनः परीक्षा की आशंकाओं से वह काफी तनाव में था। बाद में उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला था। संजय सिंह ने परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।



## महुली वृद्धाश्रम में 'मेरा युवा भारत' के तत्वावधान में सेवा कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

मेरा युवा भारत एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को महुली स्थित वृद्धाश्रम में फल एवं जूस वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने वृद्धजनों के बीच पहुंचकर उनका हालचाल जाना और उनके साथ समय बिताकर सम्मान, सेवा एवं मानवता का संदेश दिया।श्याम नारायण पटेल ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनकी सेवा करना हर व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। युवाओं को ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ समय बिताना आत्मिक सुख की अनुभूति कराता है। समाज में सेवा और सम्मान की भावना को मजबूत करने के लिए युवाओं को लगातार आगे आना चाहिए।इस दौरान सभासद महुली दीपक कुमार उमरवैश्य, शुभम उमरवैश्य, अंबिका प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।



### सक्रिय गैंग लीडर मस्सन की सात लाख रुपए की अवैध चल संपत्ति कुर्क

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक पाण्डेय द्वारा अभियुक्त मस्सन द्वारा अपराध से अर्जित अवैध आय से खरीदी गई चल संपत्ति हुंडई क्रेटा डीजल कार अनुमानित मूल्य 7,00,000) को कुर्क करने का आदेश पारित किया गया।उक्त आदेश के अनुपालन में थानाध्यक्ष कोतवाली देहात उ0नि0 पुष्पराज सिंह मय हमराह द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए वाहन को धारा 14(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कुर्क किया गया। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त मस्सन एक सक्रिय गैंग लीडर एवं शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, लूट, बलवा, सरकारी कार्य में बाधा, आर्म्स एक्ट, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम एवं गैंगस्टर एक्ट सहित कुल 12 गंभीर आपराधिक अभियोग पंजीकृत हैं।

## पेड़ से लटका मिला तीन बेटों की मां का शव

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** दक्षिणी चौक रेंज के नाथनगर बीट स्थित जंगल में गुरुवार को एक विवाहिता का शव जामुन के पेड़ से लटका मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार चौक थाना क्षेत्र के धरमौली ग्राम सभा के डुमरभार टोला निवासी फूलमती (35) गुरुवार सुबह घर से बिना किसी को बताए निकल गई थीं। परिजनों के मुताबिक घरेलू विवाद को लेकर वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थीं। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। इसी दौरान जंगल की ओर गए कुछ ग्रामीणों की नजर नाथनगर बीट के जंगल में एक जामुन के पेड़ से पीले रंग के दुपट्टे के सहारे लटक रहे महिला के शव पर पड़ी। शव दिखाई देते ही इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही चौक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। विशेषज्ञों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधिकारियों ने आसपास के क्षेत्र की भी जांच-पड़ताल की और लोगों से पूछताछ की। जंगल में महिला का शव मिलने की सूचना जब परिजनों तक पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान फूलमती के रूप में की। मां का शव देखते ही उसके तीनों बेटे–उपेंद्र, गोविंद और अरविंद फूट-फूटकर रो पड़े। बच्चों की दर्दनाक चीख-पुकार सुनकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

## 'मैं जिंदा हूं साहब, फिर कागजों में मृत कैसे?'

**न्याय की आस में तख्ती लटकाकर तहसील पहुंचा बुजुर्ग, लौटा निराश**

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** जिले की तहसील में बुधवार को एक मार्मिक और हैरान कर देने वाला दृश्य देखने को मिला। बृजमनगंज क्षेत्र के गुजरौलिया गांव निवासी एक बुजुर्ग गले में 'मैं जिंदा हूं साहब' लिखी तख्ती लटकाकर तहसील परिसर पहुंचे। उन्हें इस हालत में देखकर वहां मौजूद लोग ठिठक गए और उनकी पीड़ा जानने के लिए उनके आसपास जुट गए। बुजुर्ग विरजा पुत्र मुन्नू का आरोप है कि राजस्व अभिलेखों (खतौनी) में उन्हें मृत दर्शा दिया गया है, जिसके चलते उनकी पैतृक संपत्ति पर दूसरे लोगों ने कब्जा कर लिया है। उनका कहना है कि वह पूरी तरह जीवित हैं, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में मृत घोषित किए जाने के कारण उन्हें अपनी ही जमीन के अधिकार से वंचित होना पड़ रहा है। विरजा ने बताया कि अपनी समस्या के समाधान के लिए वह पिछले कई वर्षों से तहसील और अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने 2 मार्च 2021, 15 जुलाई 2023 और 19 अक्टूबर 2024 को आयोजित तहसील दिवस में भी शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। इसके बावजूद अब तक उनकी शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई और न ही उन्हें राहत मिल सकी। निराशा और बेबसी के बीच बुजुर्ग ने अपनी आवाज अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। गले में 'मैं जिंदा हूं साहब' लिखी तख्ती पहनकर वह तहसील पहुंचे, ताकि उनकी समस्या पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित हो सके। हालांकि बुधवार को तहसील पहुंचने पर उन्हें पता चला कि अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण अधिकांश कार्य प्रभावित हैं और उनकी सुनवाई नहीं हो सकेगी। यह सुनकर बुजुर्ग एक बार फिर मायूस होकर लौट गए। उनकी आंखों में न्याय की उम्मीद तो दिखी, लेकिन वर्षों से चली आ रही प्रशासनिक उदासीनता का दर्द भी साफ झलक रहा था। यह मामला न केवल राजस्व अभिलेखों की गंभीर त्रुटियों की ओर इशारा करता है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करता है कि आखिर एक जीवित व्यक्ति को अपने अस्तित्व का प्रमाण देने के लिए कब तक सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ेंगे।




## 26 दिनों से ठप पड़ी फरेंदा तहसील: रजिस्ट्री बंद, करोड़ों का राजस्व नुकसान

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** फरेंदा तहसील में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) शैलेंद्र गौतम के स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन लगातार 26वें दिन भी जारी रहा। लंबे समय से चल रहे इस धरना-प्रदर्शन और न्यायिक कार्यों के बहिष्कार के कारण तहसील का समूचा प्रशासनिक तंत्र प्रभावित हो गया है। सबसे अधिक असर भूमि और संपत्ति की रजिस्ट्रियों पर पड़ा है, जो पिछले लगभग चार सप्ताह से पूरी तरह बंद हैं। इसके चलते सरकार को स्टाम्प शुल्क एवं पंजीकरण शुल्क के रूप में करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।



**प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल**

**आम जनता की बढ़ी परेशानी, रोज लौट रहे फरियादी**

धरने के चलते तहसील में आने वाले सैकड़ों लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। भूमि विवाद, नामांतरण, विरासत, दाखिल-खारिज और अन्य राजस्व संबंधी मामलों का निस्तारण प्रभावित हो गया है। दूर-दराज के गांवों से आने वाले किसान, व्यापारी और आम नागरिक कई दिनों से तहसील के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सैनी और महामंत्री सतीश चंद्र दुबे का आरोप है कि वर्तमान एसडीएम के कार्यकाल में प्रशासनिक कार्यप्रणाली पूरी तरह अव्यवस्थित हो गई है। उनका कहना है कि फाइलों का मनमाने ढंग से निस्तारण एवं खारिज किए जाने से अधिवक्ताओं के साथ-साथ आम जनता को भी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक एसडीएम का स्थानांतरण नहीं किया जाता, तब तक अधिवक्ताओं का धरना और न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा।

**रजिस्ट्री बंद होने से राजस्व पर भारी चोट**

तहसील में भूमि एवं संपत्ति की रजिस्ट्रियां पूरी तरह ठप होने से सरकारी खजाने को बड़ा झटका लगा है। उपनिबंधन कार्यालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार इस समय कृषि भूमि खाली होने के कारण खरीद-बिक्री और रजिस्ट्री का कार्य सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक रहता है। अनुमान है कि प्रतिदिन औसतन 25 से 30 रजिस्ट्रियां हो सकती थीं।